माघ शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 10 फरवरी 2024
वर्ष 3, अंक 358, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

गामा किरण की गुत्थी सुलझाएगा आदित्य एल-1 14

मां ने मुझे थिएटर जाने को किया प्रोत्साहित 13

# चौ. चरण सिंह, नरसिम्हा राव और एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और देश में हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' (मरणोपरांत) से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को खुद 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए यह ऐलान करते हुए तीनों के योगदान की सराहना की। इस साल अब तक पांच लोगों को भारत रत्न देने की घोषणा हुई है, जो अब तक की सर्वाधिक संख्या है।

इससे पहले वर्ष 1999 में एक बार में चार लोगों को भारत रत्न दिया गया था। कुछ दिनों पहले ही सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के लिए भारत रत्न की घोषणा की थी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट नेता और 1979-80 में प्रधानमंत्री रहे चौ. चरण सिंह ऐसे समय में कांग्रेस विरोधी राजनीति के धुरी के रूप में उभरे थे, जब देशभर में उसका वर्चस्व था। वहीं कांग्रेस नेता राव 1991-96 तक देश के प्रधानमंत्री रहे और उन्हें आर्थिक सुधारों के लिए जाना जाता है, जबकि डॉ. स्वामीनाथन दुनिया के ख्याति लब्ध कृषि वैज्ञानिक थे। मोदी ने एक पोस्ट में कहा, 'हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने कहा, 'एक प्रतिष्ठित विद्वान और राजनेता के रूप में नरसिम्हा राव ने विभिन्न पदों पर रहते हुए व्यापक सेवा की।' उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत को आर्थिक रूप से उन्नत बनाने, देश की समृद्धि और विकास के लिए एक ठोस नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से नवाजे जाने की घोषणा की। सरकार कृषि और किसान कल्याण में उनके योगदान के लिए भारत रत्न दे रही है।



**2024**
**में अब तक पांच नामों की हुई घोषणा**
**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया ऐलान**

### अब तक 53 लोगों को सम्मान

करीब 68 साल पहले शुरू हुए इस सर्वोच्च सम्मान से अब तक 53 हस्तियों को सम्मानित किया जा चुका है। पहली बार साल 1954 में आजाद भारत के पहले गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राज गोपालाचारी, वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकटरमन और सर्वपल्ली राधाकृष्णन को दिया गया था।

### कांशीराम को भी भारत रत्न मिले

बसपा प्रमुख मायावती ने एक बार फिर पार्टी संस्थापक कांशीराम को भी भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग उठाई है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भाजपा सरकार द्वारा जिन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया है, उसका स्वागत है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को लंबे इंतजार के बाद भारतरत्न से सम्मानित किया। दलित और उपेक्षितों के मसीहा कांशीराम का इनके हितों में किया संघर्ष कम नहीं।

### कांग्रेस ने केंद्र सरकार के फैसले का किया स्वागत

कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह तथा कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को 'भारत रत्न' दिए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए शुक्रवार को कहा कि ये तीनों 'भारत के रत्न' थे, हैं और सदैव रहेंगे। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने नरसिम्हा राव को 'भारत रत्न' देने की घोषणा के बारे में पूछे जाने पर संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, 'मैं इसका स्वागत करती हूं। क्यों नहीं?'' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, 'कांग्रेस की ओर से हम पीवी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और एम एस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हैं।

## एक नजर

### नौकरी के बदले जमीन मामले में राबड़ी, हेमा और मीसा को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में शुक्रवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती तथा हेमा यादव को 28 फरवरी तक अंतरिम जमानत दी। विशेष न्यायमूर्ति विशाल गोगने ने ईडी के उस दावे के बाद तीनों आरोपियों को जमानत दे दी कि उसे उनकी नियमित जमानत याचिका पर दलीलें दाखिल करने के लिए समय चाहिए। ईडी द्वारा दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के बाद मामले में अदालत द्वारा जारी समन के अनुपालन में आरोपी अदालत में पेश हुए। अदालत ने ईडी से पूछा कि उसे आरोपियों की हिरासत की जरूरम क्यों, जबकि उसने अपनी जांच के दौरान उन्हें गिरफ्तार नहीं किया था।

**बलवे में पांच लोगों की गई जान, 6000 अज्ञात लोगों पर एफआईआर, कहा- जिन घरों से पत्थरबाजी हुई है उनकी वैधता की भी होगी जांच**

# हल्द्वानी पहुंचे सीएम बोले- देवभूमि को बदनाम करने वालों को बख्शेंगे नहीं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ घायलों की हरसंभव मदद करने के लिए मुख्यमंत्री ने दिए आदेश

▸▸ दंगा भड़काने के आरोप में 19 नामजद 4 लोगों को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा स्थित मलिक के बगीचे में नजूल भूमि पर किए गए अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण पर हुए बवाल के बाद भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच शुक्रवार को हालात काबू में रहे। शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हल्द्वानी पहुंचे और घटना का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस-प्रशासन को उपद्रवियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उनसे पूर्व मुख्य सचिव राधा रतूड़ी व पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने भी शहर में पहुंच कर स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की। प्रशासन ने आधिकारिक रूप से बलवे में अब तक 5 लोगों के मरने की पुष्टि की है। शहर में कर्फ्यू जारी है। दंगा भड़काने के आरोप में 19 लोगों को नामजद करते हुए 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा कुल 6000 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज की है।

बीते गुरुवार की सायं नगर निगम, प्रशासन की संयुक्त टीम मलिक के बगीचे में नजूल भूमि पर बने अवैध तरीके से बने धार्मिक स्थलों को ध्वस्त करने पहुंची थी। इस दौरान उपद्रवियों की भीड़ ने पुलिस, प्रशासन, नगर निगम की संयुक्त टीम पर पथराव शुरू कर दिया। उपद्रवियों ने आगजनी की और बनभूलपुरा थाना फूंक दिया था। पीएसी और अर्द्धसैनिक बल को भी बुला लिया गया और पूरे हल्द्वानी शहर में कर्फ्यू लागू कर दिया था।

हल्द्वानी कोतवाली में घायल पुलिसकर्मियों का हालचाल पूछते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

बनभूलपुरा में हालात काबू में रहे और पुलिस बल तैनात रहा। देर शाम मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हल्द्वानी पहुंचे। उन्होंने कोतवाली पहुंच कर घायल पुलिसकर्मियों व पत्रकारों का हालचाल जाना। उन्होंने कहा कि घायलों की हरसंभव मदद की जाएगी। देवभूमि का नाम देश-दुनिया में बदनाम करने वाले उपद्रवियों को बख्शा नहीं जाएगा। वीडियो, फोटो से उपद्रवियों को चिन्हित किया जाएगा और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। उपद्रव करने वाले बच्चे, महिला, बुजुर्ग, युवा जो भी होगा उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा जिन घरों से पत्थर आए हैं उनकी वैधता की भी जांच होगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो इसलिए उपद्रवियों पर शिकंजा कसा जाएगा।

### मीडियाकर्मी से जाना हाल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नैनीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती अमृत विचार के छायाकार संजय कनेरा से भी मिलने पहुंचे। उन्होंने कनेरा का हालचाल जाना और कहा कि उनका उच्चस्तरीय इलाज करवाया जाएगा। बता दें कि संजय कनेरा भी कवरेज के दौरान उपद्रवियों ने उन पर हमला कर दिया। उनका कैमरा, मोबाइल, पर्स, अंगूठी लूट ली और धारदार हथियार से घायल कर दिया था। वह पहले बेस अस्पताल में भर्ती थे, जहां उनकी हालत को देखते हुए निजी अस्पताल ले जाया गया है।

## मौलाना तौकीर के भड़काऊ बयान, भीड़ ने की तोड़फोड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा की जेल भरो की अपील पर शुक्रवार को भारी तनाव के माहौल में हजारों की भीड़ इकट्ठी हुई। पुलिस-प्रशासन ने मौलाना और उनके समर्थकों को सामूहिक गिरफ्तारी देने के लिए इस्लामिया ग्राउंड तो नहीं पहुंचने दिया, लेकिन उनके भड़काऊ बयानों के कारण प्रदर्शन के बाद लौटती भीड़ ने शहामतगंज में जमकर तोड़फोड़ और पथराव करने के साथ दो लोगों को पीट दिया। पुलिस ने डंडे चलाकर भीड़ को खदेड़ा। इस बीच मौलाना के आह्वान पर मुस्लिम बहुल इलाकों में बाजार पूरी तरह बंद रहा। बवाल की आशंका देखते हुए दोपहर 12 बजे सभी स्कूलों की भी छुट्टी करा दी गई।

ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति दिए जाने और मस्जिद-मदरसों को तोड़ने का आरोप लगाते हुए मौलाना तौकीर घोषित कार्यक्रम के तहत दोपहर सवा बजे मौलाना तौकीर आला हजरत दरगाह की करोलान मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करने पहुंचे। इस बीच शहर में चौतरफा सुरक्षा इंतजामों के बावजूद उनके हजारों समर्थकों की भीड़ इकट्ठी हो चुकी थी। नमाज के बाद मौलाना समर्थकों के साथ रास्ते में लगा बैरियर तोड़ते हुए इस्लामिया ग्राउंड की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। करीब 15 मिनट बाद मौलाना तौकीर समर्थकों के साथ यहीं से लौट गए। डीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि मौलाना तौकीर और उनके समर्थकों को समझाकर रास्ते से ही लौटा दिया गया। किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

समर्थकों के साथ गिरफ्तारी देने जा रहे मौलाना तौकीर रजा को पुलिस ने रास्ते में ही रोक दिया। ● अमृत विचार

## भाजपा के साथ जाएंगे जयंत बोले- किस मुंह से इंकार करूं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ रालोद प्रमुख ने चौ. चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर कहा- 'दिल जीत लिया'

**अमृत विचारः** पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह को भारत रत्न मिलने के साथ ही भाजपा-रालोद के बीच लोकसभा चुनाव में गठबंधन पर भी मुहर लग गई है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए भाजपा के साथ समझौता करने की भी पुष्टि की है। जयंत ने गठबंधन को लेकर कहा, 'क्या अब भी कोई कसर रहती है। आज मैं किस मुंह से इनकार करूं।' जयंत ने प्रधानमंत्री के संदेश पर लिखा भी, 'दिल जीत लिया।'

जयंत ने साफ तौर पर कहा कि पिता चौ. अजित सिंह का भी सपना आज पूरा हुआ। यह भावुक और यादगार पल है, पीढ़ियों तक याद रहेगा। ऐसे में संकेत यह मिले हैं कि चौ. अजित सिंह के जन्मदिवस 12 फरवरी को रालोद के राजग में शामिल होने की घोषणा हो जाए। इस बीच लोकसभा चुनाव में यूपी की सीटों पर भी समझौता फाइनल माना जा रहा है। भाजपा नेतृत्व ने जयंत चौधरी के सामने बागपत और बिजनौर लोकसभा सीट का प्रस्ताव रखा है। वहीं केंद्र में सरकार बनने पर मंत्री पद का भी प्रस्ताव रखा गया है।

## जम्मू-कश्मीरः निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण का रास्ता साफ

▸▸ जम्मू-कश्मीर से संबंधित तीन महत्वपूर्ण विधेयकों को संसद की मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** संसद ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर से संबंधित तीन विधेयकों मंजूरी दे दी, जिनमें केंद्र शासित प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देने और वाल्मीकि समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने के प्रावधान शामिल हैं। राज्यसभा में जम्मू-कश्मीर पंचायती राज विधेयक (संशोधन) विधेयक, संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जातियां आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 और संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जनजातियां आदेश (संशोधन) विधेयक पर एकसाथ चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित किया गया।

लोकसभा इन्हें पहले ही पारित कर चुकी है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार और जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने विधेयकों पर हुई चर्चा के जवाब दिए और फिर उसके बाद इन्हें उच्च सदन ने मंजूरी दी।

**19 दिन में दूसरी बार पहुंचे अयोध्या**



### अमिताभ ने रामलला के दर्शन किए, समर्पित किया सोने का हार

**अयोध्या।** बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन शुक्रवार सुबह रामनगरी पहुंचे। कड़ी सुरक्षा के बीच राम जन्मभूमि परिसर में वीवीआईपी गेट से प्रवेश कराया गया। उन्होंने सबसे पहले रामलला का दर्शन-पूजन किया और उन्हें सोने का हार अर्पित किया। इस दौरान अमिताभ बच्चन करीब 20 मिनट तक प्रभु राम के दरबार में रहे और पांच मिनट तक रामलला के सामने खड़े होकर वंदना करते रहे। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने बताया कि अमिताभ बच्चन ने रामलला को सोने की एक माला समर्पित की है।

## सैलून के अंदर घुसकर दो ग्राहकों की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में एक सैलून के अंदर दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, सोनू और आशीष नाम के व्यक्तियों को अन्य ग्राहकों तथा सैलून कर्मियों के सामने कई गोली मारी गई। दोनों की उम्र 30 वर्ष के करीब है।

घटना का एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर आया, जिसमें एक पीड़ित को हमलावरों से गुहार लगाते देखा जा सकता है। हमलावरों ने बेहद गुस्से में उसके सिर में गोली मारी। पुलिस ने कहा कि जहां सोनू को सिर में एक गोली मारी गई, वहीं आशीष के सिर में तीन और सीने में एक गोली लगी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया, हमले के पीछे निजी दुश्मनी होने का संदेह है, लेकिन गिरोहों के बीच लड़ाई की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस ने बताया कि वारदात के बाद दोनों हमलावर घटना स्थल से भाग गए। घटना के तुरंत बाद इलाके में दहशत फैल गई और पुलिस को सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीम गठित की गई है।

## संप्रग भ्रष्टाचारजीवी सरकार थी सोनिया थीं सुपर प्राइम मिनिस्टर

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कांग्रेस पर आर्थिक कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और घोटालों को लेकर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन' (संप्रग) सरकार एक 'आंदोलनजीवी और भ्रष्टाचारजीवी सरकार' थी, जिसने देश में 'जयंती टैक्स' को जन्म दिया।

केंद्रीय वित्तमंत्री ने 'भारतीय अर्थव्यवस्था और देश के नागरिकों पर इसके प्रभाव पर श्वेत पत्र' को लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह दावा भी किया कि सोनिया गांधी संप्रग सरकार में सुपर प्राइम मिनिस्टर थीं और उनकी अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (एनएसी) 'किचन कैबिनेट' से भी बदतर थी, जो असंवैधानिक संस्था के रूप में कानून बनवा रही थी। वित्त मंत्री ने संप्रग सरकार पर राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ का आरोप लगाया और कहा कि उस वक्त नेतृत्व का अभाव था। उन्होंने कहा कि श्वेत पत्र एक गंभीर दस्तावेज है, जिसमें दस्तावेजी प्रमाण हैं।

▸▸ वित्तमंत्री सीतारमण ने लोकसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कांग्रेस पर किया प्रहार

उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास रहा है कि संप्रग सरकार के 10 साल के कुप्रबंधन को दुरुस्त करना और अर्थव्यवस्था को ऐसे आगे ले जाना कि यह मजबूती के साथ बढ़े। वित्त मंत्री का कहना था कि इस दस्तावेज में कोई भी आधारहीन आरोप नहीं लगाए गए हैं और इसमें कैग की रिपोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों को उद्धृत किया गया है। उन्होंने कहा, 'इस श्वेत पत्र में की गई हर बात प्रमाण के साथ है।' सीतारमण के जवाब के बाद सरकार के श्वेतपत्र के विरोध में आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन और तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय द्वारा लाए गए स्थानापन्न प्रस्तावों को सदन ने ध्वनिमत से खारिज कर दिया।

**खेती-किसानी** गन्ना शोध परिषद ने विकसित कीं 1000 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज देने वाली किस्में

## गन्ने की चार नई प्रजातियों से सुधरेगी किसानों की आर्थिक स्थिति

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** गन्ने की चार नई प्रजातियां किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने में कारगर साबित होंगी। गन्ना शोध परिषद ने चार नई प्रजातियां कोशा-16233, 15233, 17231 और 13235 तैयार की हैं। औसत उपज की बात करें तो करीब एक हजार क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी अब तक प्रचलित प्रजातियों से कहीं ज्यादा है। प्रदेश भर में इन प्रजातियों के गन्ने की खूब मांग है। किसान ऑनलाइन बुक कर बीज खरीद रहे हैं।

गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर की ओर से गन्ने की ये प्रजातियां विकसित की गई हैं। प्रचलित गन्ना साढ़े आठ सौ से साढ़े नौ सौ क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज देता है। पुरानी प्रजातियों में लाल सड़न सहित तमाम बीमारियां भी लगती थीं, लेकिन इनमें लाल सड़न रोग लगने की आशंका बहुत कम है। गन्ना शोध परिषद के प्रसार अधिकारी एसके पाठक ने बताया कि कोशा 17231 की पैदावार प्रति हेक्टेयर 90 से 100 टन है और यह लगभग 10 महीने में तैयार हो जाती है। इसे अगेती प्रजाति कहते हैं। इसी तरह वैज्ञानिकों ने कोशा 15233 और 16233 की खोज की है। यह प्रजातियां भी लाल सड़न रोग कैंसर रोधी है।

▸▸ कोशा -16233, 15233, 17231, 13235 की बेहतर उपज ले सकेंगे किसान

> वैज्ञानिकों ने कोशा 17231, 15233, 16233 और 13235 प्रजाति के गन्ने का विकास किया है। यह प्रजातियां किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। कैंसर (लाल सड़न) बीमारी का भी इन पर असर नहीं होता। – **एसके पाठक**, प्रसार अधिकारी, गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर

**नई प्रजाति को विकसित करने में लगते हैं दस सालः** गन्ने की एक नई प्रजाति के तैयार होने में करीब 10 साल का समय लगता है। अगर अब प्रजाति खेतों तक पहुंची है तो उसको तैयार करने की प्रक्रिया 10 साल पहले शुरू हुई थी। गन्ना शोध परिषद के कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि एक नई वैरायटी तैयार करने के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरना होता है। पहले शोध परिषद के वैज्ञानिक कोयंबटूर जाकर मेल और फीमेल गन्ने की प्रजातियां को आपस में क्रॉस कराते हैं। कोयंबटूर जाने की मजबूरी इसलिए है, क्योंकि वहां की जलवायु इसके लिए सबसे सही है। पहली बार पौध तैयार करने पर उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता के साथ पेड़ी आदि की जांच भी की जाती है। इन सब प्रक्रिया में 10 साल का समय लगता है। तब एक प्रजाति बाहर आती है।

### साढ़े छह हजार बड ऑनलाइन बुक

प्रदेश में 17231 प्रजाति के गन्ने की ऑनलाइन बुकिंग चल रही है। साढ़े छह हजार बड बीज बुक हो चुका है। पश्चिमी यूपी के किसानों को मुजफ्फरनगर, पूर्वी यूपी के किसानों को सेबरहि और मध्य यूपी के किसानों को शाहजहांपुर से बीज दिया जा रहा है। बीज देने का आरंभ शुक्रवार से शाहजहांपुर गन्ना शोध परिषद में हुआ। किसानों को मिनी बीज किट का वितरण किया जा रहा है। 15233 प्रजाति को छोड़ अन्य तीनों किस्मों के बीज का विकास शाहजहांपुर शोध परिषद के वैज्ञानिकों ने ही किया है।

# बनभूलपुरा में बलवा

### 25 हजार की जगह लगभग 1.5 हजार ने ही की यात्रा, दिल्ली, हरियाणा, यूपी समेत पहाड़ों को जाने वाले यात्रियों को हुई परेशानी

## यात्रियों से गुलजार रहने वाले बस स्टेशन पर दिनभर सन्नाटा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कर्फ्यू का असर परिवहन निगम पर भी देखने को मिला। हल्द्वानी स्टेशन से रोजाना लगभग 25 हजार यात्री आवागमन करते हैं लेकिन शुक्रवार को केवल 1-1.5 हजार यात्रियों ने सफर किया। इससे हमेशा गुलजार रहने वाले रोडवेज स्टेशन में शुक्रवार को सन्नाटा पसरा रहा। स्टेशन के प्रवेश द्वार पर लगी एक दुकान को छोड़कर बाकी सभी दुकानें बंद थीं। चारों तरफ पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स की चौकसी थी।

पहाड़ों से दिल्ली, यूपी, हरियाणा व अन्य स्थानों को जाने वाले यात्री बसों की तलाश में घंटों तक परेशान रहे हालांकि कर्फ्यू की जानकारी होने से पहाड़ से आने वाले अधिकांश लोगों ने यात्रा करना ठीक नहीं समझा। ओखलकांडा जाने वाले एक दंपत्ति ने बताया कि वह पिछले दो घंटे से बस की तलाश में स्टेशन में भटक रहे हैं लेकिन बस न मिलने से वह परेशान हैं। इसी तरह अल्मोड़ा से आए कुछ युवाओं ने बताया कि वह हरियाणा में नौकरी करते हैं और कल रात ही वह हल्द्वानी पहुंच गए थे लेकिन बवाल होने पर रात में बसों का संचालन बंद कर दिया गया जिससे वह आगे नहीं जा सके।

बताया कि अब दूसरी सुबह भी बस न मिलने से वे बहुत देर से परेशान हैं। यात्री किशोर जोशी भी अपने 2.5-3 साल के बच्चे के साथ स्टेशन में भटक रहे थे। जानकारी के अभाव में या जरूरी काम के लिये यात्रा कर रहे लोग बसों के अभाव में बहुत देर तक परेशान रहे हालांकि दोपहर बाद कुछ बसों को रवाना किया गया जिससे कुछ राहत मिली। रोडवेज संचालन इंचार्ज एमएस मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार देर शाम तक 44 बसों का संचालन किया गया।

हल्द्वानी रोडवेज परिसर में छाया सन्नाटा। ● अमृत विचार

### लालकुआं से हुआ ट्रेनों का संचालन

**हल्द्वानी :** कर्फ्यू का असर ट्रेनों के संचालन पर भी रहा। कर्फ्यू होने से काठगोदाम से चलने वाली ट्रेनें लालकुआं से चलाई गईं हालांकि दिल्ली जाने वाली रानीखेत एक्सप्रेस और संपर्क क्रांति को काठगोदाम से चलाया गया। काठगोदाम स्टेशन अधीक्षक डीएस बोरा ने बताया कि कर्फ्यू के कारण ट्रेनों का संचालन लालकुआं से किया जा रहा है।

### तिकोनिया पर बसों को रोका

हल्द्वानी डिपो के एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि सुबह कुछ बसें हल्द्वानी स्टेशन से रवाना की गईं लेकिन 8 बजे बाद काठगोदाम से आ रही बसों को पुलिस ने तिकोनिया पर ही रोक दिया गया हालांकि यात्रियों के तिकोनिया में इकट्ठा होने पर दिल्ली और देहरादून जाने वाली कुछ बसों को मुखानी के रास्ते दिल्ली के लिए भेजा गया जबकि यूपी की बसों को ट्रांसपोर्ट नगर पर ही रोककर वापस भेजा जा रहा था।

### टैक्सी व केमू बसों में यात्रियों ने किया सफर

रोडवेज बसें न मिलने पर मैदानी मार्गों को जाने वाले यात्रियों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ा। दिल्ली, यूपी, हरियाणा सहित अन्य मैदानी क्षेत्रों को जाने वाले लोगों ने रोडवेज न मिलने पर कई गुना अधिक किराया देकर टैक्सियों में सफर किया। इसी तरह पहाड़ों को जाने वाले यात्रियों ने केमू का सहारा लिया। अल्मोड़ा, रानीखेत, बागेश्वर सहित अन्य पहाड़ी क्षेत्रों के लिये लोगों ने केमू में सफर किया।

### यात्रियों से बातचीत

हरियाणा में नौकरी करता हूं। वहां जाने के लिये गुरुवार रात को ही हल्द्वानी पहुंच गया था। रात में बसों का संचालन बंद कर दिया जिससे रातभर यहीं रूकना पड़ा। दो घंटे से बस ढूंढ रहा हूं लेकिन नहीं मिल रही है।
**-आनंद**, यात्री

लालकुआं जाने के लिये भी कोई वाहन नहीं मिल रहा है। बस मिलने की उम्मीद में स्टेशन आई लेकिन यहां भी बस नहीं है। 1.5 घंटे से बस के लिये परेशान हूं। मंगल पड़ाव से विक्रम का संचालन भी बंद है।
**-रजनी**, यात्री

## बनभूलपुरा में दूध के लिए तरस गए बच्चे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** दंगाई तो अपना काम कर गए लेकिन उनके किए का हजारों मासूम बच्चों को भुगतना पड़ा। बनभूलपुरा में बीते दिन उपद्रव के बाद शुक्रवार को दूध की सप्लाई ठप रहने से क्षेत्र के बच्चे दूध के लिए तरस गए। दूध के लिए रोते दुधमुंहे बच्चों को उनकी माताओं ने बमुश्किल शांत कराया।

आंचल के प्रभारी मार्केटिंग इंचार्ज संजय भाकुनी ने बताया कि बनभूलपुरा में सामान्य दिनों में करीब 2000 लीटर प्रतिदिन दूध की सप्लाई होती है लेकिन शुक्रवार को कर्फ्यू के कारण प्रशासन ने गाड़ियों को वहां जाने नहीं दिया, जिससे सप्लाई ठप रही। एक निजी कंपनी के मार्केटिंग प्रभारी ने बताया कि बनभूलपुरा में उनका प्रतिदिन 700 लीटर दूध बिकता है लेकिन शुक्रवार को बिल्कुल दूध नहीं बिका। भाकुनी ने बताया कि आंचल दूध की 52 हजार लीटर प्रतिदिन की मांग है, शुक्रवार को भी दूध की ब्रिकी पर कोई फर्क नहीं पड़ा।

### काशीपुर, बाजपुर से भी नहीं आया दूध

बनभूलपुरा के कई लोग दूध के कारोबार से जुड़े हैं, जो काशीपुर, बाजपुर आदि से दूध खरीदकर मोटर साइकिलों से बनभूलपुरा, इंद्रानगर आदि क्षेत्रों में बेचते हैं लेकिन शुक्रवार को एक भी दुधिए ने दूध नहीं खरीदा, जिससे करीब 10 हजार लीटर दूध की भी आपूर्ति नहीं हो पाई।

# दंगे से बचने को घर भागा युवक, सड़क हादसे में चली गई जान

### गोरापड़ाव में डंपर-टेंपो और बाइक के बीच हुई थी भिड़ंत, एंबुलेंस से पहुंचाया सुशीला तिवारी अस्पताल, चिकित्सकों ने मृत घोषित किया

**दुखद**

- कबाड़ की दुकान में काम करता था युवक
- पिता ने दंगे की खबर दी तो जल्दबाजी में घर की ओर भागा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दंगे से बचने के लिए गुरुवार शाम घर की ओर भागा युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

मोहम्मदी चौक बनभूलपुरा निवासी सलमान (25) पुत्र मेहंदी की गोरापड़ाव में कबाड़ की दुकान है। गुरुवार सुबह भी वह रोज की तरह घर से दुकान गया था, लेकिन जब शाम बनभूलपुरा में दंगा भड़का तो मेहंदी ने बेटे को फोन किया। कहा कि, यहां दंगा हो गया और वह दुकान बंद कर फौरन घर चला आए। पिता के कहने पर आनन-फानन में सलमान ने दुकान बंद की और बाइक लेकर घर की ओर निकल पड़ा।

बताया जाता है कि वह दुकान से कुछ ही दूर पहुंचा था कि डंपर और टेंपो की चपेट में आ गया। बुरी तरह घायल सलमान को एसटीएच पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### बनभूलपुरा हिंसा में इन पांच लोगों की मौत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा में मारे गए लोगों के नाम अब सामने आ रहे हैं। शुक्रवार को पुलिस प्रशासन ने मारे गए पांच लोगों के नामों का खुलासा किया है। बीते गुरुवार को प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम ने बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा में अवैध निर्माण को जेसीबी से ढहा दिया था। जिसके बाद मामला गरमा गया। कार्रवाई के दौरान भीड़ में शामिल कुछ उपद्रवियों ने टीम पर पथराव शुरू कर दिया। जिसमें सैकड़ों पुलिस कर्मी और नगर निगम कर्मचारी घायल हो गए। इस हिंसा में अब तक पांच लोगों की मौत होने की पुष्टि शुक्रवार को कर दी गई। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के अनुसार हिंसा में फईम कुरैशी, जाहिद, मोहम्मद अनस, शब्बान और प्रकाश कुमार की मौत हुई है। इसके अलावा घायल पुलिस कर्मियों का विभिन्न अस्पतालों में प्राथमिकता के साथ इलाज चल रहा है।

## घायलों से भरी इमरजेंसी, ओपीडी रही कम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा में उपद्रवियों के पथराव से घायल हुए लोगों से सरकारी और निजी अस्पतालों की इमरजेंसी भरी है। बेस अस्पताल और एसटीएच में अब तक करीब 250 से अधिक लोग इलाज के लिए अस्पताल पहुंच चुके हैं। इधर, कफ्यू के चलते सरकारी अस्पतालों में ओपीडी बेहद कम रही।

बेस अस्पताल में गुरुवार रात 8 बजे से शुक्रवार दोपहर तक करीब 156 घायल इलाज के लिए पहुंचे। जिसमें ज्यादातर पुलिस कर्मी रहे। यहां 8 घायलों को भर्ती किया गया। जबकि 3 गंभीर घायलों को एसटीएच रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। अस्पताल के प्रभारी पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि घायलों को बेहतर इलाज देने के लिए चिकित्सकों और स्टाफ की 10 टीमें बनाई गई थी। अस्पताल पहुंचे घायलों में सबसे ज्यादा महिला पुलिस कर्मी थीं।

इधर, डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में गुरुवार को करीब 40 घायल पहुंचे। जिसमें से 32 को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। जबकि 3 गंभीर घायल मेडिसिन आईसीयू में भर्ती हैं। वहीं 5 की अस्पताल पहुंचे से पहले ही मौत हो गई थी। इसके अलावा कृष्णा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में 24 घायल पहुंचे। जिसमें से 17 को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। जबकि 2 को एसटीएच भेज दिया गया। चार घायलों को अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं बृजलाल हॉस्पिटल में 1, नीलकंठ अस्पताल में 6, सांई अस्पताल में 14 घायल इलाज के लिए पहुंचे।

बृजलाल हॉस्पिटल में भर्ती पत्रकार संजय कनेरा का हाल जानते मुख्यमंत्री।

### एसटीएच के ब्लड बैंक में खून का सूखा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) के ब्लड बैंक में खून का सूखा पड़ गया है। स्थिति यह है कि बनभूलपुरा हिंसा के बाद अस्पताल पहुंच रहे गंभीर घायलों के लिए ब्लड नहीं है। ब्लड बैंक की प्रभारी डॉ. सलोनी ने बताया कि गुरुवार से शुक्रवार सुबह तक करीब 50 यूनिट रक्त चला गया है। शुक्रवार को कैंप लगना था, लेकिन कर्फ्यू के कारण कार्यक्रम रद हो गया। बताया कि उनके पास कोई भी नेगेटिव ब्लड नहीं है। ए पॉजिटिव ग्रुप में 1 तथा ओ पॉजिटिव ग्रुप में 2 कुल तीन यूनिट ब्लड ही बचा है। कहा कि अस्पताल में इमरजेंसी के अलावा गायनी के गंभीर मरीजों को ब्लड की सबसे ज्यादा जरूरत पड़ती है। उन्होंने लोगों से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की है। इधर, समाजसेवी प्रेम बेलवाल ने भी लोगों से रक्तदान के लिए आगे आने का आह्वान किया है, ताकि ब्लड बैंक में खून की कमी दूर हो सके।

हल्द्वानी कोतवाली में मौजूद घायल पुलिस कर्मी और पत्रकार। ● अमृत विचार

## आंखों से छलक आया जिस्म पर चोटों का दर्द

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा का दर्द पुलिस जवानों की आंखों से बयां हो रहा है। पथराव और भगदड़ में लगी चोटों की हकीकत आंसुओं से झलक रही है। हर कोई परिवार को याद कर घर लौटने का इंतजार कर रहा है।

उपद्रवियों के हमले में सबसे ज्यादा पुलिस के जवान घायल हुए हैं। खासकर महिला जवानों को गंभीर चोट लगी है। किसी का हाथ फैक्चर है तो किसी के पैर में गंभीर चोट लगी है। कई पुरुष जवान भी उपद्रवियों के हमले में घायल हुए हैं। सरकारी अस्पतालों में घायल जवान अपना-अपना इलाज करा रहे हैं। शुक्रवार को ऐसे ही कुछ घायल महिला और पुरुष जवान बेस अस्पताल पहुंचे थे। पत्थर लगने से पीठ में दर्द, पैर और हाथ में दर्द से पीड़ित जवान जब चिकित्सक के पास पहुंचे तो घटना को बयां करते हुए उनकी आंखें नम हो गई। आंखों से बहते आसुओं के साथ जवानों ने अपनी पीड़ा को बयां किया। इसके बाद अपने परिवारजनों को फोन से अपनी सलामति की दास्तां को बयां करते नजर आए।

### आईआरबी के 48 घायल ट्रेनिंग रिक्रूट पहुंचे एसटीएच

इंडियन रिजर्व बटालियन (आईआरबी) बैलपड़ाव के 48 ट्रेनिंग रिक्रूट (जवान) हिंसा और बवाल में घायल हुए हैं। सभी जवानों को शुक्रवार को मेडिकल के लिए एसटीएच लाया गया। आईआरबी के आईटीआई इंस्ट्रक्टर पंकज सिंह बनौला ने बताया कि बटालियन के 9 से 10 जवान गंभीर घायल हुए हैं। इनमें कुछ जवानों के 8 से 10 टांके लगे हैं। बेस अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद जवानों को मेडिकल के लिए एसटीएच लाया गया है।

दंगाइयों द्वारा तोड़ी गई जेसीबी। ● अमृत विचार

## जनप्रतिनिधि बोले- शांति व्यवस्था बनाएं लोग, कानून अपने हाथ में न लें

**अपील**

- बनभूलपुरा क्षेत्र से संबंध रखने वाले नेताओं की अपील
- घटना की निंदा, निष्पक्ष जांच की मांग उठाई

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचारः गुरुवार को मलिक का बगीचा में हुये बवाल के बाद शहर में अशांति फैल गई। शहर में कर्फ्यू तक लगाना पड़ गया। इंटरनेट सेवा बाधित करनी पड़ी।

बनभूलपुरा क्षेत्र से संबंध रखने वाले नेताओं ने अपील है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही अफवाहों को फैलायें।

कानून को अपने हाथ में नहीं लें और शांति व्यवस्था बनाएं रखें। उल्लेखनीय है कि बनभूलपुरा में भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। यहां चप्पे-चप्पे पर पुलिस नजर रख रही है। सबको उम्मीद है कि जल्द ही सबकुछ शांत हो जायेगा और हल्द्वानी में फिर से शांति आयेगी।

मेरी लोगों से अपील है कि वह शांति बनायें रखें। कानून को अपने हाथ में नहीं लें। मेरी मांग है कि गुरुवार को घटी घटना की निष्पक्ष जांच होनी चाहिये और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाये। **-अब्दुल मतीन सिद्दीकी** प्रदेश प्रभारी, समाजवादी पार्टी

घटना पूरी तरह से निंदनीय है। घटना के दोषियों पर कार्रवाई भी होनी चाहिये। पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें, जिससे निष्पक्ष जांच हो सके। सभी शांति बनायें रखें। **-मजहर नईम नवाब**, उपाध्यक्ष, उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग

बनभूलपुरा में गश्त करती पुलिस। ● अमृत विचार

## कर्फ्यू का असरः औने-पौने दामों में लुट गया किसान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** कर्फ्यू का असर किसानों पर भी पड़ा। खरीददारों के न होने से उन्हें अपनी फसल औने-पौने दामों में बेचनी पड़ी।

नवीन मंडी में शुक्रवार को सब्जी, फल इत्यादि की आवक तो रही लेकिन ब्रिकी पर 'कर्फ्यू' लगा रहा। आढ़ती जीवन सिंह कार्की ने बताया कि किसान अपनी फसल लेकर मंडी पहुंचे लेकिन खरीददार नहीं होने से उन्हें अपनी फसल औने-पौने दामों में बेचनी पड़ी।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार को अल्मोड़ा, बागेश्वर आदि पहाड़ी क्षेत्रों के खरीददार कम आए, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ व किसान 50-60 प्रतिशत कम दाम में अपनी फसल बेचने को मजबूर हुए।

किसान घनश्याम मर्तोलिया ने बताया कि गुरुवार शाम को खेतों से शिमला मिर्च तोड़ ली थी, इसलिए मंडी ले आए लेकिन यहां खरीददार नहीं मिले तो कम दाम में फसल बेचनी पड़ेगी। उन्होंने बताया कि शिमला मिर्च का भाव 50 रुपये किलो चल रहा है लेकिन मुझे 25 रुपये में बेचनी पड़ी। टमाटर के किसान हेम चंद्र ने बताया कि फसल वापस नहीं ले जा सकते, इसलिए सस्ते दाम में बेच दी, नुकसान तो हुआ है। उन्होंने कहा कि 23-25 की बजाय उन्हें 10 रुपये किलो में अपनी फसल बेचनी पड़ी। इसी तरह किसान हरीश जोशी ने बताया कि खरीददार नहीं होने से उन्हें गोभी 20 रुपये किलो की बजाय 8-10 रुपये में बेचनी पड़ी।

**हालात** किताब कौतिक भी किया गया स्थगित, अब हालात सुधरने पर होगा कार्यक्रम, विज्ञान और प्रौद्योगिकी कांग्रेस होटल में संपन्न हुई

## कर्फ्यू की वजह से यूओयू की परीक्षाएं की गईं रद

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा में गुरुवार को हुए बवाल के बाद लगा कर्फ्यू शुक्रवार को भी जारी रहा। इस वजह से शहर में प्रस्तावित और गतिमान कार्यक्रम प्रभावित हो गए। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाएं भी रद हो गईं।

यूओयू की परीक्षाओं का सत्र चल रहा है। स्नातक स्तर के साथ अन्य परीक्षाएं कराई जा रहीं हैं। कर्फ्यू लगने की वजह से परीक्षाओं को रद करना पड़ा। शुक्रवार को रामनगर, हल्द्वानी और हल्दूचौड़ में परीक्षाएं स्थगित कर दी गईं। परीक्षाएं कब होंगी, इस बारे में कुछ पता नहीं है। अनुमान है कि परीक्षाओं का आयोजन अब कर्फ्यू हटने के बाद ही किया जाएगा।

यूओयू में 18वां राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी कांग्रेस का गुरुवार को उद्घाटन हुआ था। शुक्रवार को यूओयू के सभागार में दूसरे दिन का कार्यक्रम होना था। कर्फ्यू होने की वजह से यूओयू के अंदर कार्यक्रम रद कर दिया गया। 400 से अधिक शोधार्थियों को अपने शोधपत्र पढ़ने थे। साथ ही वैज्ञानिकों के भी व्याख्यान होने थे। शुक्रवार को रामपुर रोड स्थित एक होटल में औपचारिकता के तहत कार्यक्रम कराया गया। शोधार्थियों ने वहीं अपने शोध पत्र पढ़े। यूओयू के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र क्वीरा ने कहा कि प्रथम दिन का कार्यक्रम काफी सफल रहा था। हालांकि दूसरे दिन का कार्यक्रम अपरिहार्य स्थिति में एक होटल में करना पड़ा। इसी तरह क्रिएटिव उत्तराखंड की ओर से एचएन इंटर कॉलेज में शुक्रवार से किताब कौतिक का आयोजन होना था। कर्फ्यू होने की वजह से यह स्थगित कर दिया गया है। आयोजक हेम पंत ने बताया कि फिलहाल शहर के हालात सुधरने के बाद जल्द ही इसकी दूसरी तिथि घोषित कर दी जाएगी।

कर्फ्यू के दौरान सूनी पड़ीं बाजार की सड़कें। ● अमृत विचार

### राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता हुई स्थगित

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में चल रही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कर्फ्यू के कारण स्थगित हो गई, जिससे अन्य शहरों से आए खिलाड़ी अपने मैच तक यहीं रुकने को मजबूर हुए हैं। गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में चल रही राज्य स्तरीय फुटबॉल ओपन बालक प्रतियोगिता स्थगित हो गई व स्थितियां सामान्य होने के बाद ही शुरू होगी। प्रतियोगिता में अब चार टीमें ही रह गई हैं, जिनके बीच दो सेमीफाइनल व एक फाइनल मुकाबला होना है। चंपावत व हल्द्वानी, उत्तराखंड एलेवन व पौड़ी की टीमों के बीच सेमीफाइनल मैच के बाद फाइनल मुकाबले खेले जाने हैं लेकिन प्रतियोगिता स्थगित होने से अन्य शहरों से आए खिलाड़ियों को अब अपने मैच तक यहीं रुकना पड़ेगा। बता दें कि खेल निदेशालय, फुटबॉल संघ उत्तराखंड के समन्वय व जिला खेल कार्यालय ने यह प्रतियोगिता आयोजित की है।

### आज भी रहेंगे स्कूल बंद

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** हल्द्वानी में लगे कर्फ्यू का असर शिक्षण संस्थानों पर लगातार पड़ रहा है। कर्फ्यू की वजह से शनिवार को लगातार दूसरे दिन स्कूल बंद रहेंगे। गुरुवार को जिलाधिकारी वंदना के आदेश के बाद शुक्रवार को हल्द्वानी में स्कूल बंद करा दिये गये। स्कूलों के साथ ही महाविद्यालय भी बंद रहे। शनिवार को भी स्कूलों सहित अन्य शिक्षण संस्थानों को बंद करवा दिया गया है। शनिवार के बाद रविवार की छुट्टी है। सोमवार को भी स्कूल खुलेंगे या नहीं अभी इस बारे में संशय है।

बनभूलपुरा थाने के बाहर जली पड़ी बाइकों व अन्य वाहनों को हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार

बनभूलपुरा हिंसा के दौरान जलाई गई कार। ● अमृत विचार

# 6 हजार दंगाइयों पर एफआईआर, 19 नामजद, 4 गिरफ्तार

## नगर निगम, मुखानी थाना और बनभूलपुरा थाना की तहरीर पर दंगाइयों पर दर्ज हुई तीन अलग-अलग मुकदमे, अधिकांश फरार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**01** हजार पुलिस कर्मी बनभूलपुरा और शहर की निगरानी कर रहे हैं, इसके अलावा पैरा मिलिट्री फोर्स भी तैनात

**05** घंटे तक हुआ पथराव और बलवाइयों ने बनभूलपुरा थाने को किया था आग के हवाले

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा में दंगा भड़काने और करने के आरोप में पुलिस ने 6 हजार से अधिक लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इसमें 19 नामजद है और 4 नामजदों को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है। अन्य नामजदों की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। बताया जा रहा है कि आगजनी, तोड़फोड़, पत्थरबाजी और बनभूलपुरा थाना फूंकने वाले अधिकांश लोग रात ही फरार हो गए।

बता दें कि बीते गुरुवार को पुलिस, प्रशासन और नगर निगम की टीम बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा स्थित नजूल की भूमि पर बनी अवैध निर्माण को ढहाने पहुंची थी। भारी भीड़ ने संयुक्त टीम का घेराव किया और पथराव शुरू कर दिया। शाम ढली तो सरकारी और निजी वाहनों में तोड़फोड़ के साथ आग के हवाले कर दिया गया। करीब 5 घंटे तक पथराव हुआ और किसी तरह बचकर निकली तो बलवाइयों ने बनभूलपुरा थाने को आग के हवाले कर दिया। शुरुआती विरोध में भीड़ का नेतृत्व कर रहे कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। घटना के बाद शुक्रवार को पुलिस ने बनभूलपुरा थाना, मुखानी थाना पुलिस और नगर निगम की ओर से मिली तीन अलग-अलग तहरीरों के आधार पर 6 हजार से अधिक अज्ञात, 19 लोगों को नामजद करते हुए तीन अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर लिए। जिसके बाद 4 लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया गया। पुलिस इन चारों से कड़ी पूछताछ कर रही है। जबकि संज्ञान में आए अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही है। आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास, दंगा, तोड़फोड़, सरकारी कार्य में बाधा और सार्वजनिक व सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचने समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

वनभूलपुरा थाने के बाहर तैनात अर्द्ध सैनिक बल के जवान। ● अमृत विचार

> आरोपियों के खिलाफ मुखाना और बनभूलपुरा थाना पुलिस के अलावा नगर निगम की ओर से मिली तहरीर के आधार पर 6 हजार से अधिक अज्ञात और 19 को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है। 4 लोगों की गिरफ्तारी कर ली गई है। जल्द अन्य की गिरफ्तारी भी कर ली जाएगी। अज्ञात आरोपियों की पहचान की जा रही है। – **एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा**

### सर्विलांस पर लगाए गए नामजद और संदिग्धों के नंबर

**हल्द्वानी :** पुलिस ने जिन 19 लोगों को नामजद किया है, उनमें से चार की गिरफ्तारी कर ली है। जबकि बाकी बचे लोग फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस इनकी तलाश कर रही है, लेकिन इनके फोन स्विच ऑफ हैं। नामजद बचे बाकी 15 के मोबाइल पुलिस ने सर्विलांस पर लगा दिए हैं। जबकि उन संदिग्धों के नंबर भी सर्विलांस पर हैं, जिन पर पुलिस माहौल खराब करने और भविष्य में माहौल खराब करने की संभावना है।

### रातभर धधकती रहीं बनभूलपुरा की गलियां

**हल्द्वानी :** गुरुवार रात पथराव तो शांत हो गया, लेकिन खौफ बरकार था। बनभूलपुरा थाने के बाहर दर्जनों वाहन आग के हवाले कर दिए गए थे। थाने के सामने जलते वाहन तो दमकल ने बुझा लिए, लेकिन अंधेरे में रातभर बनभूलपुरा की गलियां जगह-जगह धधकती रही। ये आग दंगाइयों ने लगाई थी, लेकिन रात पुलिस इन तंग गलियों में घुसने की हिम्मत नहीं जुटा सकी। हालांकि पुलिस शुक्रवार को भी तंग गलियों में घुसने की हिम्मत नहीं जुटा सकी।

### नामजद का फोन स्विच ऑफ, हिरासत में भाई

**हल्द्वानी :** हाल ही में नगर निगम, प्रशासन और पुलिस की टीम ने नजाकत का बगीचा स्थित नजूल की जमीन खाली कराई थी। तभी भी पुलिस को भारी विरोध का सामना करना पड़ा था। जब बारी मलिक का बगीचा की आई तो सोशल मीडिया पर धमकी दी जाने लगी। बनभूलपुरा के भी एक नेता ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर प्रशासन को धमकाया था। ये भी नामजद और भाई हिरासत में बताया जा रहा है। नेता का फोन स्विच ऑफ है।

### एक हजार पुलिस कर्मियों की निगहबानी में बनभूलपुरा

**हल्द्वानी :** एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि शहर की सुरक्षा में पुलिस को जगह-जगह तैनात कर दिया गया। एक हजार पुलिस कर्मी बनभूलपुरा और शहर की निगरानी कर रहे हैं। इसके अलावा पैरा मिलिट्री फोर्स भी सुरक्षा में तैनात कर दी गई। अन्य जिलों से भी फोर्स लगातार आ रही है। सुरक्षा के लिहाज से जरूरत पड़ी तो और भी पुलिस बल की मदद ली जाएगी, लेकिन अभी तो जिला पुलिस ने सब काबू कर लिया है।

# निगम के 30 कर्मी घायल एक करोड़ का नुकसान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मलिक का बगीचा में गुरुवार को हुए बवाल के दौरान सबसे बड़ा नुकसान नगर निगम ने झेला। निगम के कई वाहन जला दिए गए हैं और साथ ही उसके 30 कर्मचारी भी घायल हुए। प्रारंभिक आकलन में निगम की एक करोड़ से अधिक का नुकसान पहुंचा है। नगर निगम ने इस बाबत पुलिस में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

मलिक का बगीचा में अवैध निर्माण ढहाने के लिए पहुंची नगर निगम की टीम को भारी विरोध का सामना करना पड़ा था। इस विरोध के दौरान भड़की हिंसा में उपद्रवियों ने नगर निगम के वाहनों को भारी नुकसान पहुंचाया। नगर निगम के ट्रैक्टर को आग लगा दी गई और साथ ही कई अन्य वाहन जला दिए गए । नगर निगम ने प्रारंभिक तौर पर नुकसान का आकलन करके पुलिस में शुक्रवार को तहरीर दी और बताया कि बलवा के दौरान नगर निगम की जेसीबी, ट्रैक्टर, टाटा मैजिक वाहन और दो योद्धा वाहन जला दिए गए हैं। इसके साथ ही अन्य वाहनों में तोड़फोड़ की गई है। इसके अलावा कार्रवाई के दौरान उपद्रवियों की ओर से फेंके जा रहे पत्थर, बोतलों व ईंटों की चपेट में आने से नगर निगम के 30 से अधिक कर्मचारी घायल हो गए हैं। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है। सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने बताया कि नगर निगम को बलवे में काफी नुकसान हुआ है। नुकसान का आकलन जारी है। उल्लेखनीय है कि शासन और प्रशासन की ओर से घोषणा की गई है कि नुकसान की भरपाई भी उपद्रवी ही करेंगे।

**हानि**

- नगर निगम के वाहनों को जलाया और तोड़फोड़ भी की
- पुलिस को तहरीर देकर दर्ज कराया गया मुकदमा

> गुरुवार को मलिक का बगीचा में कार्रवाई के दौरान नगर निगम की संपत्तियों को भारी नुकसान हुआ है। पुलिस में सूचना दी गई है और मुकदमा दर्ज करवाया गया है। – गणेश भट्ट, सहायक नगर आयुक्त

### नगर निगम की जल्दबाजी भी बनी चूक का कारण

**हल्द्वानी :** गुरुवार को मलिक का बगीचा में नगर निगम की कार्रवाई के दौरान उपद्रवियों ने हिंसा की। बात उठ रही है कि यह कार्रवाई जल्दबाजी में की गई थी। नगर निगम ने गुरुवार को अचानक कार्रवाई करने का निर्णय लिया। जिले की ही पुलिस फोर्स के साथ नगर निगम की टीम मलिक का बगीचा पहुंच गई और यहां तंग गलियों में पूरी टीम घिर गई।

दंगाइयों द्वारा फेंके गए ईट और पत्थर। ● अमृत विचार

### नुकसान का किया जा रहा आकलनः एसएसपी

**हल्द्वानी :** एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने कहा कि गुरुवार को हुए बवाल के बाद राजकीय और प्राइवेट संपत्तियों का आकलन किया जा रहा है। नुकसान हुई धनराशि का पूरा आकलन किया जाएगा।

# कर्फ्यू में शहर बंद, सील में खुला रहा बनभूलपुरा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**लापरवाही**

- रेलवे पटरी पार कर आवाजाही करते रहे बनभूलपुरा के लोग
- बनभूलपुरा के आने-जाने वाले मुख्य मार्ग सिर्फ तैनात थी पुलिस

**अमृत विचार :** पुलिस का कर्फ्यू भी सवालों के घेरे में है। क्योंकि एक ओर तो पूरा शहर कर्फ्यू में बंद था और वहीं दूसरी ओर सील होने के बावजूद बनभूलपुरा खुला रहा। भीड़ बनभूलपुरा से बाहर तो नहीं निकल पाई, लेकिन अंदर आम दिनों की तरह हलचल बनी रही। पुलिस भी ज्यादा भीतर तक बनभूलपुरा में दाखिल होने की हिम्मत नहीं जुटा सकी। यहां तक कि गुरुवार को आग की भेंट चढ़े सरकारी वाहनों को भी नहीं उठाया जा सका।

गौलापुल पर बनी पुलिस की अस्थायी पुलिस चौकी से बनभूलपुरा की ओर आवाजाही पूरी तरह बंद थी। यहां पुलिस के साथ पैरा मिलिट्री फोर्स को भी तैनात किया गया था। इसी तरह रेलवे बाजार तिराहा और ताज चौराहे पर बेरीकेडिंग कर पुलिस तैनात की गई थी। किसी को छत के झांकने की इजाजत भी नहीं थी। बनभूलपुरा की मुख्य गलियों में भी पुलिस लगातार गश्त करती रही, लेकिन संकरी गलियों में पुलिस दाखिल नहीं हुई। मलिक का बगीचा में फूंके गए सरकारी और निजी वाहनों को भी पुलिस नहीं उठा पाई। तंग गलियों और गौला बाईपास की ओर पुलिस की ढील रही। यहां पूरे दिन तंग गलियों और रेलवे ट्रैक पर लोगों का जमावड़ा कर्फ्यू का उल्लंघन करती रही। लोग रेलवे ट्रैक पार कर गौला बाईपास पर चहल कदमी करते रहे।

कर्फ्यू के बावजूद बनभूलपुरा में चहलकदमी करते लोग। ● अमृत विचार



हल्द्वानी में रेलवे पटरी पर पहुंचे बनभूलपुरा के लोग। ● अमृत विचार

# बसपा ने निष्पक्ष जांच की मांग की

**देहरादून, अमृत विचारः** बसपा ने बनभूलपुरा में हिंसा मामले की निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

बसपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी शीशपाल सिंह ने कहा कि उत्तराखंड के इतिहास में पहली बार इस पैमाने पर हिंसा देखने को मिली है। शांत प्रिय प्रदेश में इस प्रकार की घटनाओं को किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। जिस भी स्तर पर चूक हुई है, उसकी जांच होनी चाहिए। साथ ही, जो भी व्यक्ति इस हिंसा के लिए दोषी पाया जाता है, उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। राज्य में हर वर्ग व धर्म का व्यक्ति रहता है।

**परेशानी** कर्फ्यू के चलते स्कूल बंद रहने व इंटरनेट ठप होने से बच्चे व माताएं रहीं परेशान, बच्चों से तंग आकर मम्मियां बच्चों को थमा देती हैं मोबाइल

# इंटरनेट सेवा रही बंद, बच्चों ने किया मम्मियों की नाक में दम

पवन नेगी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मम्मा-मम्मा मोबाइल दो, मुझे गेम खेलना है। मुझे यूट्यूब पर कार्टून देखने हैं।

बच्चे मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेलने या वीडियो देखने के लिये मम्मी-पापा से मोबाइल देने की जिद करते हैं जिस पर वे भी तंग आकर बच्चों के हाथों में मोबाइल थमा देते हैं। माताएं अक्सर बच्चों से तंग आकर और घरेलू कामकाज को आसानी से निपटाने के लिये बच्चों को मोबाइल पकड़ा देती हैं लेकिन बच्चों की यही आदत शुक्रवार को मम्मियों के लिये सिरदर्द बनी रही। इंटरनेट सेवा ठप होने से अधिकतर मम्मियां परेशान रहीं। कर्फ्यू के कारण स्कूल बंद होने से बच्चे दिनभर घरों में कैद थे जिन्होंने मम्मियों की नाक में दम करके रखा। आज की दुनिया में अधिकांश बच्चों ने आउटडोर गेम्स खेलना छोड़ दिया है और वह मोबाइल की दुनिया में डूबे रहते हैं। इस पर भी जब बच्चे दिनभर घर में हों और इंटरनेट बंद हो जाए तो बच्चे घर में मां-बाप के नाक में दम कर देते हैं।

शुक्रवार को शहरी क्षेत्र में दिनभर इंटरनेट सेवा बंद रही जिसका असर महिलाओं व बच्चों पर भी देखने को मिला। सीओसी (क्लैश ऑफ क्लैन) गेम खेलने वाले अंशुल ने बताया कि इंटरनेट नहीं चलने के कारण वह गेम नहीं खेल पाया। बताया कि वह पूरे दिनभर में 3-4 घंटे गेम खेलने में बिताता है। इसी तरह सातवीं कक्षा में पढ़ने वाली ताशु ने बताया कि स्कूल बंद होने से दिनभर घर में थी और शहर में कर्फ्यू होने के कारण मम्मी-पापा ने घर से बाहर नहीं जाने दिया। बताया कि छुट्टी के दिन मोबाइल में गेम्स खेलना और यूट्यूब पर वीडियो देखना उसे पसंद है लेकिन इंटरनेट बंद होने से दिनभर बोरियत झेलनी पड़ी। शांति बिष्ट ने बताया कि जिस दिन बच्चों की छुट्टी रहती है उस दिन वे दिनभर मोबाइल पर लगे रहते हैं लेकिन शुक्रवार को स्कूल बदं थे और इंटरनेट ठप। इस कारण बच्चों ने दिनभर पूरा घर सिर पर उठा के रखा था।

### इंटरनेट ठप होने से लड़खड़ाई व्यवस्था

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** इंटरनेट सेवा ठप होने से पूरे शहर की व्यवस्था लड़खड़ा गई। आजकल लोग एक छोटा सा सामान खरीदने के लिये भी ऑनलाइन पेमेंट करते हैं जिस कारण लोगों की जेब में कैश रखने की आदत छूट गई है। इसमें लोगों को दिक्कत तब आती है जब सर्वर डाउन होने या किसी अन्य कारण से इंटरनेट नहीं चल पाता है लेकिन यह दिक्कत केवल कुछ समय के लिये होती है। वहीं, शुक्रवार को शहर में कर्फ्यू के कारण दिनभर इंटरनेट बंद होने से लोगों ने परेशानी झेली। लोगों की दिक्कतें तब और बढ़ गई जब शहर के अधिकांश एटीएम के शटर डाउन थे और कुछ एटीएम का सर्वर डाउन था जिस कारण लोग कैश नहीं निकाल पाए। कालाढूंगी रोड के अधिकांश एटीएम और रोडवेज स्टेशन का एटीएम बंद पड़ा था। नैनीताल रोड में भी कई एटीएम काम नही कर रहे थे जिससे लोग कैश नहीं निकाल पाए। ऑनलाइन पेमेंट के साथ लोग अन्य ऑनलाइन काम भी नहीं कर पाए। इसके साथ ही वर्क फ्रॉम होम पर घर से काम करने वाले लोगों का काम भी ठप रहा। हैदराबाद में नौकरी करने वाले हल्द्वानी निवासी कृष्णा कनवाल ने बताया कि वह एक बड़ी निजी कंपनी में काम करता है और पिछले कई माह पर वर्क फ्रॉम पर काम कर रहा है लेकिन शुक्रवार को इंटरनेट बंद होने से काम नहीं कर पाया।

# उपद्रवियों का मकसद अधिकारी-कर्मचारियों पर हमला करना था : डीएम

## जिलाधिकारी वंदना सिंह ने कहा कि बनभूलपुरा बलवा पूर्व नियोजित था, प्रशासन-पुलिस की नाकामी से किया इनकार, अवैध निर्माण को बचाना नहीं उपद्रव करना चाहते थे बलवाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डीएम वंदना सिंह व एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने शुक्रवार की सुबह नगर निगम सभागार में प्रेस वार्ता की। सर्वप्रथम उन्होंने बनभूलपुरा बलवे की वीडियो दिखाई।

डीएम ने कहा कि बीती 30 जनवरी को मलिक का बगीचा व आसपास ड्रोन से वीडियोग्राफी करवाई थी तब छतों पर पत्थर नहीं जमा थे। जब बीते गुरुवार को नगर निगम, प्रशासन और पुलिस की टीम अवैध निर्माण को ध्वस्त करने पहुंची तो पत्थरबाजी, आगजनी की घटनाएं की गईं। उन्होंने कहा कि यह अचानक किसी को निशाना साधकर की गई कार्रवाई नहीं थी। पिछले 15-20 दिनों से अतिक्रमण ध्वस्तीकरण हो रहा है। एक टास्क फोर्स बनाई गई है जो सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा, जीआईएस मैपिंग कर रही है। इसी क्रम में मलिक का बगीचा में नजूल भूमि पर अवैध ढंग से बने धार्मिक स्थलों के ध्वस्तीकरण को चिन्हित किया गया था। उन्होंने कहा कि पुलिस, प्रशासन की टीम की ओर से किसी को भी नुकसान नहीं पहुंचाया गया और उकसाया नहीं गया। टीम शांतिपूर्ण ध्वस्तीकरण कर रही थी। छत्तों पर पत्थर इकट्ठा कर पथराव किया गया। यह पूरी तरह सुनियोजित दंगा था। उन्मादी भीड़ ने पहले पथराव किया, फिर पेट्रोल बमबाजी की। फिर एक उन्मादी भीड़ ने बनभूलपुरा थाने पर हमला कर दिया। थाने में मजिस्ट्रेट, महिला पुलिस कर्मी, असलहे वगैरह थे। थाने के बाहर खड़े सरकारी व निजी वाहनों में आग लगा दी गई। वैध व अवैध हथियारों से थाने पर फायरिंग की गई। बाद में जब बिना किसी अतिरिक्त फोर्स के पुलिस बल ने उन्हें खदेड़ा तो उन्मादी भीड़ ने गांधी नगर में पेट्रोल बम से आगजनी की और दहशत का माहौल बनाया। उन्होंने कहा कि उन्मादी भीड़ का मकसद अवैध निर्माणों को बचाने का नहीं बल्कि सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों को हमला करने का था। पुलिस थाने में हमला किया गया। साफ है कि दंगाई जताना चाहते थे कि वे कानून, संविधान से ऊपर है इसे बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पत्रकारों से वार्ता करतीं जिलाधिकारी वंदना सिंह। ● अमृत विचार

एसएसपी मीणा ने कहा कि यह पुलिस व स्थानीय एजेंसियों की नाकामी नहीं है। अतिक्रमण ध्वस्तीकरण हटाने के लिहाज से पुलिस फोर्स मौके पर गई थी फिर भी बवाल होने के बाद नियंत्रण किया गया। पथराव, बमबाजी व आगजनी की घटनाओं को बार-बार रोका गया। गनीमत यह रही कि बनभूलपुरा के अलावा कहीं से भी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा कि अब हालात नियंत्रण में है और वहां भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पांच-पांच कंपनी पीएसी और आईटीबीपी तैनात की गई है। 400 से अधिक पुलिस बल भी तैनात हैं, इस तरह 1100 से अधिक पुलिस जवान तैनात हैं। इसके अलावा उपद्रवियों को चिन्हित किया जा रहा है उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी। इस दौरान सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, एडीएम शिवचरण द्विवेदी, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, एसडीएम परितोष वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी मौजूद रहे।

# मुख्य सचिव व डीजीपी ने हालात की समीक्षा की

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी व प्रभारी पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने शुक्रवार को हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और हालातों की समीक्षा की। उन्होंने डीआईजी, डीएम व एसएसपी को स्थिति पर नजर बनाने और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव रतूड़ी व डीजीपी कुमार ने वानिकी प्रशिक्षण अकादमी में जनपद के अधिकारियों के साथ बैठक की और स्थिति की समीक्षा की। इसके बाद उनका काफिला एसटीएच पहुंचा। यहां उन्होंने मेडिसिन आईसीयू में भर्ती घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने स्वास्थ विभाग को बलवे में घायल लोगों के उपचार में कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए। फिर वे बनभूलपुरा थाने पहुंचे और पुलिस से बातचीत की। बाद में हिंसा प्रभावित स्थलों का भी दौरा किया। जिला प्रशासन एवं पुलिस को आमजन की सुरक्षा एवं शांति को शीर्ष प्राथमिकता से लेते हुए कानून एवं व्यवस्था बनाने के कड़े निर्देश दिए। मुख्य सचिव रतूड़ी ने कहा कि बनभूलपुरा में स्थिति नियंत्रण में है, हालात सामान्य हैं। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। बनभूलपुरा के प्रभावित क्षेत्र के अलावा हल्द्वानी समेत अन्य इलाकों में ऐसी घटना नहीं हो इसलिए जिला प्रशासन और पुलिस की टीमें तैनात की गई हैं।

बनभूलपुरा थाने का जायजा लेते डीजीपी व मुख्य सचिव। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री धामी भी स्थिति पर निगाह बनाए हुए हैं। उन्होंने जनता से अफवाहों से बचने और शांति व्यवस्था बनाने की अपील की है। इस दौरान डीआईजी योगेन्द्र रावत, डीएम वंदना, एसएसपी पीएन मीणा आदि मौजूद रहे।

### एडीजी लॉ एंड ऑर्डर करेंगे प्रभावी क्षेत्रों में कैंप

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बनभूलपुरा में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाने के लिए एडीजी लॉ एंड ऑर्डर को एपी अंशुमन को प्रभावित क्षेत्रों में कैंप के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में उन्होंने पुलिस, प्रशासन व नगर निगम के अधिकारी-कर्मी पर हमला करने और अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आगजनी और पथराव करने वाले एक-एक उपद्रवी की पहचान कर उन पर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर विशेष प्रमुख सचिव/ एडीजी अमित सिन्हा, सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, विनय शंकर पांडेय, अपर सचिव जे सी कांडपाल मौजूद थे।

# हाईकोर्ट के सिटिंग जज करें बलवे की जांच

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कांग्रेस ने बनभूलपुरा बलवे की जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज से कराने की मांग की है। साथ ही इस बलवे को पुलिस-प्रशासन की विफलता करार दिया है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने शुक्रवार को नैनीताल रोड स्थित एक होटल में हुई प्रेस वार्ता में कहा कि इस प्रकरण की हाईकोर्ट के सिटिंग जज से जांच कराई जाए। जब-जब कौमी दंगे होते हैं तो इसका लाभ एक दल विशेष को मिलता है, कांग्रेस को इसका नुकसान होता है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में हाईकोर्ट ने सुनवाई के लिए 14 फरवरी की तारीख तय की है, तब ऐसी क्या जल्दबाजी की थी बिना पूरी तैयारी के ध्वस्तीकरण करने पहुंच गए। यदि नजूल भूमि से ध्वस्तीकरण करना भी था तो क्षेत्रीय विधायक, जनप्रतनिधि, धर्मगुरुओं को विश्वास में लिया जाता। फिर यह कार्रवाई की जाती। माहरा ने आरोप लगाया कि रेलवे भूमि का चिन्हीकरण हुआ था तब भी बड़े-बड़े विरोध प्रदर्शन हुए लेकिन हिंसा नहीं भड़की। इस प्रकरण में एलआईयू फेल हुई है। कुछ अधिकारी शाम को निहत्थे कर्मी, बिना पर्याप्त पुलिस बल और इंतजाम के ध्वस्तीकरण के लिए पहुंच गए। जो अधिकारी उन्हें लेकर गए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।

पत्रकारों से वार्ता करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, साथ में विधायक सुमित हृदयेश।

**▸▸ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा व विधायक सुमित हृदयेश ने की मांग**

विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि धार्मिक स्थल पर ध्वस्तीकरण की जो कार्रवाई हुई उसका विरोध हुआ। जब हाईकोर्ट ने इस प्रकरण में 14 फरवरी की तारीख लगाई थी तो बेवजह इतनी लोगों की जान को जोखिम में नहीं डालना चाहिए था। यह जिम्मेदारी उन अधिकारियों की है जो उनको ले कर गए, उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। इस प्रकरण की हाईकोर्ट के सिटिंग जज से जांच करवाई जाएगी तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ध्वस्तीकरण से पूर्व जनप्रतिनिधियों, धर्म गुरुओं से वार्ता की जानी चाहिए थी। विधायक ने कहा कि इस प्रकरण में विधायक दल का एक प्रतिनिधि मंडल राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात करेंगे और इस प्रकरण की जांच की मांग करेंगे।

### 'यह समय राजनीति का नहीं, एक साथ खड़े होने का है'

मुख्यमंत्री धामी ने बनभूलपुरा दंगे में राजनीति करने पर विपक्ष पर भी जुबानी हमला किया है। उन्होंने कहा कि यह समय राजनीति करने का नहीं है किसी भी कीमत पर उपद्रवियों को जायज नहीं ठहराया जा सकता है। सभी को एक साथ खड़े होकर उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई को समर्थन देना चाहिए। दरअसल, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का आरोप है कि कौमी दंगे होने से एक विशेष दल को इसका लाभ मिलता है। जानबूझ कर इस तरह ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई कि बलवा हो। इसलिए इसकी जांच होनी चाहिए।

### बाहर मत निकलना .... अपना ध्यान रखना

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बाहर मत निकलना .... अपना ध्यान रखना। इंटरनेट सेवा बंद होने से लोगों ने शुक्रवार को फोन पर ही अपने सगे-संबंधियों का हाल-चाल जाना। फोन पर लोगों का अपने रिश्तेदारों और परिवारजनों से यही कहना था कि माहौल बहुत खराब है, बिना आवश्यक काम के घर से बाहर मत निकलना। शहर में कई लोग अपने घर से दूर रहकर नौकरी, पढ़ाई या अन्य कामकाज करते हैं जिनके परिवारजन बवाल के बाद बिगड़े माहौल से चिंतित हैं। लोगों ने अपने परिवार के लोगों, सगे-संबंधियों और रिश्तेदारों से बिगड़े हुए माहौल में सुरक्षित रहने की सलाह दी।

### दुकान की सीढ़ी पर पड़ा था कारतूस का खोखा

बनभूलपुरा में अवैध तमंचों से भी फायरिंग की गई थी। शुक्रवार की सुबह पुलिस थाने के सामने एक दुकान की सीढ़ी पर अवैध तमंचे से चले कारतूस का खोखा पड़ा हुआ था। जो अधिकारियों के पुलिस टीम पर हुई फायरिंग के दावे को सिद्ध करता है।

### निगरानी के बीच मस्जिदों में पढ़ी गई नमाज

बनभूलपुरा की मस्जिदों में जुमे की नमाज अता की गई। इमामों ने मस्जिदों से ऐलान किया कि लोग घरों में ही जुमे की नमाज अता करें। पुलिस ने मस्जिद कमेटी के सदस्यों को नमाज पढ़ने के लिए रियायत दी। इसके बाद मस्जिदों से शांति की अपील की गई।

### खून के धब्बों से सनी थी सड़क

बनभूलपुरा थाने के सामने किदवई नगर जाने वाली सड़क पर खून के धब्बे थे। ये धब्बे इस तरह थे जैस कि घायल को सड़क से खींचकर ले जाया गया हो। ये खून के धब्बे किदवई नगर में जाकर गायब हो गए। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी व ऋचा सिंह इन धब्बों के साथ-साथ किदवई नगर तक पहुंचे और लोगों से पूछताछ करनी चाही लेकिन किसी से बात नहीं हो सकी।

रामनगर में फ्लैग मार्च करती पुलिस। ● अमृत विचार

# रामनगर में धारा 144 स्कूल कॉलेज रहे बंद

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** हल्द्वानी में हुए बवाल को देखते हुए रामनगर में भी धारा 144 लगाने के साथ ही सभी शैक्षिणक संस्थाओं को बंद करा दिया गया। प्रशासन के आह्वान पर जामा मस्जिद में शाही इमाम के साथ कुछ ही लोगों ने जुमे की नमाज अदा की। बाकी मुस्लिम समाज ने अपने घरों में ही नमाज अदा करते हुए अपना सहयोग प्रदान किया। इसके अलावा बाजार बंद करने के भी व्यापारियों को निर्देश जारी किए गए।

अलबत्ता शुक्रवार को साप्ताहिक बंदी होने की वजह से बाजार स्वतः ही बन्द था। फल, सब्जी के अलावा आवश्यक वस्तुओं की दुकानें खोली गईं। रामनगर-हल्द्वानी में हुए बवाल को देखते हुए रामनगर में एसडीएम ने धारा 144 लागू कर दी।

जबकि क्षेत्र के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों को बंद कर दिया गया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारी पुलिस फोर्स रामनगर कोतवाली में तैनात हो गया।

एसडीएम राहुल शाह, तहसीलदार कुलदीप पांडे, सीओ गगन भंडारी, कोतवाल अरुण सैनी ने कोतवाली में पुलिस कर्मियों को ब्रीफ करते हुए पूरे शहर में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को सावधान और सचेत रहने का संदेश दिया। एसडीएम राहुल शाह ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

### पुलिस हर स्थिति से निपटने को तैयार

कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने कहा कि रामनगर पुलिस किसी भी प्रकार की स्थिति निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें। शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखें। अन्यथा अफवाह फैलाने वाले लोगों के साथ-साथ उपद्रव का प्रयास भी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### हल्द्वानी की घटना ने खोलीं देवभूमि के लोगों की आंखें

**चम्पावत, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन ने हल्द्वानी की घटना को देवभमि के माथे में कलंक बताते हुए कहा कि इस घटना ने लोगों को सचेत करते हुए उनकी आंखें खोल दी हैं। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष नवीन करायत के ने कहा कि बनभूलपुरा (हल्द्वानी) में सरकारी कर्मचारी एवं पुलिस पर किया गया हमला पूरी तरह पूर्व नियोजित था। दंगाइयों द्वारा पत्थर बरसाने एवं पेट्रोल का प्रयोग कर सरकारी वाहनों को आग के हवाले करने की घटना को पूरी तरह राजद्रोह की संज्ञा देते हुए इसे यूपी की योगी सरकार की तर्ज पर सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान की पूरी वसूली करने के साथ इन पर एनएसए लगाने की भी मांग की है।

### सरकार व प्रशासन पर लगाए आरोप

**रामनगर, अमृत विचार :** विभिन्न संगठनों ने संयुक्त बयान में हल्द्वानी की घटना पर चिंता जताते हुए सभी मृतकों और घायलों के प्रति अपनी संवेदना जताई। साथ ही उनके लिए उचित मुआवजे की मांग की। उत्तराखंड लोक वाहिनी के राजीव लोचन साह, उपपा के महासचिव नरेश नौडियाल, वन पंचायत मोर्चा के तरुण जोशी, सद्भावना समिति के भुवन पाठक एवं शंकर दत्त, चेतना आंदोलन के शंकर गोपाल एवं विनोद बडोनी, सर्वोदय मंडल से इस्लाम हुसैन, समाजवादी लोक मंच से ललित उप्रेती एवं मुनीश कुमार, स्वतंत्र पत्रकार त्रिलोचन भट्ट, महिला किसान अधिकार मंच की हीरा जंगपानी ने कहा कि इस घटना में प्रशासन की लापरवाही, जल्दबाजी साफ दिखाई दे रही है।

# जख्म नहीं देखा, अगले दिन फिर ड्यूटी पर हाजिर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा के मलिक के बगीचे में हुए बवाल में नगर निगम के पर्यावरण मित्र भी घायल हुए थे। किसी का मुंह फूटा तो किसी का सिर। पूरा शरीर दर्द कर रहा था लेकिन शुक्रवार की सुबह अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए फिर से ड्यूटी पर हाजिर हो गए।

बीते गुरुवार को नगर निगम के पर्यावरण मित्र भी हाथों में हथौड़े बेल्चे लेकर अवैध निर्माण ध्वस्त करने पहुंचे थे। इस बीच उन्मादी भीड़ ने नगर निगम, पुलिस, प्रशासन की टीम पर पथराव कर दिया था। इस हमले में पर्यावरण मित्र व अन्य कर्मचारियों ने भी पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मोर्चा संभाला था। इस दौरान दर्जनों पर्यावरण मित्र व कर्मी चोटिल हो गए। मोनू, सोनू, नितिन गंभीर चोटिल हुए। उनका सिर, पैर व माथा फूटा था जबकि कई गुम चोटें थीं। उनकी मरहम पट्टी भी की गई थी। इधर, शुक्रवार को मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, डीजीपी के प्रभावित क्षेत्रों में दौरे के मद्देनजर उन्हें फिर से ड्यूटी के लिए बुलाया गया। इस पर घायल कर्मी जख्मी हालत में भी ड्यूटी पर हाजिर हुए। इसके बाद उन्होंने बनभूलुपरा थाने के सामने जलाए गए वाहनों को हटवाने में मदद की।

दूसरे दिन ड्यूटी पर पहुंचे जख्मी पर्यावरण मित्र। ● अमृत विचार

### ऊधमसिंह नगर सीमा पर चला सघन अभियान

**पीरुमदारा, अमृत विचार :** हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में हुए दंगे की आंच ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिखाई दे रही है। कानून व्यवस्था के मद्देनजर पीरुमदारा पुलिस ने चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश जोशी के नेतृत्व में रात्रि के समय ऊधमसिंह नगर बॉर्डर पर सघन जांच की। पीरुमदारा चौकी क्षेत्र में ऊधम सिंह नगर की सीमा लगती है। इसलिए यह अत्यंत संवेदनशील सीमांत पुलिस चौकी कहलाती है। यही नहीं पुलिस ने मुस्लिम बहुल क्षेत्रों और मस्जिदों पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। धारा 144 के कारण पीरुमदारा गांव में लगने वाला क्षेत्र का 50 साल पुराना हाट बाजार भी स्थगित कर दिया गया।

**शरण** दंगाइयों से बचकर भागे 7 पुलिस कर्मियों की जान एक मुस्लिम परिवार ने बचाई

# दहशत में कटे साढ़े 3 घंटे, जान बचाने को जोखिम में डाली जान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ऐसा नहीं था कि सबके सब दंगाई थे। इन्हीं दंगाइयों के बीच कुछ ईमान के पक्के लोग थे। वो लोग जिन्होंने दहशत के घंटों में कुछ पुलिस वालों को न सिर्फ अपनी छत के नीचे शरण दी, बल्कि दंगाइयों से उनकी जान बचाने के लिए अपनी जान भी जोखिम में डाल दी।

लालकुआं कोतवाली में तैनात सिपाही ने बताया कि गुरुवार को वह दंगाइयों से चारों तरफ से घिर गए थे। उस वक्त उनके साथ दमकल में नवनियक्ति महिला दमकल कर्मी भी थीं। उन्होंने जान बचाने के लिए दौड़ लगाई। ऐसे में मलिक का बगीचा में ही रहने वाले एक मुस्लिम परिवार ने अपना दरवाजा खोला और सबको घर के अंदर ले लिया। कुछ ही पल में दंगाई भी पुलिस कर्मियों को तलाशते वहां पहुंच गए।

उन्होंने दरवाजा पीटना शुरू किया। तब इस मुस्लिम ने सारे सात पुलिस कर्मियों को अपनी दुकान में छिपाया और ताला लगा दिया। जिसके बाद उन्होंने उग्र दंगाइयों के लिए दरवाजा खोला। दरवाजा खोलते ही दंगाई अंदर घुसे और तलाशी लेने लगे। उन्होंने उस मुस्लिम को भी धमकाया, जिसने शरण दी थी और कहाकि अगर पुलिस कर्मी उसके घर से निकले तो वह उसे भी मार देंगे।

करीब साढ़े तीन घंटे तक पुलिस कर्मी उसी घर में बंद रहे। जब यह बात आलाधिकारियों तक पहुंची तो उन्होंने बैकअप भेजा। जिसके बाद सभी सुरक्षित निकल सके।

किदवई नगर में निरीक्षण करते प्रशासनिक अधिकारी। ● अमृत विचार

**एक दरोगा को भी मुस्लिम ने बचाया :** गुरुवार के दंगे में एक दरोगा भी फंस गया था। जान बचाकर भाग रहे इस दरोगा को उनका एक पुराना जानने वाला मिल मुस्लिम दोस्त मिल गया। जिसने फौरन ही उन्हें अपने घर में शरण दी और तब तक अपने पास सुरक्षित रखा जब तक पीछे से बैकअप नहीं आ गया।

### थाना धधक रहा था, अंदर फंसे थे 11 अफसर

दंगे की रात दंगाइयों से बचकर भागे एक मजिस्ट्रेट और 11 अधिकारी व पत्रकारों ने बनभूलपुरा थाने को सबसे सुरक्षित स्थान समझा और वहीं शरण ले ली, लेकिन पीछे से दंगाइयों की भीड़ पहुंच गई। उन्होंने थाने के बाहर वाहनों को फूंका और फिर थाने पर हमला कर दिया। इन 11 लोगों ने खुद एक कमरे में बंद कर लिया। दंगाई इस कमरे को खोलने के लिए घन से दरवाजे पर हमला करने लगे। दरवाजा नहीं खुला तो थाने में आग लगा दी। सूचना पर कोतवाली से भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा तो दंगाई भागे और तब तक जाकर अंदर फंसे लोगों को बचाया जा सका।

पुलिस कर्मियों को चाय पिलाते भगवा रक्षा वाहिनी के सदस्य। ● अमृत विचार

### भगवा रक्षा वाहिनी ने लोगों को पिलाई चाय

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भगवा रक्षा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को बनभूलपुरा, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, मुखानी, कुसुमखेड़ा, देवलचौड़, काठगोदान आदि जगहों पर लोगों को चाय व बिस्कुट वितरित किए। इस दौरान वाहिनी के प्रदेश संगठन मंत्री गोपाल सिंह जीना, गोविंद सिंह मेहरा, कमल अधिकारी, परिवेश कुमार, गिरजेश पंत आदि मौजूद रहे।

# बवाल के बाद अल्मोड़ा में भी एहतियात

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अतिक्रमण को लेकर हल्द्वानी शहर में गुरुवार को हुए बवाल के बाद शुक्रवार को अल्मोड़ा में भी पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में रहा। हल्द्वानी की इस घटना का अन्य स्थानों पर कोई प्रभाव ना पड़े। इसके लिए पूरे जिले में सुरक्षा चाक चौबंद व्यवस्थाएं की गई थीं, जबकि खुफिया कर्मियों को भी विशेष एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए।

बीते दिवस हल्द्वानी के वनभूलपुरा क्षेत्र में अवैध निर्माण हटाने के दौरान पुलिस, प्रशासन एवं अन्य कार्मिकों पर हुए हमले और अशांति के माहौल के बाद शुक्रवार को अल्मोड़ा में प्रशासन सख्त हो गया। सुरक्षा के लिहाज से नगर में जगह जगह सुरक्षा बढ़ा दी गई। साथ ही नगर की सभी गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश भी खुफिया विभाग के कर्मचारियों को दिए गए। इधर नगर के अनेक संगठनों ने इस मामले के बाद हल्द्वानी समेत पूरे प्रदेश के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि इस मामले में 14 फरवरी को उत्तराखंड उच्च न्यायालय में संपत्ति के स्वामित्व को लेकर सुनवाई तय हो गई थी। ऐसे में सरकार, पुलिस प्रशासन की जल्दबाजी, अधूरी तैयारी सवालों के घेरे में है।

# चमड़िया में दो ट्रकों की भिड़ंत, एक ट्रक आवासीय परिसर में जा घुसा

## बाल-बाल बच गए व्यापारी व राहगीर, घटना के बाद मची अफरातफरी

▸▸ सूचना पर पहुंची पुलिस ने जुटाई घटना की जानकारी

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर चमड़िया क्षेत्र में दो ट्रकों की भिड़ंत से अफरातफरी मच गई। टक्कर के बाद एक ट्रक असंतुलित होकर हाइवे किनारे आवासीय परिसर की ओर जा घुसा। गनीमत रही की कोई राहगीर व व्यापारी चपेट में नही आया और बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना में दोनों वाहनों के चालक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाई।

अल्मोड़ा से हल्द्वानी की ओर जा रहे ट्रक यूके 04 सीबी 8959 तथा निर्माण सामग्री लेकर हल्द्वानी से पहाड़ की ओर जा रहे ट्रक में भिड़ंत हो गई। दोनों वाहनों की टक्कर से बाजार क्षेत्र में हड़कंप मच गया। टक्कर के बाद एक ट्रक हाइवे किनारे स्थित आवासीय परिसर की ओर जा घुसा। गनीमत रही कि कोई राहगीर, व्यापारी व आवासीय मकान में रह रहे लोगों के परिवार चपेट में नही आए और बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना से हाइवे पर आवाजाही भी ठप हो गई। सूचना पर पहुंची खैरना पुलिस की टीम ने हाइवे पर यातायात सुचारु करवाया। दुर्घटना में दोनों वाहन चालकों को भी चोट पहुंची है।

# खैरना में बस से गिरी स्कूली छात्रा

▸▸ घायल हालत में स्थानीय लोगों ने पहुंचाया अस्पताल

▸▸ सीएचसी में किया गया प्राथमिक उपचार, बड़ा हादसा होने से बचा

**गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर बस से स्कूली छात्रा के गिरने से हड़कंप मच गया।

आनन फानन में बस चालक व स्थानीय लोग छात्रा को उपचार के लिए सीएचसी गरमपानी लेकर पहुंचे। अस्पताल में उसका प्राथमिक उपचार किया गया। गनीमत रही की स्कूली छात्रा बाल बाल बच गई। और बड़ा हादसा टल गया।

राजकीय इंटर कॉलेज शेर में बारहवीं कक्षा में अध्ययनरत दो छात्राएं प्रयोगात्मक परीक्षा देने को अपने गांव बजीना से जीआइसी जैनाली को रवाना हुई। प्रयोगात्मक परीक्षा देने के बाद दोनों किसी कार्य से केएमओ बस में सवार होकर खैरना बाजार क्षेत्र को निकली। खैरना बाजार के समीप पहुंचने पर दोनों ने उतरने के लिए बस रुकवाई ही थी की तभी एक छात्रा असंतुलित होकर बस से गिर गई। छात्रा के बस से गिरने से हाईवे पर गिर बाजार में हड़कंप मच गया। बस चालक ने भी सूझबूझ का परिचय दें बस रोक ली तथा स्थानीय लोगों की मदद से चोटिल छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरमपानी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने छात्रा का उपचार किया। गनीमत रही की छात्रा को मामूली चोट पहुंची और बड़ा हादसा टल गया। अस्पताल में उपचार के बाद छात्रा को छुट्टी दे दी गई। अस्पताल में कुछ देर रुकने के बाद दोनों छात्राएं घर की ओर रवाना हो गई।

## भीमताल क्षेत्र में चलाया जाए वृहद सत्यापन अभियान

**भीमताल :** भीमताल और आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों विभिन्न उत्पादों को घर-घर जाकर बेचने वालों की संख्या अचानक बढ़ गई है। वहीं इन दिनों भीमताल में कई वैध और अवैध निर्माण भी जारी हैं।

इन स्थितियों में कई अधिक संख्या में बिहार और यूपी से मजदूर मिस्त्री डेरा डाले हुए हैं। समय-समय पर पुलिस द्वारा इनके पतों के सत्यापन का कार्य किया जाता रहा है। पर लंबे समय से विभिन्न गतिविधियों के चलते यह कार्य प्रभावित है।

वहीं महरागांव से लेकर जंगलियागांव तक लगभग 100 से अधिक निर्माण गतिमान हैं। ऐसे में कई मजदूरों के पतों का सत्यापन उनके पास है पर कई मजदूर जो कि किसी भवन में किसी विशेष कार्य के लिए यहां आते हैं अपने पतों का सत्यापन नहीं कराते हैं। हल्द्वानी की घटना को देखते हुए पुलिस द्वारा इनके पतों का सत्यापन का कार्य कठोरता के साथ करने की मांग जोर पकड़ रही है।

# सड़क को लेकर ग्रामीणों का अनशन जारी रहा

अनशन स्थल पर मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** सुदूरवर्ती ग्राम सभा अमतोली में पातली, अमतोली, मल्ली सिमली, भलोन मार्ग को रियाण, डोला, जलना से मिलान न किए जाने से शासन-प्रशासन से बेहद खफा है।

इसी मांग को लेकर ग्रामीणों का क्रमिक अनशन दूसरे दिन भी जारी है। सामाजिक कार्यकर्ता चंद्र दत्त सती ने कहा कि अमोटा से रियाण तक चार किलोमीटर मार्ग का मिलान करना जरूरी है। इससे विकासखंड कोटाबाग व बेतालघाट दो ब्लाकों के 20 से 30 ग्राम पंचायतों के लगभग दो हजार से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकते हैं।

कई बार अवगत कराने के बाद भी जब कोई सुध नही ली गयी तो मजबूरन उन्हे क्रमिक अनशन करने को मजबूर होना पड़ा है। क्रमिक अनशन पर चंद्र दत्त, नवीन चंद्र, तारी राम, हेम चंद्र, प्रकाश चंद्र,दीप चंद्र, कैलाश चंद्र ,रमेश पांडे, ललित पांडे,गणेश नाथ, त्रिलोक नाथ नंद लाल, विनोद जोशी, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रकाश सती,गीता देवी, पिंकी गोस्वामी, दीपा देवी, कीर्ति,अनिता,प्रेमा, नरी देवी, मुन्नी देवी, संजय, महेश चंद, भवना क्रमिक अनशन पर बैठे।

## ग्रामीणों का राज्य स्तरीय सम्मेलन कल

**रामनगर, अमृत विचार :** जंगली जानवरों व बंदरों से इंसानों, फसलों व मवेशियों की सुरक्षा की मांग को लेकर 11 फरवरी, रविवार को आहूत उत्तराखंड स्तरीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा मालधन, ढेला, चुकम, सुंदरखाल, मोहान, गर्जिया आदि क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान के दौरान समिति के सह संयोजक महेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड में दिन प्रतिदिन टाइगर, तेंदुए जैसे हिंसक जानवरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। पौड़ी जिले में सरकार ने आदमखोर टाइगर/तेंदुए को मारने या पकड़ने की जगह कर्फ्यू लगाकर लोगों को घरों में कैद कर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में जंगली जानवरों के हमले में 1 हजार से अधिक लोग मारे गए हैं तथा 5 हजार से अधिक घायल हो चुके हैं। सरकार व वन प्रशासन नाममात्र का मुआवजा देकर अपना पल्ला झाड़ ले रहे हैं। इस दौरान सोबन तड़ियाल, संजय मेहता, हीरा सिंह, ललित पांडे, सरस्वती जोशी, कौशल्या चुनियाल, मुनीष कुमार, राजेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

# निजी बैंकों में लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

▸▸ सीसीटीवी कैमरे की परखी स्थिति, दिए विभिन्न दिशा निर्देश

▸▸ बाजार में भी सत्यापन अभियान चलाकर की गई जांच

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** खैरना चौकी पुलिस ने क्षेत्र में सत्यापन अभियान तेज कर दिया है। विशेष अभियान चलाकर मकान मालिकों से किराएदारों का सत्यापन कराए जाने का आह्वान किया। बाजार में स्थित निजी बैंकों में भी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले सीसीटीवी चैक किए। होटल व रेस्टोरेंट स्वामियों को भी नियमों के पालन की अपील की। चौकी प्रभारी ने नियमों के उल्लघंन पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

चौकी प्रभारी दिलीप कुमार की अगुवाई में खैरना पुलिस की टीम ने गरमपानी खैरना बाजार क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया। बाजार में स्थित चार बैंकों में बारी बारी से सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति देखी। बैंक कर्मचारियों को सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। बाद में टीम ने गरमपानी से खैरना तक दुकानों का जायजा लिया।

व्यापारियों से नियमों का पालन करने की अपील की। मोबाइल फोन कारोबारियों को कागजात दुरुस्त करने के बाद ही सिम व मोबाइल फोन बेचने को कहा। दुकानों, होटल व रेस्टोरेंट स्वामियों से कार्य करने वाले कर्मचारियों का सत्यापन कराने को कहा। मकान मालिकों से भी किराएदारों से संबंधित पूरी जानकारी समय पर उपलब्ध कराने को कहा। इस दौरान जगदीश धामी, राजेंद्र सती, प्रयाग जोशी आदि मौजूद रहे।

# मोटे अनाज को बढ़ावा देने वाली योजना का दम फूला

▸▸ शुरुआती चरण में भीषण गर्मियों में चार महीने ही हो सका उपलब्ध

▸▸ छह महीने से दुकानों में मंडवे का इंतजार कर रहे कार्डधारक

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** सफेद व गुलाबी राशन कार्ड धारको को गेहूं चावल के साथ-साथ मुफ्त में मंडवा उपलब्ध कराने वाली योजना सर्दियों से पहले ही दम तोड़ गई।

हालांकि भीषण गर्मियों में पांच महीने तक कार्ड धारको को मंडवा उपलब्ध कराए गया पर अब छह माह से भी अधिक का समय बीतने के बावजूद कार्ड धारकों को मंडवा उपलब्ध नहीं सका है। सरकार की योजना हांफ जाने से कार्ड धारकों में नाराजगी भी है। पूर्ति निरीक्षक अनीता पंत के अनुसार आवंटन होने पर मंडवा वितरित किया जाएगा।फिलहाल अभी कोई भी दिशा निर्देश नहीं मिले हैं।

केंद्र सरकार ने मोटे अनाज को प्रोत्साहित करने के लिए तमाम योजनाएं संचालित की। इसी के तहत खाद व नागरिक आपूर्ति विभाग ने सस्ता गल्ला की दुकानों में मंडवा देने की योजना बनाई। अंत्योदय व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े कार्ड धारकों को प्रत्येक महीने चावल व गेहूं के साथ मुफ्त में एक किलो मंडवा उपलब्ध कराने की रणनीति तैयार की गई। बकायदा नैनीताल व ऊधमसिंह नगर जनपद से योजना का श्रीगणेश भी हुआ। शुरुआत में प्रचंड गर्मी के दिनों में मई से अगस्त के महीने तक तक कार्ड धारकों को मंडवा उपलब्ध भी कराया गया पर जरुरत के समय सर्दियों में मंडवा राशन की दुकानों से गायब हो गया। मंडवा उपलब्ध ना होने से कार्ड धारक निराश भी है। बीते सितंबर से छह माह का लंबा समय बीतने के बावजूद अब तक बेतालघाट व रामगढ़ ब्लॉक के लगभग दस हजार से अधिक कार्ड धारकों को मंडवा नहीं मिल सका है। ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश सचिव शेखर दानी के अनुसार शुरुआती चरण में योजना को लेकर खूब ढोल पीट जाते हैं। पर योजना का सही ढंग से क्रियान्वयन नहीं किया जाता जिस कारण योजना का लाभ मिलने से ग्रामीण वंचित तो जाते हैं। इधर बेतालघाट की पूर्ति निरीक्षक अनीता पंत के अनुसार अभी उच्चाधिकारियों से कुछ भी दिशा निर्देश नहीं मिले हैं। मंडवे का आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है आवंटन मिलने पर वितरण कार्य किया जाएगा।

## सड़क निर्माण की आड़ में पत्थर तस्करी का आरोप

**गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी पर चमड़िया क्षेत्र से लोहाली ग्राम पंचायत के तीन तोकों को जोड़ने के लिए विधायक निधि के बजट से बनाई जा रही सड़क का विवादों से पीछा नहीं छूट रहा। पूर्व के मामले शांत हो ही सके थे की अब निर्माणाधीन मोटर मार्ग से पत्थर तस्करी का मामला सामने आ गया है।भाजपा नेता ललित दानी ने मध्य रात्रि लोडर मशीन से तस्करी का आरोप लगा कार्रवाई की मांग उठाई है। चमड़ियां क्षेत्र से लोहाली ग्राम पंचायत के तीन तोकों को जोड़ने के लिए विधायक सरिता आर्या ने विधायक निधि से बजट स्वीकृत किया है। शुरुआत से ही सड़क विवादों में रही है। अभी कुछ दिन पहले विवाद थम ही सका था की अब रात के समय लोडर मशीन की मदद से डंपरों में पत्थरों की तस्करी किए जाने का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। निर्माणाधीन सड़क की आड़ में रात के अंधेरे में हो रही पत्थर तस्करी से स्थानीय लोगों में गहरा रोष व्याप्त है।

# क्षैतिज आरक्षण बिल पास होने पर हर्ष जताया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के तत्वावधान में राज्य अतिथि गृह में बैठक का आयोजन किया गया।

इसमें उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों द्वारा विधानसभा में राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों को क्षैतिज आरक्षण बिल पास होने पर धन्यवाद दिया। इस अवसर पर आंदोलनकारियों ने मिष्ठान वितरण किया। राज्य आंदोलनकारियों की इस बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद नैनीताल के पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी मंटू तथा संचालन पान सिंह सिजवाली ने किया। बैठक में जिलाध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट, कंचन चंदोला, शाकिर अली, मनमोहन कनवाल इंदर सिंह नेगी, महेश जोशी, लक्ष्मी नारायण लोहनी, वीरेन्द्र सिंह, लीला बोरा, असीम बख्श, हरेन्द्र सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

## वनाग्नि से निपटने के लिए तैयारी शुरू

**रामनगर :** फायर सीजन के शुरू होने से पूर्व ही कार्बेट पार्क प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। इसको लेकर वनाग्नि सप्ताह में पार्क प्रशासन द्वारा कॉर्बेट पार्क से लगते ग्रामीण क्षेत्रों में गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व के पार्क वार्डन अमित ग्वासाकोटी ने बताया कि हमारे द्वारा वनाग्नि की घटनाओं से निपटने के लिए 12 मास्टर क्रू स्टेशन के साथ ही 50 क्रू स्टेशन के जरिए वनाग्नि की घटनाओं को रोका जाता है।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

# हाइवे की मरम्मत को बजट के बावजूद निर्माण कार्य अधूरे

▸▸ जल्द कार्य पूरे न करवाए जाने पर आंदोलन की चेतावनी

▸▸ व्यापारी नेता ने एनएच प्रशासन पर लगाया आरोप

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर निर्माण कार्यो में लापरवाही का आरोप लगा प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह बिष्ट ने मोर्चा खोल दिया है। आरोप लगाया की करोड़ों रुपये का बजट मिलने के बावजूद जगह जगह कार्य अधूरे छोड़ दिए गए हैं। हाइवे किनारे नाली खदान कर छोड़ दी गई है जिससे हाइवे से उठ रही धूल से व्यापारियों का कारोबार प्रभावित होता जा रहा है। दुर्घटना का खतरा भी दोगुना हो चुका है। दोपांखी क्षेत्र में पहाड़ी कटान का कार्य अधूरा होने से भूस्खलन का खतरा बढ़ता जा रहा है बावजूद संबंधित विभाग अनदेखी पर आमादा है।

कुमाऊं की लाइफ लाइन अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे को दुरुस्त करने के लिए केंद्रीय सड़क व भूतल मंत्रालय ने 39 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है। बजट स्वीकृत होने को लंबा समय बीतने के बावजूद हाइवे जगह जगह बदहाल है। अतिसंवेदनशील दोपांखी क्षेत्र में हाइवे चौड़ीकरण को काटी गई पहाड़ी का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे पहाड़ी से भूस्खलन खतरा बढ़ता ही जा रहा है। लगातार लापरवाही किए जाने पर व्यापार मंडल अध्यक्ष चमड़ियां विक्रम सिंह बिष्ट का पारा चढ़ गया है। विक्रम सिंह ने आरोप लगाया है की हाइवे को दुरुस्त करने के लिए बजट उपलब्ध होने के बावजूद जनहित से खिलवाड़ किया जा रहा है। चमड़ियां बाजार क्षेत्र में हाइवे किनारे बरसाती नाली निर्माण को खदान तो कर दिया गया है पर निर्माण शुरु नहीं किया जा रहा जिससे लगातार उठ रही धूल से दुकानों का सामान खराब होते जा रहा है साथ ही नाली के खुली होने से दुर्घटना का खतरा भी दोगुना हो चुका है। बावजूद एनएच के अधिकारी लापरवाही पर आमदा है। खैरना ईकाई के संगठन अध्यक्ष गजेंद्र नेगी, मनीष तिवारी, गोविन्द सिंह, महेंद्र सिंह, दीवान सिंह बिष्ट आदि व्यापारियों ने जल्द नाली निर्माण करने, धूल से बचने को हाइवे पर पानी का छिड़काव करने तथा दोपांखी क्षेत्र में भी लंबित पड़े कार्य को अतिशीघ्र पूरा करवाने की मांग उठाई है।

# गूल में आधे-अधूरे कार्य से जनता परेशान

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल के समीप नौकुचियाताल में एक गूल में सिंचाई विभाग द्वारा कराए गए आधे अधूरे कार्य से जनता खासी परेशान है। स्थानीय निवासी और जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस कार्तिक कर्नाटक बताते हैं कि कुछ दिन पूर्व नौकुचियाताल से भीमताल को जाने वाली गूल की सिंचाई विभाग ने सफाई कराई। सफाई कराने के साथ-साथ जहां इसकी गाद और मिट्टी को बाहर फेंकवाना था, वह वहीं पड़ी हुई है।

इतना ही नहीं आधा अधूरा कार्य होने के कारण पानी इसमें ठहर रहा है और गंदगी के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में बदबू आ रही है। इस दौरान बताया कि अब चूंकि गर्मी का मौसम आने को है ऐसे में अभी से इस क्षेत्र में मच्छर और मक्खी भी पैदा हो गए हैं। स्थानीय निवासियों के साथ-साथ प्रभावित लोगों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से जनहित में मामले को संज्ञान में लेकर नहर का कार्य पूर्ण करने और एकत्र गाद और मिट्टी को वहां से हटाने की मांग की है।

गूल के किनारे एकत्र मिट्टी। ● अमृत विचार

महंगाई | विकल्प मिलने पर गृहणियों ने भी बनाई लहसुन से दूरी

# गार्लिक पेस्ट ने दी महंगे लहसुन से राहत

▸▸ बाजार में घटी लहसुन की बिक्री, गार्लिक पेस्ट की बिक्री ने पकड़ी रफ्तार

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** लहसुन के दाम आसमान चढ़ने के बाद अब लोगों की रसोई में लहसुन की जगह बाजार में बिकने वाले लहसुन पेस्ट ( रेडीमेड गार्लिक पेस्ट) ने जगह बना ली है।

बाजार में पांच से दस रुपये के पैकेट में बिकने वाले गार्लिक पेस्ट की बिक्री बढ़ गई है। पांच सौ रुपये किलो लहसुन खरीदने के बजाय गृहणियां भी गार्लिक पेस्ट के पैकेट खरीद तड़के में लहसुन की कमी को पूरा कर दे रही है। खैरना के व्यवसाई दीपक सिंह बिष्ट के अनुसार ग्राहक दस -दस पैकेट एक साथ खरीद लें जा रहे हैं।

कोसी घाटी स्थित गरमपानी, खैरना, सुयालबाड़ी, बेतालघाट, सिमलखा समेत तमाम बाजारों में लहसुन लोगों की पहुंच से दूर हो गया है। वर्तमान में लहसुन की कीमत पांच सौ रुपये किलो से भी पार जा पहुंची है। आसमान चढ़ती कीमतों के कारण अब क्षेत्र के सब्जी दुकानदार बड़ी मंडियों से लहसुन लाने में कतराने लगे हैं। मंहगे दाम होने से लहसुन की बिक्री प्रभावित हो चुकी है। दामों में बढ़ोतरी होने से अब लोगों ने बाजार में बिकने वाले विभिन्न कंपनियों के रेडीमेड गार्लिक पेस्ट को महंगे लहसुन का विकल्प बना लिया है। अमूमन बाजार में पांच से दस रुपये की कीमत में उपलब्ध गार्लिक पेस्ट को ही लोग लहसुन की जगह इस्तेमाल कर रहे हैं। गृहणियां भी गार्लिक पेस्ट से दाल व सब्जियों में लहसुन की कमी को पूरा कर रही है। कभी कभी बिकने वाले गार्लिक पेस्ट की बिक्री इन दिनों एकाएक बढ़ चुकी है। गार्लिक पेस्ट ने मंहगे लहसुन को रसोई से बाहर का रास्ता दिखा अपनी जगह बना ली है। खैरना के व्यापारी दीपक सिंह बिष्ट के अनुसार गार्लिक पेस्ट की खूब बिक्री हो रही है। बकायदा दस दस पैकेट एक साथ बिक रहे हैं। मंहगाई की मार पड़ने से लहसुन की बिक्री ठप हो चुकी है। गृहणी इंदु बिष्ट, ममता देवी, विमला देवी, दया देवी, मुन्नी देवी के अनुसार गार्लिक पेस्ट लहसुन की कमी को पूरा कर दे रहा है। पांच सौ रुपये प्रति किलो लहसुन खरीदने से गार्लिक पेस्ट बेहद सस्ते दाम में उपलब्ध हो रहा है। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार लहसुन के उलट अब हल्द्वानी आदि बाजारों से थोक में गार्लिक पेस्ट ही मंगाया जा रहा है।

## रात में गलन भरी ठंड दिन में चढ़ रहा तापमान

**हल्द्वानी :** बारिश के बाद दिन में मौसम साफ रहने लगा है। दिन के समय तापमान में भी बढ़ोतरी हो रही है। रात के समय तापमान में भारी गिरावट आ रही है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार विगत दिनों पहाड़ों में हुई बर्फबारी की वजह से रात के समय गलन भरी ठंड पड़ रही है। रात को तापमान में भारी गिरावट आ रही है। दिन के समय अब तापमान चढ़ने लगा है और दोपहर के समय हल्की गर्मी का भी एहसास हो रहा है। हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 20.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री दर्ज किया गया है। दिन और रात के तापमान में करीब 16 डिग्री का अंतर दर्ज किया जा रहा है। मौसम इसी तरह बना रहेगा हालांकि दिन में तापमान में बढ़ोतरी होगी।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें * | मुफ्त भर्ती एवं पलंग * | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा * | मुफ्त टीकाकरण *
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन * | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा *
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे *
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत दिनांक 10 से 28 फरवरी 2024 तक रोहिलखंड हॉस्पिटल के कमरा नं. 1167 में फाईलेरिया की दवाई मुफ्त में मिलेगी।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पेनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्यता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पेनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफ्वे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

# रासायनिक आपदा से निपटने को किया मॉकड्रिल

## काशीपुर की आईजीएल में एथनील ऑक्साइड और रॉकेट कंपनी में क्लोरीन गैस का रिसाव, डीएम ने आईआरएस सिस्टम किया एक्टिवेट

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** ऊधमसिंह नगर में काशीपुर की आईजीएल और पंतनगर में रॉकेट इंडिया में कैमिकल (इंडस्ट्रीयल) डिजास्टर पर आधारित मॉकड्रिल किया गया। इस दौरान दोनों ही कंपनियों में ऑनसाइड और ऑफसाइड मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। काशीपुर के आईजीएल में सुबह 10.55 बजे और पंतनगर के रॉकेट इंडिया में 10.52 बजे मॉकड्रिल शुरू हुआ।

शुक्रवार को मॉकड्रिल में आपदा परिचालन केंद्र को आईजीएल काशीपुर से एथनील ऑक्साइड गैस रिसाव के कारण आगजनी होने और रॉकेट इंडिया से क्लोरीन गैस रिसाव की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी के निर्देशन में आईआरएस सिस्टम को एक्टिवेट किया गया। आईजीएल में एथिनाइल ऑक्साइड गैस रिसाव होने की सूचना 10.55 बजे प्राप्त होने पर फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस और एनडीआरएफ की टीमों को मौके पर भेजा गया। टीमों ने आईजीएल की सैफ्टी टीम के साथ मिलकर रेस्क्यू अभियान चलाया। रेस्क्यू अभियान में चार प्रभावितों में से दो प्रभावितों को एम्बुलेंस के माध्यम से एलडी भट्ट चिकित्सालय भेजा गया। जबकि मामूली रूप से प्रभावित दो लोगों को घटना स्थल पर ही उपचार दिया गया। गैस लीकेज रोकने के साथ ही रेस्क्यू अभियान 11.16 बजे समाप्त हुआ। इसी प्रकार रॉकेट इंडिया में क्लोरीन गैस के लीक होने और लगभग सात व्यक्तियों के गैस के प्रभाव में आने की सूचना मिलने पर एनडीआरएफ, सिडकुल पुलिस चौकी से पुलिस, फायर टीम, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के साथ ही एम्बुलेंस टीम घटना स्थल पर भेजी गई। रेस्क्यू अभियान में, सात व्यक्तियों को सुरक्षित और प्रभावितों को अलग-अलग समय पर रेस्क्यू कर एम्बुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय भेजा गया। गैस लीकेज रोकने के साथ ही रेस्क्यू अभियान 11.25 बजे समाप्त हुआ। इमर्जेन्सी में अनावश्यक भीड़ न हो और प्रभावित को बिना किसी बाधा के उपचार मिल सके और तीमारदारों सहित सभी को सही से जानकारी प्राप्त हो, इसके लिए चिकित्सालय में सूचना व्यवस्था के लिए अलग से व्यवस्था की गई थी।

रुद्रपुर कलेक्ट्रेट में बने इमर्जेंसी ऑपरेशन सेंटर से जानकारी लेते अधिकारी। ● अमृत विचार

घायलों का उपचार करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

### काशीपुर में राधे हरि और रुद्रपुर में पुलिस लाइन को बनाया गया स्टेजिंग एरिया

**रुद्रपुर।** काशीपुर में राधे हरि स्नातकोत्तर महाविद्यालय को और रुद्रपुर में पुलिस लाइन को स्टेजिंग एरिया बनाने के साथ डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम सभागार को इमर्जेन्सी ऑपरेशन सेंटर बनाया गया। इमर्जेन्सी ऑपरेशन सेंटर में कमांड पोस्ट, कमांड स्टाफ, लोजिस्टिक सैक्शन, प्लानिंग सैक्शन, ऑपरेशन सैक्शन बनाने के साथ ही साइडों पर संचालित गतिविधियों को देखने और दिशा-निर्देश के लिए दो तरफा ऑनलाइन संवाद की व्यवस्था प्रोजेक्टर के माध्यम से की गई।

### केमिकल आपदा के दौरान घायल, चोटिलों के जीवन की रक्षा करना उद्देश्य

**रुद्रपुर।** अपर जिलाधिकारी ने कहा कि केमिकल आपदा से होने वाली दुर्घटनाओं से निपटने के लिए मॉकड्रिल आयोजित की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य किसी भी केमिकल आपदा के दौरान घायल एवं चोटिल व्यक्तियों के अमूल्य जीवन की रक्षा करना, सभी एजेंसियों का रिस्पांस चेक करना व सभी स्टेक होल्डर्स के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है।

### रासायनिक आपदा से निपटने का अभ्यास किया

**रुद्रपुर।** एनडीआरएफ के कमांडेंट सुदेश कुमार ने कहा कि भूकंप एवं बाढ़, आगजनी जैसी घटनाओं एवं मॉकड्रिल में एनडीआरएफ की टीम शामिल होती रही है, लेकिन एनडीआरएफ द्वारा रासायनिक आपदा विषयक बड़े मॉक अभ्यास में शामिल होना, जनपद की संभावित बड़ी रासायनिक आपदाओं से जुड़ी चुनौतियों को करीब से समझने व उनसे निपटने में सहायक होगी। साथ ही औद्योगिक ईकाईयों से यह भी अनुरोध किया कि उनके क्षेत्र में होने वाली ऑनसाइड ऑफ साइड मॉक अभ्यास में एनडीआरएफ को भी शामिल किया जाये।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, मुख्य कोषाधिकारी डॉ .पंकज कुमार शुक्ल, उप जिलाधिकारी गौरव पांडेय, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी, जिला अर्थ एवम संख्याधिकारी नफील जमील, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार, एडीपीआरओ महेश कुमार सहित एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, फायर ब्रिगेड, होमगार्ड सहित आईआरएस से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

# मानक के उलट जमीन के बाहर बिछा डाले पाइप

संवाददाता, गरमपानी

**आरोप**
- जल जीवन मिशन योजना में सामने आने लगी अनियमितता
- शिकायतकर्ता ने अनियमितता का आरोप लगाया

**अमृत विचार:** बेतालघाट ब्लॉक के गांवों में जल जीवन मिशन योजना में लापरवाही के मामले सामने आने लगे हैं। शिकायत पर जांच को पहुंची जल संस्थान की टीम ने दो पेयजल योजना के पाइप एक साथ बिछाए जाने तथा मानक के उलट जमीन के बाहर पाइप लाइन बिछाए जाने की पुष्टि की। जल संस्थान के अवर अभियंता सुरेन्द्र प्रताप सिंह के अनुसार जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। शिकायतकर्ता ने मिलीभगत से कार्य में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है।

बेतालघाट ब्लॉक के तल्लाकोट, बादरकोट तथा मल्लाकोट, पनोराकोट गांव में जल जीवन मिशन का कार्य गतिमान है। स्थानीय पुष्कर सिंह पनौरा ने बीते मंगलवार को हुए तहसील दिवस में योजना में अनियमितता का आरोप लगा जांच की मांग उठाई। लगातार आरोप लगने से हरकत में आई विभागीय टीम ने जांच शुरु की। जल संस्थान के अवर अभियंता सुरेन्द्र प्रताप सिंह स्थानीय लोगों तथा शिकायतकर्ता को साथ लेकर गांव पहुंचे। योजना के पाइप लाइनों की स्थिति देखी। जगह जगह पाइप लाइन जमीन से ऊपर

बिछाए जाने की पुष्टि हुई। दो अलग अलग योजनाओं के पाइप भी साथ साथ बिछाए गए दिखाई दिए। अवर अभियंता सुरेन्द्र प्रताप सिंह के अनुसार निरीक्षण रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। शिकायतकर्ता पुष्कर सिंह पनौरा ने भी योजना में अनियमितता पर रोष जताया।

आरोप लगाया कि लाखों करोड़ों रुपये की योजना में अनियमितता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जल संस्थान के सहायक अभियंता दलीप सिंह बिष्ट के अनुसार रिपोर्ट मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साफ कहा कि लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### बिजली चोरी में एफआईआर दर्ज

**किच्छा।** अवर अभियंता ओम कुमार, उपखंड अधिकारी दिनेश चंद्र गुरुरानी, सतर्कता इकाई कुमाऊं के पुलिस निरीक्षक शरद चौधरी, सतर्कता टीम के सहायक अभियंता अंशुल मदान, लाइनमैन जसवंत सिंह की टीम ने ग्राम आजाद नगर स्थित निजी स्कूल के पीछे जितेंद्र सिंह के निवास पर छापामार कार्यवाही की। इस दौरान टीम ने अवैध रूप से विद्युत केबल लगाकर विद्युत चोरी करते रंगे हाथ पकड़ लिया। टीम ने मौके पर अवैध रूप से लगाई गई 25 मीटर विद्युत तार बरामद कर तार को सील कर दिया। विद्युत विभाग की शिकायत पर पुलिस ने विद्युत उपभोक्ता जितेंद्र सिंह के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए जांच प्रारंभ कर दी है।

### परामर्श बाल सखा कार्यक्रम का आयोजन

मार्गदर्शन एवं परामर्श बाल सखा कार्यक्रम हिस्सा लेते विद्यार्थी व शिक्षकगण।

**बाजपुर।** आदर्श राजकीय इंटर कालेज बरहैनी में प्रधानाचार्य महेश कुमार के दिशा निर्देशन में मार्गदर्शन एवं परामर्श बाल सखा कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम प्रभारी रजनी शर्मा के संयोजन में संपन्न हुआ। रजनी शर्मा द्वारा बालक-बालिकाओं की करियर के प्रति रुचि जानने हेतु ड्राप बाक्स में पर्ची डलवाने की गतिविधि करवाई गई, ताकि विद्यार्थियों को उनके रूचिगत क्षेत्र की जानकारी दी जा सके। विद्यार्थियों को करियर चयन हेतु दिशा निर्देशन दिया गया। ब्रेनस्टार्मिंग की गतिविधियों में तर्कशक्ति परीक्षण पहेली पूछना ग्रुप वार्ता आदि को शामिल किया गया। विद्यार्थियों को प्रेरित करने हेतु रजनी शर्मा द्वारा सफल व्यक्तियों के संघर्षमय जीवन आदि की जानकारी दी गई। इसके साथ ही व्यापक रूप से करियर के विभिन्न क्षेत्रों के बारे में विस्तार से बताया गया। विद्यालय में एक मार्गदर्शन एवं परामर्श समिति का गठन भी किया गया। इस मौके पर धर्मेंद्र बसेड़ा, कमल किशोर मौर्य, विशाल कुमार, भवानीदीन, सुरेश चंद्र भट्ट, सुनील कुमार, आशुतोष जोशी आदि मौजूद थे।

### दो पक्षों में मारपीट, दो युवक गिरफ्तार

**बाजपुर।** भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट मामले में पुलिस ने दोनों तरफ से दो युवकों को शांति भंग में गिरफ्तार किया है। सुल्तानपुर पट्टी चौकी प्रभारी एसआई अर्जुन गिरि गोस्वामी ने बताया कि 8 फरवरी को सूचना मिली कि मोहल्ला आदर्शनगर में दो पक्ष आपस में लड़-झगड़ कर शांति व्यवस्था भंग कर रहे हैं जिसके चलते मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक बिशनलाल आगरी ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों पर एक-दूसरे पर आमदा फौजदारी हो गए जिसके चलते धारा 151 सीआरपीसी के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए एक पक्ष के मो .सुलेमान पुत्र जैनब व दूसरे पक्ष के रिजवान पुत्र अब्बास को गिरफ्तार कर लिया जिन्हें शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया।

### हलवाई से मारपीट कर 10 हजार रुपये लूटे

**किच्छा/ पुलभट्टा।** हलवाई का काम कर घर लौट रहे ग्रामीण के साथ दो आरोपियों ने मारपीट कर 10 हजार की नगदी तथा पहचान पत्र लूट लिया। घटना के बाद आरोपियों ने पुलिस में शिकायत करने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलभट्टा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पुलभट्टा थाना अंतर्गत ग्राम सतुईया निवासी पूरन लाल पुत्र नोनी राम ने बताया कि वह करीब 10 वर्षों से सितारगंज में अपने साथी मान सिंह के साथ हलवाई का काम करता है। पीड़ित नोनी राम ने बताया कि विगत 26 जनवरी की शाम को वह सितारगंज से 10 हजार रुपए की धनराशि लेकर ग्राम सतुईया स्थित घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव से कुछ दूरी पहले शिव मंदिर के निकट ग्राम सतुईया निवासीगण आरोपी बंटी तथा उमेश मोटर साइकिल से उसके पास पहुंचे और आरोपी बंटी ने बाइक से उतरकर पीड़ित के साथ गाली गलौज करते हुए 10 हजार की नगदी, आधार कार्ड तथा पैन कार्ड जबरन छीन लिया और मौके से फरार हो गए। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने पुलिस को शिकायत करने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी।

### श्रमिक मौत मामले में प्लांट हेड सहित पांच पर मुकदमा

**रुद्रपुर :** सिडकुल की एक कंपनी में काम करने के दौरान घायल हुए श्रमिक की मौत प्रकरण में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर प्लांट हेड सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संजय नगर खेड़ा थाना ट्रांजिट कैंप निवासी गौरव दास गुप्ता ने बताया कि उसके पिता किरन शंकर दास गुप्ता सिडकुल की इनोवेटिव पैकेजिंग कंपनी सेक्टर चार में दस हजार रुपये प्रतिमाह पर ठेकेदार के अधीन मजदूरी करते थे। पति 30 जुलाई 2023 की शाम साढ़े पांच बजे काम करने कारखाने गए थे और कंपनी प्रबंधन व ठेकेदार की लापरवाही के कारण कार्य करने के दौरान हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में 31 जुलाई को घायल श्रमिक की मौत हो गई। दाह संस्कार करने के बाद कंपनी के एचआर मैनेजर, प्लाट हेड,प्रबंध निदेशक, ठेकेदार अखिलेश कुमार और स्टोर की पर मुकेश कुमार के खिलाफ सिडकुल चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कई बार लिखित शिकायत करने के बाद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

किच्छा/ पुलभट्टा

**अमृत विचार :** करीब 10 दिन पूर्व पुलभट्टा थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक की टक्कर में हुई साइकिल सवार की मौत के मामले में मृतक की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

पुलिस को दी शिकायत में मोहल्ला जाटवपुरा, वार्ड नंबर एक, थाना शेरगढ़, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी प्रेमवती पत्नी स्वर्गीय रोशन लाल ने कहा कि वह अपने पति रोशन लाल पुत्र बालजीत के साथ वर्तमान में वार्ड नंबर 11, मोहल्ला सुनहेरी, किच्छा में किराए पर रहते थे। दिनांक 28 जनवरी की शाम पल्लेदारी करने के बाद उसके पति रोशन लाल अपने साथी सिरौली कला, थाना पुलभट्टा निवासी मुश्ताक अली पुत्र रहमत अली के साथ शाम को साइकिल पर घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक संख्या यूके 06 बी ई 1482 के चालक ने लापरवाही एवं बाइक को तेजी से चलाते हुए पति रोशन लाल की साइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घटना में साइकिल सवार मुस्ताक अली तथा पति रोशन लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में घायल दोनों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल किच्छा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने पीड़िता के पति रोशन लाल को मृत घोषित कर दिया।

# पुलिस ने छापा मारकर 200 कुंतल गौमांस किया बरामद

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने गोकशी किए जाने की सूचना पर औचक छापा मार कार्यवाही की। इस दौरान पुलिस ने मौके से करीब 200 कुंतल प्रतिबंधित गौमांस सहित दो गोवंशीय पशुओं के कटे हुए अंग बरामद कर लिए। पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही गोकशी के सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश प्रारंभ कर दी है।

जानकारी के अनुसार पुलभट्टा थाना पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम सिरौली कला क्षेत्र में तीन आरोपियों द्वारा शाकिर हाजी के गन्ने के खेत में दो गोवंशीय पशुओं को काटकर उनके मांस को ग्राम आजाद नगर के रास्ते उत्तर प्रदेश में ले जाने की तैयारी की जा रही है। सूचना के बाद उप निरीक्षक दीपा अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर औचक छापामार कार्यवाही की। पुलिस के अनुसार पुलिस टीम ने टोर्च की रोशनी में गोकशी कर रहे आरोपियों को पहचान लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान ग्राम सिरौली कला, वार्ड नंबर 20, थाना पुलभट्टा निवासीगण सरताज उर्फ बौरा एवं अख्तर तथा वर्तमान में वार्ड नंबर 18, सिरौली कला तथा मूल निवासी थाना शीशगढ़, जिला बरेली, यूपी निवासी दानिश के रूप में हुई है। पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही तीनों आरोपी खेतों के रास्ते मौके से फरार हो गए। जबकि पुलिस ने मौके पर दो गोवंशीय पशुओं के कटे हुए आठ पैर, दो सिर तथा करीब 200 कुंतल गौमांस बरामद कर लिया। टीम ने मौके पर मांस काटने के तमाम औजार भी कब्जे में ले लिए। घटना की सूचना पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मृगेश चौधरी मौके पर पहुंचे और बरामद मांस का सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ उत्तराखंड गौ वंश संरक्षण अधिनियम की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर फरार आरोपियों की तलाशशुरू कर दी है।

## राजस्व उपनिरीक्षक ने लगाया धमकी का आरोप

**खटीमा।** राजस्व उपनिरीक्षक ने एक व्यक्ति पर जान से मारने की धमकी देने और राजकीय कामकाज में बाधा डालने का आरोप लगाया है। जिसको लेकर राजस्व कर्मियों में भारी आक्रोश है।

तहसील में तैनात राजस्व उप निरीक्षक दीपेश कुमार ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उसके पास फुलैया एवं गुरखुड़ा गांव का चार्ज है। यह भी कहा है कि आठ फरवरी को एक व्यक्ति ने फोन कर अपने शस्त्र लाइसेंस की पत्रावली के संबंध में जानकारी मांगी। यह व्यक्ति दूसरे दिन तहसील में आया और मनमाफिक रिपोर्ट मांगने लगा। जिसपर उपनिरीक्षक ने आख्या के साथ रिपोर्ट देने को कहा। जिसपर उस व्यक्ति ने गाली गलौज और अभद्रता की। उप निरीक्षक ने पुलिस को तहरीर सौंपी है।

## दो लोगों की मौत मामले में केस दर्ज

**किच्छा।** बीते 24 जनवरी को फॉर्च्यूनर कार एवं ट्रक की टक्कर में दो युवकों की मौत के मामले में मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। घटना में दो युवकों की मौत हो गई थी जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। थाना जहानाबाद, उत्तर प्रदेश निवासी दुर्गा चरण पुत्र स्वर्गीय शंकर लाल ने कहा कि उसका पुत्र शिवा गुप्ता अपने मित्र कस्बा नवाबगंज, बरेली निवासीगण आसिफ आलम तथा शिवा गुप्ता के साथ किसी काम से रुद्रपुर आए थे। बीते 23 जनवरी की रात्रि करीब 2 बजे तीनों फॉर्च्यूनर कार से रुद्रपुर से जहानाबाद वापस लौट रहे थे। पिपलिया मोड पर रात्रि 2 बजे ट्रक चालक ने ब्रेक लगा दिए। जिससे दोनों की मौत हो गई।

# डीजल देने से मना करने पर किया फायर, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में सामग्री सप्लाई करने वाले पीड़ित से आरोपी ने बंदूक की नोक पर दबंगई दिखाते हुए अवैध रूप से डीजल की मांग की। पीड़ित के आनाकानी करने पर आरोपी ने बंदूक से फायर कर दिया। घटना में पीड़ित बाल बाल बच गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कुछ घंटे में फायरिंग के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस को दी शिकायत में टीचर कॉलोनी, बहेड़ी, जिला बरेली, यूपी निवासी संजेश सिंह पुत्र रविंद्र सिंह ने बताया कि वह राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में सामान सप्लाई करने का काम करता है। विगत दिवस 8 फरवरी की रात्रि करीब 11 बजे आरोपी हरीश भाकुनी उर्फ फौजी अपनी कार लेकर काली मंदिर क्रॉसिंग के निकट पहुंचा और दो नाली बंदूक दिखाते हुए अवैध रूप से डीजल की मांग करने लगा। आरोप है कि पीड़ित के आनाकानी करने पर आरोपी हरीश भाकुनी ने मांग पूरी न करने पर फायर कर दिया। घटना में पीड़ित बाल बाल बच गया। पीड़ित के अनुसार घटना के तुरंत बाद वह मशीनरी लेकर वापस आया और कंपनी स्वामी को घटना की जानकारी दी।

पीड़ित ने अराजक तत्व आरोपियों से मशीनरी तथा खुद की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई किए जाने की मांग की। पुलिस ने गुरुवार की देर रात्रि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। शुक्रवार को कोतवाली पुलिस की टीम ने फायरिंग के आरोपी हरीश भाकुनी को हल्द्वानी मार्ग पर गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

# छात्रों ने स्टार्ट अप संबंधी रखे प्रस्ताव

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एसबीएस महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय स्टार्ट अप बूट कैंप का समापन हो गया है।

दूसरे दिन कैंप शुभांरभ वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के संयोजक प्रोफेसर पीएन तिवारी ने किया। शुक्रवार को जिला उद्योग केंद्र एवं आईआईएम काशीपुर की ओर से आयोजित कार्यक्रम के दौरान वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के संयोजक प्रोफेसर तिवारी ने युवा प्रतिभागियों को नए विचारों और नवाचारों को प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि नए उद्यमियों के लिए सरकार की ओर से रोज नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। युवाओं को आगे बढ़कर इनका लाभ उठाना चाहिए। इसके बाद जिला उद्योग केंद्र एवं आईआईएम काशीपुर के विषय विशेषज्ञों की टीम के समक्ष बीबीए विभाग के 20 विद्यार्थियों ने स्टार्ट अप संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये। इन स्टार्ट अप संबंधी प्रस्तावों में से 10 को अगले चरण के लिए भेजा जाएगा। इनमें से चयनित दो विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान रोहित ज्याला, अनुभव, तेजेंद्र की टीम ने किसान कर्म के संबंध में अपने प्रस्ताव प्रस्तुत किए और अंजलि, सिमरन, भाविनी ने आरोग्य केयर पर अपने प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विपिन कुमार, रमेश बिष्ट ,प्रो.सर्वजीत सिंह, डॉ. रवीश त्रिपाठी, प्रो. हरीश चंद्र, प्रो.रवीन्द्र कुमार सैनी, प्रो.हेमलता सैनी, प्रो. रेनू रानी, प्रो. मनोज पांडेय, डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. वकार हसन खान आदि रहे।

कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी और अतिथि। ● अमृत विचार

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

रुद्रपुर में नमाज स्थल के आसपास ड्रोन कैमरा उड़ाने का आदेश देते एसएसपी। ● अमृत विचार

## पुलिस फोर्स हुआ कम तो कार्यालय हुए खाली

**रुद्रपुर।** वनभूलपुरा में हुए उपद्रव के बाद जिले की फोर्स को हल्द्वानी बुलाने के बाद शहर में पुलिस फोर्स की भारी कमी होने लगी तो एसएसपी के आदेश पर सीओ कार्यालय, पुलिस कार्यालय, एसपी सिटी कार्यालय, कोतवाली व थाना-चौकी के कार्यालयों में तैनात पुलिस कर्मचारियों को मैदान में उतारा गया और कार्यालयों में ताले लगा दिए गए। सभी कार्यालयों को शस्त्रों के साथ अतिसंवेदनशील इलाकों में तैनात किया गया। जिससे पुलिस कार्यालय खाली हो गए और पुलिस का कामकाज ठप पड़ गया।

रुद्रपुर में चप्पे-चप्पे पर तैनात क्यूआरटी की टीम व पुलिस बल। ● अमृत विचार

# बनभूलपुरा उपद्रव के बाद ऊधमसिंह नगर में हाई अलर्ट

## जुम्मे की नमाज को लेकर चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा फोर्स, ड्रोन से हुई इलाके की निगहबानी, छतों से ईंट-पत्थर किए गए बरामद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुए उपद्रव, थाना फूंकने और गोलीबारी की घटना के बाद ऊधमसिंह नगर में भी हाई अलर्ट जारी कर दिया। जिसको लेकर जहां शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन सजग था। वहीं सुबह होते ही चप्पे-चप्पे पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया और ड्रोन कैमरों से इलाके की निगाहेबानी शुरू हो गई। पु लिस ने ड्रोन कैमरे के माध्यम से कुछ घरों की छतों पर रखे ईंट-पत्थर भी बरामद किए।

बताते चलें कि बनभूलपुरा में धार्मिक स्थल हटाने को लेकर भड़के सांप्रदायिक तनाव के बाद पैदा हुए उपद्रव और कर्फ्यू लगा दिया गया था। उपद्रव में जहां कई लोगों ने अपनी जान गंवा दी और सैकड़ों लोग घायल हो गए। वहीं शुक्रवार की सुबह होते ही एसएसपी मंजूनाथ टीसी खुद मैदान में उतर गए और भारी पुलिस के साथ सीर गोटिया स्थित जामा मस्जिद जुम्मे की नमाज की निगरानी करने लगे। इस दौरान नमाज स्थल के आसपास के घरों पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया और जब ड्रोन कैमरा से इलाके की निगरानी की। तो तीन घरों की छतों पर ईंट व पत्थर रखे पाए गए।

इस पर पुलिस ने ईंट-पत्थरों को नीचे उतारा और वीडियो बना रहे दो युवकों को भी हिरासत में ले लिया। भारी पुलिस के अलावा शहर के सभी नमाज स्थलों पर पुलिस के जवान तैनात थे और खुफिया तंत्र पल-पल की जानकारी जुटा रहा था। इसके अलावा सभी नमाज स्थलों पर ड्रोन कैमरों से निगरानी करने के साथ फोटोग्राफी की गई। इस दौरान एसएसपीने खुद समाज के नेताओं और प्रतिनिधियों से वार्ता कर अमन चैन कायम करने का आह्वान किया। साथ ही आश्वासन दिया कि वे वजह माहौल खराब करने वालों या फिर समाज के लोगों को उकसाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

रुद्रपुर रेलवे स्टेशन में चेकिंग करती डॉग स्क्वायड टीम। ● अमृत विचार

ड्रोन कैमरे से ली गई रुद्रपुर शहर के एक इलाके की फोटो। ● अमृत विचार

### जामा मस्जिद के हाफिज ने दिया शांति का संदेश

**रुद्रपुर।** वनभूलपुरा में हुए उपद्रव की घटना के बाद जहां जिले में अलर्ट जारी कर दिया गया था। वहीं समाज को नियंत्रित करने के लिए जामा मस्जिद सीर गौटिया के मुखिया हाफिज दानिश मिस वाही ने वीडियो बनाकर समाज को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में हुई घटना के बाद समाज धैर्य और शांति का माहौल बनाए गए। इसके अलावा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक टिप्पणी का संदेश नहीं भेजे। जिससे इलाके में अमन चैन भंग हो सके। उन्होंने समाज को भ्रमण प्रचारों पर ध्यान नहीं देने का भी आह्वान किया।

### एसएसपी ने लोगों से की शांति बनाने की अपील

**रुद्रपुर।** एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने लोगों से अमन चैन बनाने की अपील करते हुए बताया कि हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में हुई घटना के बाद शांति व्यवस्था बनाने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। सोशल मीडिया पर प्रकाशित होने वाली भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान नहीं दें। इसके लिए जिले की साइबर सेल व सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल द्वारा हर टिप्पणी व संदेश पर निगरानी की जा रही है। भड़काऊ पोस्ट भेजने वालों को चिह्नित कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा ड्रोन कैमरा से प्रत्येक गतिविधि भी पुलिस नजर बनाए हुए है। किसी भी व्यक्ति द्वारा माहौल खराब की कोशिश करने वालों की सूचना पुलिस को दे।

### एसपी, एसपी क्राइम व सीओ करते रहे मूवमेंट

**रुद्रपुर।** जहां एक ओर एसएसपी मंजूनाथ टीसी खुद नमाज स्थल पर निगरानी कर रहे थे। वहीं एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल और आईपीएस प्रशिक्षु एवं सीओ सदर पुलिस फोर्स के साथ इलाके का भ्रमण करते रहे और हर उस वार्ड या स्थान पर गए जो अतिसंवेदनशील या संवेदनशील स्थिति का इलाका था। वहां जाकर अधिकारियों ने तैनात पुलिस फोर्स से स्थिति की जानकारी जुटाई।

### यूपी से आने वाले वाहनों की हुई चेकिंग

रुद्रपुर। वनभूलपुरा में हुई उपद्रव की घटना के बाद जहां चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात था। वहीं यूपी की सीमावर्ती इलाकों में पुलिस ने आने जाने वालों की चैकिंग की। इस दौरान पुलिस ने रुद्रपुर-रामपुर, किच्छा हाईवे से करतारपुर मार्ग, पुलभट्टा सहित जिले भर की यूपी सीमाओं पर चेकिंग की गई और वाहनों की तलाशी ली। इसके अलावा सीमा से गुजरने वाले हर व्यक्ति से पूछताछ भी पुलिस ने की।

## हल्द्वानी में पत्रकारों पर हमला करने की निंदा की

**बाजपुर।** हल्द्वानी हिंसा में कवरेज के दौरान पत्रकारों पर हमला कर उन्हें घायल करने तथा उनके वाहनों को जलाने की घटना पर उत्तराखंड पत्रकार यूनियन द्वारा रोष प्रकट करते हुए घटना की कड़ी निंदा की है। साथ ही डीएम नैनीताल वंदना सिंह से सख्त कार्रवाई की मांग की है। यूनियन ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, घायल पत्रकारों का समुचित इलाज व पूरा खर्च वहन करने और कवरेज के लिए हल्द्वानी या उसके आसपास के क्षेत्र में पत्रकारों के जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र कंडारी ने यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष व कुमाऊं प्रभारी राजकुमार फुटेला, जनपद ऊधम सिंह नगर, नैनीताल की समस्त यूनियन की इकाइयों को हिंसाग्रस्त क्षेत्र में घायल पत्रकारों की देखरेख व कवरेज में लगे पत्रकारों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थानीय प्रशासन के संपर्क में रहने को कहा है। कंडारी ने कवरेज में लगे अपने समस्त पत्रकार बंधुओं से कहा है कि कवरेज के दौरान वह अपनी जान-माल की सुरक्षा का भी पूरा ख्याल रखें। वहीं प्रदेश महामंत्री हरीश जोशी, कुमाऊं प्रभारी राजकुमार फुटेला, जिलाध्यक्ष कंचन वर्मा, जिला मंत्री विनोद कुमार, काशीपुर महानगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, बाजपुर अध्यक्ष जीवन सिंह सैनी सहित तमाम पत्रकारों ने हिंसा से पीड़ित पत्रकारों को मुआवजा देने की मांग शासन-प्रशासन से की मांग की है।

## झलकियां

बाजपुर में मुंडिया तिराहे पर तैनात पुलिस फोर्स। ● अमृत विचार

### पुलिस पहरे में पढ़ी जुम्मे की नमाज, शांति की अपील

**बाजपुर।** हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुई हिंसा के बाद शुक्रवार को यहां पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रहा। जगह-जगह भारी संख्या में पुलिस फोर्स को लगाया गया। शुक्रवार को क्षेत्र की मस्जिदों बाजपुर शहर, मुंडिया पिस्तौर, केशवनगर, मझरा बक्श, मुड़िया कलां, कनौरा, कनौरी, गांव बाजपुर, रम्पुरा शाकर, जगन्नाथपुर, सुल्तानपुर पट्टी, बरहैनी, चनकपुर, दयोहरी, ग्राम भव्वानगला, ग्राम गुमसानी, गणेशपुर, ग्राम रामनगर, केलाखेड़ा, ग्राम बरवाला, ग्राम टांडा आजम आदि में पुलिस के पहरे में जुम्मे की नमाज पढ़ी गई तथा खुफिया विभाग की भी प्रत्येक गतिविधि पर नजर रही। नगर के मोहल्ला मुंडिया पिस्तौर स्थित गौसिया मस्जिद में जुमे की नमाज के दौरान तकरीर करते हुए मस्जिद के पेश इमाम कारी अमीर अहमद रिजवी ने कहा कि हल्द्वानी की घटना के बाद सभी को आपस में भाई चारा बनाए रखना है और अफवाहों पर ध्यान न दें तथा ना ही कोई किसी तरह की अफवाह फैलाएं। उन्होंने अपनी तकरीर में इलाके में अमन-चैन कायम रखने की अपील भी की।

बाजपुर में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद कार्यकर्ता।

### हिंसा में शामिल होगों पर दर्ज हो राजद्रोह का मुकदमा

बाजपुर। शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद से जुड़े दर्जनों कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में हुई हिंसा की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी को सौंपा। उनका कहना था कि पुलिस और सेना राष्ट्र का प्रतीक हैं, उन पर हमला करने वालों की संपत्ति जब्त करने के साथ ही राजद्रोह का केस लगना चाहिए तथा उनकी नागरिकता समाप्त करनी चाहिए। विभागाअध्यक्ष भगवंत सिंह मियान ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल यह मांग करता है कि हल्द्वानी में पुलिस कर्मियों पर हमला करने वालों सभी आरोपियों खिलाफ राजद्रोह का मुकदमा कायम हो और उनके घरों पर तत्काल बुलडोजर चलाया जाए। चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उचित कार्रवाई नहीं होती है तो प्रदेशभर में विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर गणेश यादव, राजपाल, शंकर दत्त, जेपी गुप्ता, मिथुन विश्वास, कुलदीप सिंह, देवेश प्रताप सिंह, देवेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

### शांति के साथ पढ़ी गई जुम्मे की नमाज

**किच्छा।** हल्द्वानी में हुई हिंसा के बाद पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया है। सुरक्षा के दृष्टिगत चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। किच्छा में भी प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रहा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ओम प्रकाश शर्मा एवं कोतवाली निरीक्षक सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम पूरी तरह से सतर्क रही। सभी धार्मिक स्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस बल तैनात नजर आया। नगर स्थित सभी मस्जिदों में मुस्लिम समाज के हजारों लोगों ने जुम्मे की नमाज अदा की। इधर पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट के दिशा निर्देशन में ग्रामीण क्षेत्र की सभी मस्जिदों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस टीम तैनात रही। किच्छा कोतवाली एवं पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण निपटने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

खटीमा की बाजार चौकी में मुस्लिम समाज के लोगों के साथ बैठक करते प्रभारी सीओ।

### पुलिस प्रशासन ने मुस्लिम नेताओं संग की बैठक

**खटीमा।** बीते दिवस हल्द्वानी में हुए उपद्रव व आगजनी की घटनाओं के बाद पुलिस ने यहां भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। पुलिस ने जहां मुस्लिम समाज के नेताओं के साथ बैठक लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने को कहा। वहीं जुम्मे की नमाज को देखते हुए नगर की मस्जिदों के अलावा संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा। बाजार चौकी में शांति व्यवस्था बनाए रखने के तहत पुलिस प्रशासन ने मुस्लिम समाज के नेताओं उलेमाओं की बैठक ली और उनसे शांति व्यवस्था बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। इधर बीते दिवस से ही नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। शुक्रवार को भी नगर के एक समुदाय के धार्मिक स्थलों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान प्रभारी सीओ विमल रावत, कोतवाली प्रभारी प्रकाश सिंह दानू, मौलाना इरफानुल हक कादरी, गुड्डू प्रधान, नासिर खान, असलम अंसारी, राशिद अंसारी, अराफात ताहिर आदि मौजूद रहे।

# पुलिस कर्मियों पर हमला निंदनीय: महाजन

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** बीती रात्रि हल्द्वानी में अपनी ड्यूटी निभा रहे सुरक्षा बल प्रशासन कर्मियों व नगर निगम के कर्मचारियों पर अराजक तत्वों द्वारा जानलेवा हमले की एकम सनातन भारत दल के कार्यकर्ताओं ने घर निंदा की तथा सुरक्षा बलों के समर्थन में नगर में प्रदर्शन किया।

शुक्रवार को एकम सनातन भारत दल के दर्जनों कार्यकर्ता दिनेशपुर रोड स्थित कार्यालय पर एकत्र हुए। जहां उन्होंने प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ आरके महाजन के नेतृत्व में हल्द्वानी में कुछ अराजक तत्वों द्वारा सुरक्षा बलों के ऊपर किए गए हमले के विरोध में सुरक्षा बलों के समर्थन में प्रदर्शन किया। एकम सनातन भारत दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आरके महाजन ने कहा की गुरुवार की देर शाम हल्द्वानी में नगर निगम पुलिस और प्रशासनिक टीम वनफूलपुरा में अवैध मदरसे को हटाने पहुंची थी। उसी दौरान अराजक तत्वों द्वारा थाने को आग के हवाले कर दिया इसके अलावा कई पुलिस कर्मियों पर हमला कर दिया जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए और सैकड़ों वाहनों को आग के हवाले कर दिया। महाजन का कहना था कि जिन अराजकतत्वों द्वारा पुलिस पर हमला किया गया है उनके खिलाफ प्रदेश सरकार सख्त कार्रवाई करे और सरकारी संपत्ति का जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई उन्हीं से की जाए। सुरक्षा बलों के समर्थन में प्रदर्शन करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ आर के महाजन, शंकर शर्मा, हरचरण सिंह चन्ना, कुंवर सिंह, गोपाल कश्यप, राजकुमार नैयर, नैनपाल सिंह, संदीप सिंह, अनिल ठाकुर, अजय रावत, गौरव सिंह, सचिन प्रजापति, राजेश दिवाकर, अभय दिवाकर, अमित कुमार, राजेंद्र कुमार रहे।

गदरपुर में सुरक्षा बलों के समर्थन में प्रदर्शन करते एकम सनातन भारत दल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# रिवाल्वर की सर्विस के दौरान चली गोली, युवक की मौत

**हादसा**

- गन हाउस संचालक मौके से हुआ फरार
- भाई के साथ रिवाल्वर ठीक कराने गया था भानु

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शक्ति विहार कॉलोनी के रहने वाले शर्मा परिवार में उस वक्त कोहराम मच गया। जब भाई के साथ लाइसेंसी रिवाल्वर ठीक करने गन हाउस पहुंचा। जहां गन हाउस संचालक की लापरवाही से रिवाल्वर से गोली चल गई और युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर एसएसपी, सीओ सहित आला अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं अस्पताल परिसर में लोगों का जमावड़ा लग गया।

भानु शर्मा।

जानकारी के अनुसार शक्ति विहार कॉलोनी के रहने वाले सचिन शर्मा की लाइसेंसी रिवाल्वर में तकनीकी खराबी आने के कारण शुक्रवार को सचिन अपने छोटे भाई भानु शर्मा और दोस्त के साथ फ्लाईओवर स्थित बाजपुर गन हाउस दोपहर एक बजे रिवाल्वर की सर्विस कराने पहुंचे। बताया जा रहा है कि गन हाउस पर मौजूद संचालक ने जैसे ही रिवाल्वर को अनलॉक किया और ट्रिगर दबाया तो पहली गोली मिस हो गई और इसके बाद गन हाउस संचालक ने पुनः लापरवाही बरतते हुए दूसरी बार ट्रिगर दबाया तो गोली संचालक की हथेली को छूते हुए सामने खड़े 35 वर्षीय भानु शर्मा के पेट में जा घुसी और युवक लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया।

गोली की आवाज सुनकर दुकानदारों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में युवक को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मृतक का भाई युवक को जिला अस्पताल लेकर आए। यहां भी डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर एसएसपी मंजूनाथ टीसी, सीओ सदर निहारिका तोमर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार, एसएसआई कमाल हसन मय पुलिस बल के अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी ओर गोली से युवक की मौत होते है। गन हाउस संचालक उपचार कराने का बहाना बनाकर मौके से फरार हो गया। युवक की मौत की खबर मिलते ही जहां परिवार में कोहराम मच गया। वहीं अस्पताल परिसर में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर, छात्र नेता प्रमोद शर्मा, संदीप चीमा सहित लोगों का जमावड़ा लग गया।

घटना की जानकारी लेते एसएसपी मंजूनाथ टीसी। ● अमृत विचार

> लाइसेंसी रिवाल्वर की सर्विस करने के दौरान चली गोली से युवक की मौत होना लापरवाही को दर्शाता है। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करने के बाद आगे की कार्रवाई करेगी। यदि परिवार के लोग कोई तहरीर देकर कार्रवाई की मांग करते हैं तो पुलिस मामले की जांच कर गन हाउस संचालक के खिलाफ गैर दरातन हत्या का मुकदमा पंजीकृत करेगी।
> **-मंजूनाथ टीसी**, एसएसपी ऊधमसिंह नगर

# इंटरार्क कंपनी के श्रमिकों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट के आदेश को लागू कराने की मांग को लेकर इंटरार्क कंपनी के श्रमिकों ने मोर्चा खोल दिया है। विरोध में श्रमिकों ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। बाद श्रमिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी उदयराज सिंह को ज्ञापन सौंपा और आदेश को लागू कराने की मांग की।

शुक्रवार को जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में श्रमिकों ने हाईकोर्ट ने 11 जनवरी को आदेश पारित कर पंतनगर और किच्छा में बर्खास्त किए गए 12 मजदूरों को नौकरी पर बहाल करने और वेतन देने का स्पष्ट आदेश दिये गये, लेकिन कंपनी मालिक और प्रबंधन आदेशों को भी मानने को तैयार नहीं। अभी तक कंपनी प्रबंधन ने इस आदेश को लागू नहीं किया है। इसके उलट 12 अन्य मजदूरों को भी नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। वहीं दोनों प्लांटों की यूनियनों के अध्यक्ष सौरभ कुमार और महामंत्री हृदयेश कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन की मध्यस्थता में हुआ त्रिपक्षीय समझौता 15 दिसंबर 2022 को आधार बनाकर हाईकोर्ट ने यह आदेश पारित किए गए। शासन-प्रशासन भी हाईकोर्ट के इन आदेशों को लागू कराने में कोई दिलचस्पी नहीं ले रहा है। जिससे उच्च न्यायालय के उक्त आदेशों का घोर उल्लंघन हो रहा है।

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते इंटरार्क कंपनी के श्रमिक। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के इन आदेशों को लागू कराने में किए जा रही मनमानी और भेदभाव के खिलाफ सामुहिक रूप से आवाज उठाने की जरूरत है। इस मौके पर वीर सिंह, विनय कुमार, रियाजउद्दीन, नरेंद्र मणी त्रिपाठी'जीत लाल, किशन गिरी, वासुदेव सिंह, पूरन सिंह मेहरा, राजेश शर्मा, उदय सिंह, रविंद्र सिंह, मृत्युंजय कुमार, विशाल पटेल, मंगल सिंह आदि रहे।

## एक नजर

### ओटीपी साझा किया और खाते से उड़े पांच हजार

**बाजपुर।** अनजान व्यक्ति ने बातों में उलझाकर ओटीपी की जानकारी लेकर युवक के खाते से पांच हजार रुपये उड़ा दिए। पीड़ित ने पुलिस से मौखिक शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को दोपहर बाद मामले को लेकर कोतवाली पहुंचे बरेली निवासी सतीश पुत्र मोहनलाल ने मौखिक शिकायत करते हुए पुलिस को बताया कि वह बाजपुर क्षेत्र में पेयजल योजना के तहत हो रहे टंकी निर्माण का कार्य करता है। शुक्रवार को किसी अनजान व्यक्ति ने उसके मोबाइल पर काल की और अपनी बातों में उलझाकर उससे ओटीपी नंबर की जानकारी ले ली। कुछ ही देर में उसके खाते से पांच हजार रुपये की निकासी होने का मैसेज प्राप्त हुआ है।

### बाइक चोरी की जांच शुरू

**खटीमा।** पुलिस ने तीन दिन पहले बैंक के सामने से उड़ाई गई मोटरसाइकिल के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। टीचर्स कॉलोनी निवासी हिमांशु ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि वह छह फरवरी को अल्मोड़ा अर्बन बैंक के सामने बाइक खड़ी कर बैंक में पैसे जमा करने गया था। दो मिनट बाद ही जब वह लौटा तो उसकी बाइक संख्या यूके06 क्यू 5534 वहां पर नहीं थी। काफी ढूंढ खोज करने के बाद बाइक का पता नहीं चला है। पीड़ित ने कहा है कि सीसीटीवी फुटेज में बाइक चोरी करने वाला नजर आ रहा है। पुलिस से हिमांशु की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विधायक बेहड़ ने किया जीजीआईसी का निरीक्षण

## सीएम की ओर से स्कूल में भवन निर्माण की स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री धामी का जताया आभार

संवाददाता, किच्छा

किच्छा स्थित जीजीआईसी का निरीक्षण करते विधायक बेहड़ एवं अन्य लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विधायक तिलकराज बेहड़ ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मुख्यमंत्री धामी द्वारा नये भवन की मंजूरी दिए जाने के बाद कॉलेज परिसर का विभागीय अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पूरे कॉलेज परिसर का पैदल भ्रमण कर कक्षा कक्षों सहित पूरे परिसर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

विधायक बेहड़ ने कहा कि उन्होंने किच्छा विधानसभा क्षेत्र से संबंधित मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को 10 योजनाएं भेजी थीं, जिनमें एक योजना किच्छा में नए बालिका इंटर कॉलेज की स्थापना की भी थी। उन्होंने कहा कि नये कॉलेज के बदले मुख्यमंत्री धामी ने नगर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में नए भवन बनाने की मंजूरी दी है। विधायक बेहड़ ने सीएम धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर क्षेत्र में नए बालिका इंटर कॉलेज बनाने की उनकी मांग जारी रहेगी।

उन्होंने ग्रामीण निर्माण विभाग सहित मौके पर मौजूद अन्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जीजीआईसी में भवन निर्माण का एस्टीमेट जल्द बनाकर सरकार को भेजा जाए और धनराशि स्वीकृत कराने की जिम्मेदारी उनकी रहेगी। उन्होंने आचार संहिता हटने के बाद जल्द से जल्द भवन निर्माण का भरोसा दिलाते हुए कहा कि किच्छा विधानसभा में तेजी से विकास कार्य कराए जा रहे हैं और जल्द ही स्वयं एक जूनियर कॉलेज को गोद लेंगे तथा सभी सरकारी स्कूलों में आवश्यक विकास कार्य कराए जाएंगे।

विधायक बेहड़ ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने काम के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए। जिस तरह बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने की जिम्मेदारी मिली है, बच्चों को पूरी निष्ठा और लगन के साथ शिक्षा ग्रहण कर अपने भविष्य को उज्जवल बनाने की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। इससे पूर्व जीजीआईसी परिसर में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक बेहड़ ने मां सरस्वती की मूर्ति के सम्मुख दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा तमाम कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं एनसीसी की छात्राओं ने विद्यालय पहुंचे अतिथियों का स्वागत किया। जीजीआईसी पहुंचने पर प्रधानाचार्य सुनीता यादव के नेतृत्व में तमाम छात्राओं एवं अध्यापिकाओं ने विधायक बेहड़ का गुलदस्ता भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर उनका जोरदार स्वागत किया और निर्माण कार्य को लेकर आभार जताया। प्रधानाचार्य सुनीता यादव ने कहा कि नए भवन बनने के बाद छात्राओं को वर्तमान में हो रही समस्या से निजात मिलेगी। इस दौरान उन्होंने विधायक बेहड़ को विद्यालय की अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया। मौके पर ग्रामीण निर्माण विभाग के सहायक अभियंता नीरज कांडपाल, कनिष्ठ अभियंता गोपाल भट्ट, एसएमसी अध्यक्ष शिखा चौधरी, अभिभावक संघ अध्यक्ष मंजू प्रजापति, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, कांग्रेस जिला महामंत्री गुलशन सिंधी, विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़, ओमप्रकाश दुआ, नितिन शर्मा, दानिश मलिक, जुनैद मलिक, गुड्डू तिवारी, नीता सहगल, अंजू सक्सेना, बबीता मिड्ढा, नीलिमा शर्मा, रीता पनेरू, मंजूलता आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

बाजपुर में होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में जांच करवाते लोग।

### होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में 109 लोगों की जांच की

**बाजपुर।** होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं उत्तराखंड के निदेशक डॉ.जीएल फिरमाल एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डा.महेश चंद्र जोशी के आदेशानुसार निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन शुक्रवार को वार्ड नंबर-9 नई कालोनी शुगर मिल बाजपुर में किया गया। शिविर में होम्योपैथिक चिकित्सा, योगाभ्यास सत्र, संक्रामक रोगों के विरुद्ध जागरूकता एवं लाइफ स्टाइल मोडिफिकेशन अभियान चलाया गया। आयुष हेल्थ वैलनेस सेंटर बाजपुर की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिखा सम्मल द्वारा 109 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उचित परामर्श दिया गया। फार्मेसिस्ट वतन कुमार द्वारा औषधियों का वितरण गया। 27 लोगों के ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की जांच की गई। योग सत्र में समुदाय के 22 लाभार्थियों ने योग की क्रियाएं सीखीं। इस मौके पर आशा कार्यकर्ता रेखा, सुनीता तिवारी, देवकी दूबे आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में अवैध खनन में सीज डंपर के साथ तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट।

### टीम ने अवैध खनन में लिप्त डंपर किया सीज

**बाजपुर।** राजस्व, खनन व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान अवैध खनन में लिप्त एक डंपर को सीज कर चौकी इंचार्ज सुल्तानपुर की सुपुर्दगी में दिया गया। शुक्रवार को तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट की अगुवाई में संयुक्त टीम ने अवैध खनन व ओवरलोडिंग रोकने के लिए पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्रांतर्गत कोसी नदी बंधा रोड, नेशनल हाइवे आदि जगहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उधर से गुजरे खनन वाहनों को रुकवाकर उनके कागजात इत्यादि चेक किए गए जिसमें एक डंपर को अवैध खनन में लिप्त पाए जाने पर उसे तुरंत सीज कर दिया जिसे मौके पर मौजूद सुल्तानपुर पट्टी चौकी प्रभारी अर्जुन गिरि गोस्वामी की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही है। वहीं इस कार्रवाई से खनन कारोबारियों में हड़कंप मचा रहा।

### पहली फरवरी का हादसा, रिपोर्ट अब दर्ज

**खटीमा।** बाइक चालक द्वारा टक्कर मारकर सड़क किनारे पैदा जा रही महिला को घायल करने के मामले में बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। महिला की बाद में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मुडेली निवासी दलीप चंद ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि एक फरवरी को शाम करीब सात बजे उसकी पत्नी विमला देवी अपनी बहू रेशमा और पोते कौशिक चंद के साथ पैदल शादी समारोह में शिरकत करने जा रही थी। इसी दौरान बाइक संख्या यूके06 बीएफ 6343 जिसमें तीन लोग सवार थे लापरवाही से बाइक चलाते हुए टक्कर मार दी। जिसमें उसकी पत्नी विमला देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसको स्थानीय लोगों द्वारा उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में लाया गया और बाद में नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जिसे राम मूर्ति स्मारक हॉस्पिटल भोजीपुरा में भर्ती कराया गया। तहरीर में कहा है कि दो फरवरी को विमला देवी की मौत हो गई। पीड़ित ने दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस ने 25 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार किए

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** नशे का कारोबार करने वाले लोगों को खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो लोगों को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।

थानाध्यक्ष भुवन चंद जोशी ने बताया कि गुरुवार देर शाम पुलिस टीम सेंट मैरी स्कूल के पास चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान एक स्कूटी स्वार व एक मोटर साइकिल स्वार व्यक्ति पुलिस को देख भागने लगे। पुलिस ने उनको पकड़ लिया। पुलिस ने पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम हरवंश सिंह पुत्र करनैल सिंह निवासी इट्टवा बाजपुर बताया। पुलिस ने उसके पास से 18.04 ग्राम स्मैक बरामद की। वहीं मोटरसाइकिल सवार निशान पुत्र सतनाम सिंह निवासी इट्टावा से 6.7 ग्राम बरामद हुई। पुलिस ने दोनों के पास से 25 ग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### आठ ग्राम स्मैक के साथ एक दबोचा

**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत झनकईया पुलिस ने एक युवक को 7.87 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने स्वयं को खेतलसंडा खाम निवासी आकाश भारती बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# यूसीसी विधेयक पारित होने पर खुशी

संवाददाता, रुद्रपुर

यूसीसी विधेयक पारित होने पर खुशी जताते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित होने पर भाजपाइयों ने खुशी जतायी है। इसको लेकर कार्यकर्ताओं ने शिमला बहादुर में कार्यक्रम का आयोजन किया और मिठाई वितरित की।

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ ने कहा कि उत्तराखंड देश के ऐसा पहला राज्य बन गया है जहां यूसीसी कानून लागू किया गया है। जिसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि अब राज्य में सभी नागरिकों को एक समान न्याय मिलेगा और सभी के लिए कानून भी एक समान होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। ऐसे में यह कानून लागू होने पर राज्य की जनता का भाजपा पर और विश्वास बढ़ेगा। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, संजीव गुप्ता, विनय बंसल, हिम्मत रामकोली, दीपक सागर, शैलेंद्र कोली, राज कोली, सुरेंद्र गुप्ता, प्रीति धीर, ममता त्रिपाठी, अमरदीप सोनकर, पप्पू डे, मधु डे, शिवकुमार, सनी पासवान, राहुल सक्सेना, सपन सरकार, अभिषेक सुधीर समेत कई लोग मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने किया मिष्ठान वितरण

**किच्छा।** उत्तराखंड विधानसभा में यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल पास होने पर भाजपाइयों ने मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया। नगर स्थित दीनदयाल चौक पर एकत्रित हुए तमाम भाजपाइयों ने यूसीसी बिल पास होने पर मिष्ठान वितरण कर एक दूसरे को बधाई दी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। भाजपाइयों ने कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड, लैंड जिहाद, धर्मांतरण कानून, नकल विरोधी कानून जैसे तमाम अहम फैसलों से पूरे देश में उत्तराखंड का नाम रोशन हुआ है। मौके पर नितिन मैसी, राकेश गुप्ता, गोल्डी गोराया, चंदन जायसवाल, सतीश गुप्ता, धनीराम आदि मौजूद रहे।

# दर्जनों लोग कांग्रेस में शामिल

संवाददाता, काशीपुर

काशीपुर में लोगों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाते महानगराध्यक्ष। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** काशीपुर में कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने दर्जनों लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही कांग्रेस के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया।

मझरा रोड स्थित मिलन मैरिज हाल वार्ड नंबर 22 में महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व सभासद पति रईस परवाना व उनके समर्थकों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन ने विश्वास जताया कि सभी लोग एकजुट होकर कांग्रेस को मजबूत करने का कार्य करेंगे और आगामी चुनाव में कांग्रेस की नीति से लोगों को अवगत कराएगे। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वालों गफ्फार, जाकिर, रिंकू सैनी, वकील चौधरी, शिव सैनी, सोहेल रजा, सुमित सैनी आदि शामिल रहे। वही बैठक में शेख अब्दुल अजीज कुरैशी, मंडल अध्यक्ष मनोज पंत, मंडल अध्यक्ष पार्षद फिरोज हुसैन, मंडल अध्यक्ष मंसूर अली मंसूरी, पार्षद आरिफ सैफी, पार्षद नौशाद हुसैन (सोनू), पार्षद नजमी अंसारी, पार्षद सादिक हुसैन, पूर्व पार्षद अब्दुल कादिर, अनीस अंसारी, शहजाद हुसैन, मोहम्मद सेफ, हनीफ गुड्डू, आदि मौजूद रहे।

### काम से निकालने पर भड़के सफाई कर्मी

**नानकमत्ता।** नगर पंचायत द्वारा कई सफाई कर्मचारियों को काम से निकालने का सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने विरोध किया है। उन्होंने ईओ से वार्ता कर चेतावनी दी कि यदि उन्हें निकाला गया तो कर्मचारी आंदोलन करेंगे।

नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों को ईओ विमला जोशी पर 8 सफाई कर्मचारियों को काम से निकालने का आरोप लगाते हुए पंचायत कार्यालय में ईओ से वार्ता कर रोष जताया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कर्मचारियों को निकालने का शासनादेश नहीं मिला है तो आपको निकालने का कोई अधिकार नहीं है। इधर ईओ विमला जोशी ने कहा कि पंचायत में कोई आय न होने से वेतन निकालना मुश्किल हो रहा है। इसलिए आठ कर्मियों के काम पर रोक लगा दिया है।

# गित्ते ने किया मार्ग का शिलान्यास

संवाददाता, बाजपुर

बाजपुर में टाइल्स रोड का शिलान्यास करने पहुंचे पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते।

**अमृत विचार:** निवर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने नगर के वार्ड नंबर-6 मोहल्ला केशवनगर में 8.51 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 110 मीटर (मेन रोड अली अहमद की दुकान से इकबाल के घर तक) टाइल्स रोड का शिलान्यास पूजा अर्चना उपरांत नारियल फोड़कर किया।

इस दौरान चेयरमेन गित्ते ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में जाति-धर्म को दरकिनार कर विकास को प्राथमिकता दी जा रही है और बिना किसी भेदभाव के विकास की गंगा प्रवाहित की जा रही है। नगर के प्रत्येक दरवाजे तक टाइल्स रोड पहुंचाने के लक्ष्य के अनुरूप रोडों का जाल बिछाया जा रहा है। पालिका बोर्ड का संकल्प है कि नगर की कोई भी सड़क कच्ची नहीं रहने दी जाएगी। पालिका बोर्ड व जनता के सहयोग से बाजपुर नगर को देवभूमि का सर्वाधिक विकसित, स्वच्छ व सुंदर नगर बनाने के लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने नगरवासियों से सफाई व्यवस्था व विकास कार्यों में सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया। इस दौरान वार्डवासियों द्वारा चेयरमेन गुरजीत सिंह 'गित्ते' का फूलमाला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर वार्ड सभासद मो.आसिफ, साबिर हुसैन, हामिद हुसैन, साजिद, अतीक अहमद, इकबाल हुसैन, नवाब, सुहैल अली, फुरकान, नन्हें, शाकिर, इरफान, आरिफ, वाजिद, चमन, डा.वसीम आदि मौजूद थे।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**खटीमा।** पिछले 24 घंटे में दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। एक घायल युवक की हालत को गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर के लिए रिफर कर दिया।

सितारगंज रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सैजना निवासी अंकित और मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद अंकित को घर भेज दिया जबकि मुकेश की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर के लिए रिफर कर दिया है। एक अन्य सड़क हादसे में बीते दिवस शाम बंडिया जमौर निवासी वृद्ध शैलेंद्र कुमार पांडे की स्कूटी में टक्कर मारकर घायल कर दिया।

**अखिल भारतीय वॉलीबॉल** | यूपीसीएल को 3-2 से हराया, विजेता टीम को 71 हजार और उपविजेता टीम को 51 हजार का दिया पुरस्कार

# शांतिपुरी वॉलीबॉल क्लब ने जीता फाइनल मुकाबला

संवाददाता, शांतिपुरी

शांतिपुरी में अखिल भारतीय वॉलीबाल की विजेता टीम को ट्रॉफी देते अतिथि।

**अमृत विचार:** शांतिपुरी नंबर दो मनसा देवी मंदिर के पास स्थित खेल मैदान में अखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का खिताब शांतिपुरी वॉलीबॉल क्लब ने जीत लिया है। फाइनल में टीम ने उत्तराखंड पावर कारपोरेशन को 3-2 अंक से हराया। मुख्य निर्णायक अजय वर्मा सहायक निर्णायक निशांत शर्मा रहे।

इससे पूर्व फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तराखंड पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष अतुल गर्ब्याल व अन्य अतिथियों खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। अंतिम दिन के लीग मुकाबले में शांतिपुरी वॉलीबॉल क्लब ने इंडियन आर्मी को 2-1 से हराया। पहले सेमीफाइनल में यूपीसीएल ने गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर को 3-1 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में शांतिपुरी बॉलीबॉल क्लब ने इंडियन आर्मी को 3-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

विजेता टीम को पूर्व दर्जा राज्यमंत्री डा. गणेश उपाध्याय, प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक यूपीसीएल के अधीक्षण अभियंता शेखर त्रिपाठी व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने ट्राफी एवं 71 हजार का चेक देकर सम्मानित किया। उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं 51 हजार का चेक देकर सम्मानित किया गया।

शांतिपुरी वॉलीबाल क्लब के अंकुर को मैन ऑफ़ द मैच, बेस्ट शटल यूपीसीएल के हर्षित चपुर्वेदी, बेस्ट ब्लॉकर यूपीसीएल के आदित्य, बेस्ट लिब्रोशांतिपुरी के शौरभ नौटियाल, बेस्ट अटेकर शांतिपुरी के सावंन तथा बेस्ट अटैकर का आवार्ड रजत चौधरी को दिया गया। इस दौरान टूर्नामेंट के संरक्षक उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन के अधीक्षण अभियंता शेखर त्रिपाठी, नारायण सिंह बिष्ट, एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद शर्मा, विनोद कोरंगा, डॉ. गणेश उपाध्याय, प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा तथा प्रतियोगिता के संरक्षक सदस्य मुन्ना त्रिपाठी व प्रताप सिंह कोरंगा, शातिंपुरी वॉलीबॉल टूर्नामेंट में विशिष्ट अतिथि जूनियर वर्ल्ड कप विजेता राजन सिंह रावत, सेंट्रल हॉस्पिटल हल्द्वानी के ओनर रमेश शर्मा, सेवानिवृत खादी ग्रामोद्योग अधिकारी भुवन चंद्र बुधानी, कपिला स्वीट के ओनर हरीश कपिल, अधीक्षण अभियंता शेखर त्रिपाठी, प्रधान संघ अध्यक्ष दीपा कांडपाल, प्रधान चंद्रकला कोरंगा, सैनिक संगठन अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद जोशी, सेवानिवृत्त कैप्टन देवेंद्र सिंह कोरंगा, विनोद सिंह कोरंगा, दिग्विजय सिंह खाती, महिला समूह की अध्यक्ष कविता तिवारी, हरेंद्र बोरा, सोनू बिष्ट, जगदीश कांडपाल, बिट्टू कोरंगा, जीवन कोरंगा, किशोर रौतेला, भुपाल दानू उर्फ रॉक, यशु कोरंगा, मुकेश रौतेला, मनोहर कोरंगा रहे।

# बच्चों ने खेलों में दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, खटीमा

खटीमा के सिटी कान्वेंट स्कूल में विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि।

**अमृत विचार:** सिटी कॉन्वेंट स्कूल में चल रहे वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। समारोह का शुभारंभ मोहन चंद्र उपाध्याय, प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान, विशेष अतिथि हरप्रीत सिंह, जितेंद्र बत्रा, एनडी तिवारी, अमित सक्सेना ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित किया।

तीन दिनों से चल रही प्रतियोगिता के प्रथम दिन नर्सरी से कक्षा दो, दूसरे दिन कक्षा तीन से कक्षा पांच तथा तीसरे दिन कक्षा छह से आठ तक के बच्चों की विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं कराई गई। जिसमें अंब्रेला रेस, हर्डल रेस, रिंग रेस, बलून रेस, वाटर फिलिंग रेस, बोल थ्रोइंग इन बास्केट, बैलेंस रेस, जिग जेक, जलेबी रेस, रिले रेस, शटल रेस विथ प्रॉप्स, ब्लो एंड ब्लास्ट गेम, थ्री लेक्ड रेस, म्यूजिकल चेयर, सैक रेस आदि प्रतियोगिताएं कराई गई। समापन अवसर पर सभी विजेताओं को मेडल्स तथा अन्य सभी बच्चों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, विद्यालय प्रबंधक तथा प्रधानाचार्य द्वारा विशेष अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर किया गया।

# मुख्यमंत्री आज अल्मोड़ा को देंगे 104 योजनाओं की सौगात

## आजीविका महोत्सव में करेंगे प्रतिभाग, सुबह 11 : 30 बजे हेलीकॉप्टर से आर्मी हेलीपैड पर उतरेंगे, प्रशासन की सभी तैयारियां पूरी

सीएम पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को अल्मोड़ा आएंगे और यहां आयोजित आजीविका महोत्सव समेत तमाम अन्य कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे। सीएम के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन और भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। शनिवार को सीएम अल्मोड़ा में करीब 104 विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर यहां के लोगों को कुछ और सौगातें भी दे सकते हैं।

सीएम पुष्कर धामी सुबह साढ़े ग्यारह बजे हेलीकॉप्टर से आर्मी हेलीपैड पर उतरेंगे। जहां से वह मुख्य बाजार होते हुए शिखर तिराहे तक रोड शो करेंगे। इस दौरान जिले भर के कार्यकर्ता यहां मौजूद रहेंगे। दोपहर बारह बजकर चालीस मिनट पर सीएम धामी आरबी आई परिसर हवालबाग को प्रस्थान करेंगे।

जहां कलश यात्रा के साथ उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा। यहां वह आजीविका महोत्सव के लाभार्थियों से संवाद करेंगे। एक बजकर पंद्रह मिनट पर वह आजीविका महोत्सव स्थल पहुंचेंगे। जहां वह शिल्पकार गैलरी व विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर शिल्पकारों से संवाद भी करेंगे। इस के बाद सीएम करीब 20213.60 लाख रुपये की 104 विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर दीदी भुली हाथ लगाल, उत्तराखंड हौल अमृत काल कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। दो बजकर पंद्रह मिनट पर सीएम आईटीबीपी हेलीपैड हवालबाग की ओर रवाना होंगे और वहां से चंपावत को प्रस्थान करेंगे। सीएम के कार्यक्रम के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्थाएं की हैं। जिले के लोगों को उम्मीद है कि सीएम अपने इस दौरे के दौरान जिले को कई और नई सौगात देकर जाएंगे।

टनकपुर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दौरे को लेकर ठांटा गांव का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

### भाजपा ने भी कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारियां

**अल्मोड़ा :** शनिवार को सूबे के सीएम पुष्कर धामी के अल्मोड़ा में प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को इस कार्यक्रम के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी हैं। पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी मातृशक्ति आजीविका महोत्सव में भाग लेंगे। अल्मोड़ा जिला मुख्यालय में भी कार्यक्रम होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम की तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम के इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए कार्यकर्ता किसी भी प्रकार की कोई कोर कसर ना छोड़ें। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को इस कार्यक्रम में प्रतिभाग कराने का प्रयास करें। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, गोविंद पिलख्खाल, धर्मेंद्र बिष्ट, महेश नयाल, पूनम पालीवाल, ललित दोसाद, अरविंद बिष्ट, प्रकाश भट्ट, मीना भैसोड़ा आदि मौजूद रहे।

### धामी और गडकरी के कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए रूपरेखा तैयार की

**टनकपुर :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 11 फरवरी को ग्राम फागपुर, बनबसा में होने जा रहे गांव चलो अभियान के लिए प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के 13 फरवरी को टनकपुर में कार्यक्रम की तैयारी के संबंध मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय टनकपुर में बैठक आयोजित कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से इन दोनों कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पूरे जिले में प्रचार प्रसार जोर-शोर से किए जाने का भी विशेष आह्वान किया।

### आदर्श गांव के रूप में ठांटा चर्चा में आया

**लोहाघाट :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रस्तावित ठांटा ग्राम में प्रवास को लेकर यह गांव चर्चाओ एवं सुर्खियों में आ गया है। इस गांव में मुख्यमंत्री के प्रवास की तैयारियों का जायजा लेने अधिकारियों को पता चला कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम प्रधान की जागरूकता के कारण ऐसे गांव का निर्माण किया गया है। जो दूर से ही अपनी चमक बिखेरने के साथ यहां गांव की प्रत्येक इकाई सरकारी सुविधाओं से वास्तव में लाभान्वित हुई है। ग्रामीणों के चेहरे की मुस्कान इस बात की गवाही दे रही है कि ग्राम प्रधान मोहित पाठक ने गांव के सभी लोगों को साथ लेकर गांव को ऐसा स्वरूप दिया है। जहां लोगों को सभी बुनियादी सुविधा उपलब्ध है।

# रात्रि विश्राम के लिए ठांटा गांव की व्यवस्था देखी

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** चम्पावत जनपद के लोहाघाट में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यक्रम को लेकर इस समय जोर-शोर से तैयारी की जा रही हैं, 11 फरवरी को होने वाले संगज्यू- 2024 कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के लोहाघाट के ठांटा गांव में रात्रि विश्राम को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी नवनीत पांडेय और पुलिस अधीक्षक अजय गणपति कुंभार द्वारा गांव का स्थलीय निरीक्षण किया गया। मुख्यमंत्री धामी 11 फरवरी को लोहाघाट के रामलीला मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे।

डीएम और एसपी ने गुमदेश क्षेत्र के ठांटा में मुख्यमंत्री धामी के 10 फरवरी को रात्रि विश्राम के लिए गांव का संयुक्त निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने जीआईसी किमतोली में बनाए जा रहे हैं। लीपैड स्थल का निरीक्षण कर लोक निर्माण विभाग अधिकारियों को समय पर हैलीपैड तैयार कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने हैलीपैड से गांव तक जाने वाले सड़क मार्ग का निरीक्षण कर मार्ग में लोनिवि से अतिरिक्त मशीनें लगाकर कार्य को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने ग्राम ठांटा का निरीक्षण मुख्यमंत्री के प्रस्तावित रात्रि चौपाल और रात्रि आवास व्यवस्था और माउंट क्राउन होम स्टे का निरीक्षण किया, जहां सीएम धामी का रात्रि विश्राम प्रस्तावित है। उन्होंने अधिकारियों से सभी तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोहित पाठक, एसडीएम रिंकू बिष्ट, लोनिवि के अधिशासी अभियंता संजय चौहान, सीओ विपिन पंत, प्रदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

टनकपुर सीएम कैंप कार्यालय में बैठक में मंत्रणा करते भाजपा कार्यकर्ता।

# मेले की सफाई का जिम्मा मेरठ की कंपनी को सौंपा

▸▸ 26 मार्च से शुरू होगा मां पूर्णागिरि धाम का मेला

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** होली पर्व के बाद 26 मार्च से 15 जून तक होने वाले सरकारी तौर पर सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम मेले को लेकर तैयारियां इस समय जोर-शोर से चल रही है। अब मां पूर्णागिरि धाम क्षेत्र में पूरे वर्ष भर सफाई व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी।

शुक्रवार को जिला पंचायत, चम्पावत सभागार में सफाई व्यवस्था की ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया पूरी की गई। निविदा के आधार पर इस बार सफाई का प्रबंध करने की जिम्मेदारी मां पूर्णागिरि धाम मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष पंडित भुवन चंद्र पांडे को दी गई है। जिला पंचायत के अपर मेलाधिकारी विजय उप्रेती ने बताया कि सालभर की सफाई के लिए जिला पंचायत 41.11 लाख रुपये देगी। जबकि वर्ष 2023 में सिर्फ मेलावधि के लिए ही जिला पंचायत को इसके लिए 46 लाख रुपये देने पड़े थे। इसके अलावा मेला क्षेत्र में अस्थाई आवासीय व्यवस्था के लिए बनाई जाने वाले टिनशेड का काम मेरठ की सुरेश इलेक्ट्रिक कंपनी को मिला है। उसे इसके लिए जिला पंचायत की ओर से 2.80 प्रति वर्ग फीट के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। जबकि 2023 में इसके लिए 25.58 लाख रुपये दिए गए। जिला पंचायत के वित्त अधिकारी हिमांशु मठपाल, सहायक मेलाधिकारी विजय उप्रेती और सहायक कोषाधिकारी गणेश चौथिया की देखरेख में निविदा प्रक्रिया संपन्न हुई। इस मौके पर जिला पंचायत कर्मी हितैष जोशी, मंदिर समिति के महामंत्री सुरेश तिवारी, पंडित जगदीश तिवारी, सुरेश महर आदि मौजूद रहे।

### मुशर्रफ मेडिकल एसोसिएशन के निर्विरोध अध्यक्ष तथा मुकेश तिवारी महामंत्री बनाए गए

**बनबसा।** मुशर्रफ मेडिकल एसोसिएशन के निर्विरोध अध्यक्ष तथा मुकेश तिवारी महामंत्री चुने गए। मेडिकल एसोसिएशन की बनबसा शाखा का चुनाव संपन्न हो गया है। मेडिकल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष भुवन चंद्र जोशी की अध्यक्षता तथा जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह नेगी के संचालन में हुई बैठक में बनबसा शाखा की मेडिकल एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी को लेकर चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से मुशर्रफ को अध्यक्ष तथा मुकेश तिवारी को महामंत्री निर्विरोध चुना है। इस अवसर पर कपिल भार्गव, तरुण अरोड़ा, कमल जेम्स, रमेश चंद्र गढ़गोटी, उमेश, गिरीजा जोशी, आसिफ, एसके विश्वास, अजय कुमार, धर्मवीर, दीपक कुमार, सुजन विश्वास, सचिन, महेश चन्द आदि सदस्य उपस्थित थे।

### वन रैंक वन पेंशन की विसंगति करें दूर

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग की कचहरी बाजार स्थित कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों ने वन रैंक वन पेंशन की विसंगति दूर करने की मांग की। बैठक में पूर्व सैनिकों ने कहा कि सातवें वेतन आयोग में जवान, जेसीओ और संवाद अधिकारियों के लिए डिसएबिलिटी पेंशन 12, 17 और 27 हजार तय की गई थी। सैन्य अधिकारियों ने अपने हित के लिए इसमें बदलाव कर दिया, जो गलत है। वक्ताओं ने कहा कि यह साफ तौर पर भेदभाव है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पारिवारिक पेंशन में भी वृद्धि की भी मांग की। अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शाही ने की। बैठक में आरसी पंत, मोहन बिष्ट, नवीन जोशी, आशीष वर्मा, रोशन लाल, शरद कुमार, डीके चौधरी, मोहन सिंह अल्मिया सहित कई पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# चालकों ने यातायात के नियमों का पाठ पढ़ा

पूर्णागिरि क्षेत्र में चलने वाले वाहन चालकों को पुलिस टीम ने किया जागरूक।

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** चौकी ठूलीगाड़ पुलिस द्वारा 34वें सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के तहत टैक्सी चालकों की गोष्ठी कर जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक अजय गणपति कुंभार के निर्देश पर 34वें सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम अभियान के तहत प्रभारी चौकी ठूलीगाड़ उप निरीक्षक हरीश प्रसाद द्वारा पुलिस टीम के साथ जागरूकता अभियान चलाकर, मां पूर्णागिरि टनकपुर क्षेत्र में चलने वाले टैक्सी चालकों की गोष्ठी कर यातायात नियमों की जानकारी देकर पालन करने जागरूक किया गया। युवाओं में बढ़ रहे नशे की लत व उसके दुष्प्रभाव तथा वर्तमान में बढ़ रहे साइबर क्राईम व ऑनलाइन धोखाधड़ी आदि के संबंध में जानकारी देकर इनसे बचाव हेतु जागरुक किया गया। साथ ही उत्तराखंड पुलिस द्वारा संचालित "उत्तराखंड पुलिस एप" की भी जानकारी दी गयी। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस हेल्प लाइन नम्बरों 112 ,1930 के विषय में जानकारी से चालकों को अवगत कराया गया। इस मौके पर कई चालक मौजूद रहे।

# हत्या के प्रयास के दोषी को 10 साल की सजा

**अल्मोड़ा :** हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी लक्ष्मण राम को अपर सत्र न्यायाधीश पारुल गैरोला की अदालत ने दोषी मानते हुए 10 साल के कठोर कारावास और 52 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता पूरन सिंह कैड़ा और सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता शेखर चंद्र नैलवाल ने बताया कि ताकुला के इसनाखड़ी निवासी विमला देवी ने 30 सितंबर 2021 को सोमेश्वर थाने में तहरीर दी थी। तहरीर के मुताबिक आरोपी लक्ष्मण राम निवासी ताकुला, अल्मोड़ा सुबह उनके घर में आया और उसने उसके पति, सास और उस पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया।हमले में तीनों घायल हो गए। उनके शोर मचाने पर आरोपी भाग निकला। उसकी तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। तब से यह मामला न्यायालय में चल रहा था। अपर सत्र न्यायाधीश ने सभी पक्षों, गवाहों को सुनने और साक्ष्यों का परिशीलन कर आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे दस साल के कठोर कारावास और 52 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# लंबी मांग के बाद भी शिक्षक नियुक्त नहीं

▸▸ कार्रवाई नहीं होने से छात्र और उनके अभिभावक चिंतित

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले के राजकीय इंटर कालेज आरा सल्पड़ में शिक्षकों के रिक्त पदों पर तैनाती की लंबी मांग के बाद भी विभाग यहां शिक्षकों की तैनाती नहीं कर पाया है। जिस कारण क्षेत्र के अभिभावकों में अपने बच्चों के भविष्य के प्रति चिंता बनी हुई है।

अभिभावकों ने कहा कि अगर विभाग की मनमानी ऐसे ही चलती रही तो अभिभावकों को आंदोलन की रणनीत बनानी पड़ेगी। जीआईसी आरासल्पड़ में वर्तमान में करीब 115 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, लेकिन इस विद्यालय में एलटी के सृजित 11 पदों के सापेक्ष अंग्रेजी, विज्ञान, हिंदी, सामाजिक विज्ञान विषयों के शिक्षक नहीं हैं। जबकि प्रवक्ताओं के नौ स्वीकृत पदों के सापेक्ष अंग्रेजी, संस्कृत, भूगोल, राजनीति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन और जीव विज्ञान विषय के शिक्षकों के पद रिक्त हैं। इतना ही नहीं विद्यालय में पिछले नौ सालों से प्रधानाचार्य का पद भी रिक्त चल रहा है। जिस कारण विद्यालय के एक प्रवक्ता को प्रभारी प्रधानाचार्य का पदभार दिया गया है। एक साथ दोहरी जिम्मेदारी से उनका अधिकतर समय सरकारी कामकाज निपटाने में बीत जाता है। जिससे पढ़ाई पर असर पड़ता है। अभिभावकों का कहना है कि वह लंबे समय से शिक्षकों के रिक्त पदों पर तैनाती की मांग कर रहे हैं। लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारी उनकी मांगों को अनदेखा कर रहे हैं। अभिभावकों ने कहा है कि बोर्ड की परीक्षाएं नजदीक होने के बाद भी विभाग ने इस विद्यालय के छात्र छत्राओं के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था करना मुनासिब नहीं समझा। अभिभावकों ने कहा है कि यही हाल रहा तो उन्हें आंदोलन की रणनीति बनानी पड़ेगी। इधर सीईओ अल्मोड़ा एबी बलौदी का कहना है कि रिक्त पदों की जानकारी निदेशालय को दी गई है। शिक्षकों की तैनाती होते ही उन्हें प्राथमिकता के आधार पर स्कूलों में तैनात किया जाएगा।

## वर्ग पहेली-338

**बाएं से दाएं**

1. (साहित्य) एक शब्दालंकार जिसमें ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है जो कई भाषाओं में समान अर्थ देते हों।

4. 1. वह राज्य या शासन जिसमें अव्यवस्था और भ्रष्टाचार हो, ऐसा राज्य-प्रबंध जिसमें जनता के कल्याण या सुख-सुविधाओं का कोई प्रावधान या व्यवस्था न हो 2. कुश नामक घास का आसन, कुश की बनी हुई चटाई।

7. 1. भौरों के गुंजार से युक्त 2. किसी प्रकार की गूंज से युक्त 3. (स्थान आदि) जो गूंज से भर गया हो।

8. 1. झाड़ने पर निकलने वाली धूल अथवा रद्दी चीज़ें या उनके टुकड़े, गर्द, कूड़ा, (डस्ट) 2. वह कपड़ा जिससे चीज़ें झाड़ी या साफ़ की जाती हैं, मार्जक, (डस्टर)।

**ऊपर से नीचे**



2. 1. वसंत ऋतु 2. चैतमास।

3. 1. तौलने की क्रिया या भाव 2. तौलने की मज़दूरी।

5. 1. जिन पर शासन किया गया हो 2. जो शासन के अधीन हो 3. नियंत्रित 4. दंडित।

6. 1. जानने-समझने की क्षमता, समझ, दिमाग 2. बुद्धि, प्रतिभा, कौशल 3. समझने-बूझने की योग्यता, धारणाशक्ति 4. स्मरणशक्ति, याददास्त।

### वर्ग पहेली - 337 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 लु | 2 टि | या | | 3 मो | था |
| | का | | 4 हँ | | |
| 5 गाँ | व | वा | सी | | 6 टो |
| ड़ | | | खे | | का |
| र | | 7 बे | ल | बू | टा |
| | | डौ | | | की |
| | 8 बि | ल | टी | | |

## सुडोकू -55

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 4 | | | 5 |
| 2 | 9 | | | 6 | | 3 | | |
| | 3 | | | | 7 | | | |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | | | 4 | | 3 |
| | 6 | | | | | 8 | 9 | |
| | | 9 | | 4 | | | | |
| 8 | | 1 | | | | | 3 | 4 |
| 7 | | | 2 | | | | | |

### सुडोकू - 54 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 9 |
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 5 |
| 6 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 11 फरवरी 00 .47 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 20 .34 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** — आज आप अपने प्रभाव के दम पर उलझे मामलों को सुलझा लेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव लाने का प्रयास कर सकते हैं। संतान के करियर को लेकर चिंता दूर होगी। मित्रों के साथ आप गम्भीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं।

**वृष** — आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। व्यापार में कुछ बदलाव लाने की दिशा में काम कर सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। अपनी कुशल रणनीति से विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। पुराने नुकसान की भरपायी हो जायेगी।

**मिथुन** — आज निजी रिश्तों में समझदारी दिखाने की आवश्यकता है। परिवार के किसी सदस्य पर क्रोध आ सकता है। बुरी संगत से आपको बचना चाहिये। जॉब में आपको धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। वैवाहिक जीवन की समस्याओं का निराकरण होगा।

**कर्क** — आज घर का वातावरण नकारात्मक हो सकता है। अपने बजट का ध्यान रखते हुए ही काम करें। भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। उतावलेपन के कारण काम प्रभावित हो सकते हैं। धन उधार देने से आपको बचना चाहिए। आज दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें।

**सिंह** — आज आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। आपकी आय में वृद्धि होने की संभावना बन रही है। कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ मूवी देखने जाने का प्लान करेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा।

**कन्या** — आज ऑफिस में लापरवाही के कारण काम रुक सकते हैं। स्वयं को व्यस्त रखना सबसे ज्यादा जरूरी है। धन संबंधी मामलों को लेकर थोड़े परेशान होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको कठिन काम सौंपा जा सकता है। अधीनस्थ कर्मचारी आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

**तुला** — आज बेरोजगार लोगों को नौकरी की चिन्ता रहेगी। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ सकते हैं। काम की अधिकता के कारण प्रेमी जन से झगड़ा हो सकता है। ऑफिस में घरेलू मामलों को लेकर तनाव हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज व्यापार में उधारी करने से बचें। मन में नए रचनात्मक विचारों का प्रभाव रहेगा। अपने खर्च का हिसाब रखें। जीवनसाथी के साथ झगड़ा हो सकता है। उत्तम वाहन सुख की प्राप्ति होगी। माता का आशीर्वाद लेकर काम शुरू करें।

**धनु** — आज आपको व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा करनी पड़ सकती है। आज आप कई सारे कार्यों को एकसाथ करने का प्रयास करेंगे। जॉब में आपको बड़ा काम सौंपा जा सकता है। विद्यार्थी गम्भीर विषयों का अध्ययन करने में रुचि लेंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में थोड़ी परेशानियां हो सकती है। पैतृक संपदा प्राप्त हो सकती है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। परिवार के सदस्यों के बीच व्यवहार खराब हो सकता है।

**कुंभ** — आज मनोरञ्जन के साधनों का आनन्द लेंगे। रिश्तेदारों के बीच आप काफी लोकप्रिय रहेंगे। विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। आप लोगों की मदद करने को आतुर रहेंगे। सामाजिक कार्यों में आप रुचि लेंगे।

**मीन** — आज घरेलू कार्यों में आप उलझे रहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर अहङ्कार न करें। भावनाओं के कारण नुकसान हो सकता है। संपत्ति के मामलों को लेकर सावधानी जरूरी है। मन में अज्ञात भय रहेगा। वाद-विवाद और बहसबाजी से आपको बचना चाहिए।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
लाल बादशाह — सुबह : 09 .00
नो प्रॉब्लम — शाम : 06 .00

**SONY SMAX**
दिल तो बच्चा है जी — सुबह : 09 .56
हर दिल जो प्यार करेगा — शाम : 06 .04

**आज की सुपरहिट फिल्म**

सोनी मैक्स पर शाम-06 .04 बजे

**Utsav Gold**
बड़े घर की बेटी — सुबह : 09 .15
चांदनी — शाम : 06 .15

**ZEE CINEMA**
अंदाज — दोपहर : 12 .25
किसका भाई किसकी जान — रात : 09 .25

**colors CINEPLEX**
एयरलिफ्ट — सुबह : 10 .54
फोर्स 2 — शाम : 04 .32

## जोक्स ऑफ द डे

पति- मुझे समझदार औरत से शादी करनी चाहिए थी

पत्नी- समझदार औरत तुमसे कभी शादी नहीं कर सकती।

पति- मुझे बस यही साबित करना था।

पति की बात सुनकर पत्नी रह गई दंग।

बॉस ने जोक सुनाया तो पूरी टीम हंसने लगी, बस एक लड़का नहीं हंसा...

बॉस ने पूछा- क्या तुम्हें मेरा जोक समझ नहीं आया?

लड़का- सर, मेरा सलेक्शन दूसरी कंपनी में हो गया है...

लड़के की बात सुनकर बॉस दंग रह गए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

स जीवति गुणा यस्य धर्मो यस्य च जीवति।
गुणधर्मविहीनस्य जीवनं निष्प्रयोजनम् ॥

जिस व्यक्ति के धर्म और गुण जीवित हैं। वास्तविकता में वही जीवन जी रहा है। इनके बिना जीवन का कोई अर्थ नहीं है।

## संपादकीय

# सुरक्षित हिंद महासागर क्षेत्र

हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) भू-राजनीति के लिए हाल के दिनों में निर्णायक बन गया है। क्षेत्र में चीन की बढ़ती मौजूदगी, सामरिक उद्देश्यों के लिए उसकी आर्थिक भागीदारी और भू-राजनीतिक हसरतों ने आईओआर में अमेरिका, रूस, फ्रांस और यूरोपीय संघ जैसी ताकतों की दिलचस्पी बढ़ा दी है। परिणाम स्वरूप आईओआर में सामरिक प्रतिद्वंद्विता और प्रतिस्पर्धा में बढ़ोतरी हुई है। हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिये साझा जिम्मेदारी और केंद्रित प्रयासों की आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन, समुद्र का बढ़ता स्तर और समुद्री प्रदूषण आईओआर में महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौतियां हैं। हिंद महासागर पर केंद्रित सातवां दो दिवसीय सम्मेलन पर्थ में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में भाग लेने गए विदेश मंत्री ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से शुक्रवार को मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी, हिंद-प्रशांत क्षेत्र, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। सम्मेलन में 22 से अधिक देशों के मंत्री, 16 देशों के वरिष्ठ अधिकारी और 6 बहुपक्षीय संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन का विषय है- स्थाई और सतत हिंद महासागर की ओर। गौरतलब है कि सम्मेलन क्षेत्र के महत्वपूर्ण राज्यों और प्रमुख समुद्री साझेदारों को आम मंच पर लाने का प्रयास करता है ताकि क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (एसएजीएआर) के लिए क्षेत्रीय सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया जा सके।

हिंद महासागर सम्मेलन (आईओसी) 2016 में शुरू हुआ था और पिछले वर्षों में यह क्षेत्रीय मामलों पर क्षेत्र के देशों के लिए प्रमुख परामर्शदात्री मंच के रूप में उभरा है। हिंद महासागर क्षेत्र प्रमुख शक्तियों के बीच भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा के लिए आकर्षण का केंद्र है। प्रतियोगिता में रणनीतिक हित, प्रभाव और संसाधनों तक पहुंच शामिल है, जिससे तनाव और संघर्ष होते हैं। चीन हिंद महासागर में भारत के हितों और स्थिरता के लिए चुनौती रहा है। भारत के पड़ोसी चीन से सैन्य और ढांचागत सहायता प्राप्त कर रहे हैं। ऐसे में हिंद महासागर क्षेत्र में सभी भागीदारों के हित के लिए ये ज़रूरी है कि वो एक साथ रहें और इस क्षेत्र में सुरक्षा एवं स्थिरता के सामूहिक हित के लिए काम करें। देशों को अपनी सामाजिक संरचना की रक्षा करते हुए उग्रवाद और कट्टरवाद से उत्पन्न खतरों से निपटने के लिए आवश्यक समाधान सुनिश्चित करना चाहिए। सुरक्षित और स्थिर हिंद महासागर क्षेत्र के लिए आवश्यक सोच, नीति और दृष्टिकोण में प्रमुख बदलाव के साथ ही कई व्यावहारिक कदम उठाए जाने की भी आवश्यकता है।

# लोकप्रिय विज्ञान लेखन और भारतीय शब्दावली

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया।

भारत सरकार द्वारा मानव संसाधन मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाली संस्था 'वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग' द्वारा दो खंडों में प्रकाशित हिंदी भाषा में तकनीकी और वैज्ञानिक शब्दावली कोश होने के बावजूद पिछले 45 वर्ष से हिंदी में विज्ञान की बात सामान्य और साधारण शैली में लिखते हुए अभी तक मैं अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध शब्दावली का इस्तेमाल करने के लिए विवश हूं।

वैज्ञानिक और तकनीकी शब्द अगर ऐसे हैं जिनसे आमजन परिचित नहीं और उन्हें समझने के लिए यदि उसे शब्दकोश का सहारा लेना पड़ेगा तो वह लेख को पढ़ेगा ही नहीं। इसके लिए मुझे लेखन प्रक्रिया के दौरान गैर हिन्दुस्तानी शब्द के भाव और निहितार्थ को समझाने के लिए व्याख्या देनी होती है। प्रिंट मीडिया में उपलब्ध स्पेस में ही अपनी बात कहनी होती है। लोग कहते हैं यह 'पॉपुलर साइंस' शैली है लेकिन मेरा मानना है कि 'आसान' भाषा में लिखा हुआ मजमून आमजन में से अगर पांच प्रतिशत ही पढ़ते हैं तो यह 'पॉपुलर' कैसे हुआ अर्थात न तो लोक विज्ञान हुआ और न ही 'प्रिय'? यह अलग बात है कि विज्ञान की समझ बढ़ाने के लिए रुचि अनुसार लोक शैली में लिखे गए विज्ञान लेख और फीचर्स को पाठक पढ़ लेते हैं। 'पॉपुलर साइंस' टर्म भी पश्चिम के अखबार, पत्रिका या पुस्तिक लेखन के भाषाई स्वरुप से लिया गया शब्द है।

भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया। सल्तनत और मुगल शासकों के दौर में ईरानी और अरबी मेडिकल सिस्टम्स, खगोल और वारफेयर टेक्नोलॉजी के आने से भाषा सिस्टम बदल कर अरबी-फारसी और बाद में उर्दू में हुआ। इसलिए हम साइंस और टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन में उन दिनों के जर्नल्सनुमा ग्रंथों और यात्रावृत्तों में वैसे ही शब्द देखने के आदी हो गए जैसा कि शासक की भाषा तय हुई। तिब्बिया मेडिसिन की शब्दावली भारतीय भाषाओं और भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं

> विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित सामग्री में पाठकीय रुचि तभी पैदा होती है जब पाठक को मालूम हो कि कैसी और किस प्रकार की सामग्री कहां से और कैसे उपलब्ध होती है।

में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया। सल्तनत और मुगल शासकों के दौर में ईरानी और अरबी मेडिकल सिस्टम्स, खगोल और वारफेयर टेक्नोलॉजी के आने से भाषा सिस्टम बदल कर अरबी-फारसी और बाद में उर्दू में हुआ। इसलिए संस्कृत के साइंटिफिक टेक्स्ट्स से बिलकुल अलग है। इतिहास में जो भी अनुसंधान कर्मी, जैसे कि आर्यभट, वराहमिहिर, चरक और सुश्रुत, अनेक अज्ञात हुनरमंद लोग हुए उन्होंने नई जानकारी की उत्पत्ति होने पर अपनी मातृभाषा में इसे बताने के लिए नए शब्द गढ़े।

जाहिर है जो साइंटिस्ट या टेक्नोक्रैट जिस भाषा का जानकार है वह अपनी भाषा की शाब्दिक धरोहर, जैसे कि लैटिन, ग्रीक, स्पेनिश, मंडारिन, बांग्ला, तमिल, मराठी और हिंदी में ही शब्द गढ़ेगा न कि अंग्रेजी या स्वाहिली में। मध्य-अठारहवीं सदी में जब विज्ञान और टेक्नोलॉजी में रिसर्च से नए ज्ञान के सृजन के प्रयासों में तेजी से वृद्धि हुई और नए ज्ञान की नहीं बल्कि इसे पब्लिश करके साझा करने और दूसरों से समर्थन पाने की तीव्र उत्कंठा बनी तो विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित हज़ारों नए शब्द भी अस्तित्व में आए। कॉलोनियल टाइम्स में यूरोपियन देशों की कॉलोनीज में भी शासक देश की भाषा का वर्चस्व स्थापित हुआ तो उपनिवेशों में मातृभाषा में विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित शब्दों की उत्पत्ति की सृजनात्मक और कुदरती प्रक्रिया को बड़ा धक्का लगा। सभी उपनिवेशों में विज्ञान और टेक्नोलॉजी में स्वामी देश द्वारा शोध से उत्पन्न जो शब्दावली बनी उसे ही इस्तेमाल करने की मजबूरी बनी। स्थानीय या वर्नाक्यूलार भाषाओं में खुद के इस्तेमाल के लिए भी एक बंधन के रूप में हाल में सामने आ रही औपनिवेशकालीन अध्येताओं ने इसे एक बाधा के रूप में पहचाना है। देखा गया है कि भारतीय भाषाओं ने खुद को इस मामले में रुपांतरित करके ही विकसित किया। फिर भी दिक्कतें तो हैं ही और वे इसलिए हैं कि हमारे विज्ञानी और टेक्नोक्रैट्स शोध कार्य करते समय तो अपनी भाषा में सोचते हैं लेकिन एक शोधपत्र लिखते समय वे उसी शब्दावली विज्ञान (टर्मिनोलॉजी) का इस्तेमाल करते हैं जिसका क्रमिक विकास पश्चिम में या अंग्रेजी भाषा के जानकारों से भरी लेबोरेट्री या वर्कशॉप में हुआ। मुझे नहीं लगता कि इस मामले में अब हम अपनी अलग लीक बना पाएंगे।

प्रसंगवश कहें तो आधुनिक रीति से समझे जाने वाले लोकशैली में लिखी जाने वाली वैज्ञानिक और तकनीकी लेखन की शुरुआत भारत में तमिल, मराठी और बंगाली भाषाओं में 19 वीं सदी के साठादि दशक से हुई लेकिन हिंदी में तो बीसवीं सदी के पहले दशक के पूरा होते ही 'विज्ञान' पत्रिका के प्रकाशन से यह यात्रा शुरू हुई। 'विज्ञान' पत्रिका के प्रारंभिक दशकों के अंक देखने से लगता है कि यह पश्चिम के पॉपुलर साइंस लेखन से ही अधिक प्रभावित रही और इसके लेखों में शुरूआती दौर से ही नवाचार (इनोवेशन) और क्रिटिकल एसेस्मेंट या भारतीय विज्ञान और शोध की 'पॉपुलर रिपोर्टिंग' के बारे में अधिक जिक्र नहीं किया गया। इसके उलट अंग्रेज़ और जर्मन इस मामले में अधिक सहज रहे क्योंकि उनके यहां हर विधा पर काम करने के लिए रॉयल सोसाइटीज मौजूद थीं जिनकी स्थापना अठारवीं या इससे पहले की सदी में होने से वहां वैज्ञानिक चिंतन, एक्सप्लोरेशन और शोध प्रकाशन और शोध गोष्ठियों के एक नियमित और चिरंजीवी प्रक्रिया को राजतंत्रीय आशीर्वाद मिलता रहा। कमोबेश या स्थिति यूरोप के सभी देशों में स्थापित हो चुकी थी। ब्रिटेन में उन्नीसवीं सदी से ही साधारण या सामान्य भाषा में विज्ञान की ऐसी पुस्तकों का प्रकाशन शुरू हो चुका था जिनमें लोकरुचि जागृत हुई थी। बाद में लोकरुचि शैली में उन्होंने कुछेक पत्रिकाओं का प्रकाशन शुरू किया जिनमें से 'न्यू साइंटिस्ट' अभी तक प्रकाशित होती है और ब्रिटेन में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बेहद लोकप्रिय है। इसी तरह अमरीका से साइंस डाइजेस्ट, पॉपुलर साइंस, ओम्नी और साइंटिफिक अमेरिकन का प्रकाशन हुआ जिनमें से अब सिर्फ साइंटिफिक अमेरिकन ही जीवित है। इसका इंडियन एडिशन भी कुछेक साल से प्रकाशित किया जाता है।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित सामग्री में पाठकीय रुचि तभी पैदा होती है जब पाठक को मालूम हो कि कैसी और किस प्रकार की सामग्री कहां से और कैसे उपलब्ध होती है। इंटरनेट युग के आगाज और संगठनों और संस्थाओं की वेबसाइट बनने से पहले संयोग से ही किसी लोकरुचि विज्ञान पत्र या पत्रिका के बारे में मालूम हुआ करता लेकिन वर्ल्डवाइड वेब होने से अब इसे आसानी से वे लोग ढूंढ सकते हैं जिनकी रुचि है। वेबसाइट से बहुत सी सामग्री अब फुल टेक्स्ट, फ्री, पीडीऍफ़ फॉर्मेट में डाउनलोड करके पढ़ी जा सकती है। पार्श्व- जिज्ञासा वाली बात यह जानना भी होना चाहिए कि सल्तनत और मुग़ल काल से पहले भारत में साइंटिफिक, टेक्निकल और इंजीनियरिंग से संबंधित शब्दावली का क्रमिक विकास कैसे होता रहा और यह किन संदर्भो और भाषाओं में विकसित हो पाई थी। इसके लिए भारतीय ज्ञान दर्शन के ग्रंथों -जैसे कि खगोल विज्ञान और समय की अवधारणों की व्याख्या करने वाले शब्द, गणित और गणनाओं से संबंधित शब्द और चिन्ह, आयुर्वैज्ञानिक टेक्स्ट्स, संगीत और साजों की शब्दावली, गृह निर्माण, वस्त्र-परिधान से संबंधित शब्दावली, मौसम और जल से जुड़ी हुई शब्दावलियां, खनन और धातु विज्ञान की शब्दावली, औजारों और इनकी सहायता से निर्मित होने वाली वस्तुएं जैसे कि आभूषण और बर्तन, ट्रांसपोर्ट व्हीकल्स, पशुओं और पशु चिकित्सा संबधित शब्दावली, औषधि और आहार संबंधी शब्दावली को हमें ढूंढ और संकलित करके कोश के रूप में प्रकाशित करना होगा। इस एक प्रयोजन से ही भारत में विज्ञान लेखन और प्रकाशन में आमजन की रुचि बनी रहेगी। कठिनाई यही है कि 500 साल पुराने शब्द क्या नई साइंस और टेक्नोलॉजी को उस रूप और प्रयोजन से बता पाने में सक्षम होंगे? इसके लिए हमें अंतर-भाषिक शब्दों का इस्तेमाल करना ही होगा क्योंकि इसी एक वजह से हम क्षेत्रीय स्तर (रीजनल लेवल) पर एक बहुभाषी देश में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के पॉपुलर रूप की स्वीकार्यता बढ़ा पाएंगे।

## प्रसंगवश

# चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न के मायने

> खास बात यह है कि चौधरी चरण सिंह अपने खास वोट बैंक जाटों के अलावा अन्य पिछड़े वर्ग में भी खासी पैठ रखते थे। पिछड़े हिंदू ही नहीं, पिछड़े मुस्लिमों की बड़ी आबादी उनको वोट करती थी। खासकर उत्तर भारत के ग्रामीण परिकर में उनका दबदबा था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सही कहते हैं कि वे चार साल काम और एक साल राजनीति करते हैं। वाकई उनका कथन सौ फीसदी सत्य साबित होता दिख रहा है। एक तरफ जहां इंडिया गठबंधन बिखर रहा है, वहीं दूसरी ओर एनडीए गठबंधन दिन-ब-दन मजबूत होता जा रहा है। शुक्रवार को दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह, नरसिंह राव और हरितक्रांति के जनक स्वामीनाथन को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने के ऐलान से न केवल यह उत्तर से दक्षिण को साधने की मुहिम है बल्कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक तरह से यह नरेंद्र मोदी का यह मास्टर स्ट्रोक ही माना जाएगा। इससे पहले वे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और भाजपा के संस्थापकों में एक पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भी भारत रत्न सम्मान देने का ऐलान कर चुके हैं। चौधरी चरण सिंह की किसानों के मसीहा के रूप में पहचान है। इसमें कोई शक नहीं कि चौधरी साहब जीवन पर्यन्त कभी लोकदल, कभी भारतीय क्रांति दल, कभी जनता पार्टी और कभी जनता दल के जरिए देश के किसानों के लिए आवाज उठाते रहे। उनकी पैठ केवल उत्तर प्रदेश न होकर हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों के किसानों तक थी। वे ग्रामीण भारत के खास किसान नेता थे। यही वजह रही कि वे जब तक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे उत्तर भारत लगभग सभी राज्यों से उनके दल के सांसद जीते। राजनीति में इंदिरा गांधी, अटल बिहारी बाजपेई और चंद्रशेखर जैसे कद्दावर राजनेता भी उनका सम्मान करते थे।



गोलेश स्वामी
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

खास बात यह है कि चौधरी चरण सिंह अपने खास वोट बैंक जाटों के अलावा अन्य पिछड़े वर्ग में भी खासी पैठ रखते थे। पिछड़े हिंदू ही नहीं, पिछड़े मुस्लिमों की बड़ी आबादी उनको वोट करती थी। खासकर उत्तर भारत के ग्रामीण परिकर में उनका दबदबा था। उत्तर भारत में उनकी राजनीतिक हैसियत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जब उन्होंने अपने बेटे चौधरी अजित सिंह को अपनी राजनीतिक विरासत सौंपी, तब करीब तीन दर्जन सांसद उनके पास थे। चौधरी चरण सिंह दो बार यूपी के मुख्यमंत्री, केंद्र सरकार में गृह मंत्री और बाद में देश के प्रधानमंत्री बने। उनकी विधानसभा की सीट छपरौली को पूरे देश में पहचान मिली। फिर वे बागपत से सांसद चुने जाते रहे। वे कहते थे कि भारत की समृद्धि का रास्ता किसानों के खेत-खलिहानों से जाता है। जिस दिन इस देश का किसान समृद्ध होगा, भारत भी उतना ही समृद्ध होगा। जहां तक उनकी राजनीतिक विरासत का सवाल है चौधरी साहब कांग्रेस छोड़ने के बाद कांग्रेस विरोधी राजनीति करते रहे, लेकिन उनके सुपुत्र चौधरी अजित सिंह (जो अमेरिका में साफ्टवेयर इंजीनियर थे) ने कांग्रेस का थामन थाम लिया। वे संघर्ष के रास्ते पर चलने के बजाए सत्ता की राजनीति के हामी रहे, इसीलिए धीरे-धीरे हाशिए पर आए गए। यहां तक कि एक समय जहां उनके पास करीब तीन दर्जन सांसद थे, अंत में एक भी सीट नहीं जीत सके।

अपनी मजबूत विरासत वाली सीट बागपत भी खो दी। चौधरी अजित सिंह के बेटे जयंत चौधरी भी नहीं जीते। चौधरी अजित सिंह के निधन के बाद जयंत चौधरी यानी चौधरी चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी उनकी राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। पिछले की चुनावों में उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से हाथ मिलाया था, लेकिन चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने और राजनीतिक हवा का रुख देखकर उनका एनडीए में शामिल होना निश्चित हो गया है। बस आधिकारिक घोषणा बाकी है। जयंत चौधरी के एनडीए में शामिल होने से निश्चित रूप से जाट लैंड खासकर यूपी के पश्चिमी यूपी में भाजपा को मजबूती मिलेगी।

# हल्द्वानी पर 'किसकी टिकी नजर'



संदीप मेवाड़ी
वरिष्ठ पत्रकार

> अब बात करते हैं 'उन नजरों' की। घटनाक्रम चल रहा था मालिक के बगीचे में। वहां पर लोगों के विरोध का आभास प्रशासन को भी था।

ये हुआ क्या मेरे शहर को...। मैं हल्द्वानी हूं। देवभूमि कहे जाने वाले उत्तराखंड का प्रवेश द्वार हूं। साथ ही कौमी एकता की मिसाल भी रहा हूं। यहां दीपावली पर घर घर दीप जला आतिशबाजी होती है। ईद पर हर समुदाय रोजा इफ्तार में शामिल होता है। गुरुद्वारे पर सभी धर्मों के लोग शीश नवाने पहुंचते हैं और क्रिसमस डे पर हर समुदाय चर्चों पर प्रार्थना करने पहुंचता है और सेंटा क्लॉज से उपहार लेता है।

बात करते हैं शहर के बनभूलपुरा क्षेत्र में गुरुवार को हुए 'धमाके' की। दोपहर तक सब कुछ सामान्य दिख रहा था। बनभूलपुरा क्षेत्र में मलिक का बगीचा कहे जाने वाले क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए घरों और धार्मिक स्थलों को हटाने का मामला कई दिनों से शहर की सुर्खियों में बने रहने के साथ ही घर घर लोगों की जुबान पर तैर रहा था। अतिक्रमण ध्वस्त करने के विरोध में हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की गई थी। न्यायालय ने गुरुवार को इस मामले में अतिक्रमणकारियों को राहत देने से इंकार कर दिया, साथ ही सुनवाई के लिए अगली तारीख 14 फरवरी की नियत कर दी। न्यायालय का निर्णय क्या आया, प्रशासन को लगा अब कोई बाधा नहीं है अतिक्रमण ध्वस्त करने में। कुछ तैयारी पहले से थी और कुछ आनन फानन में कर ली गई। शाम करीब चार बजे अतिक्रमण ध्वस्त करने को प्रशानिक अमला, नगर निगम और पुलिस की टीम लेकर अतिक्रमण ध्वस्त करने के लिए मलिक का बगीचा (बनभूलपुरा) के लिए कूच कर गया। पहले कुछ लोग विरोध के लिए मौके पर पहुंचे और देखते देखते आसपास की गलियों, घरों और छतों से पत्थरों की बरसात शुरू हो गई। इस अप्रत्याशित पथराव से बचने के लिए प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के साथ ही मीडिया कर्मी जगह ढूंढने लगे। किसको पता था कि ये मानसूनी बरसात है। पुलिस इस पर जितना काबू करने की सोचती, पत्थरों के जगह जगह जमा मेघ उतना ही तेज बरसते जाते। वायरलेस सेट और मोबाइल पर इसकी सूचना जिले के साथ ही पूरे उत्तराखंड में फैलने लगी। पुलिस बल बचाव और शांति व्यवस्था के लिए मौके की ओर दौड़ गया। पर रणनीति तो पहले से ही तैयार थी।

पुलिस मलिक का बगीचा क्षेत्र में हालात काबू भी नहीं कर पाई थी कि बनभूलपुरा थाने में लोगों के झुंड ने हमला कर दिया। तब तक धरा में तो अंधेरा हो चुका था, लेकिन बनभूलपुरा उपद्रवियों की आग से धधक चुका था। नैनीताल जिले से लेकर देहरादून का मुख्यमंत्री कार्यालय तक की नजर हल्द्वानी के हालात और इस पर नियंत्रण की रणनीति बनाने में टिक चुकी थी। देश भर के इलेक्ट्रॉनिक और इंटरनेट मीडिया में लीड खबर में हल्द्वानी धधक रहा था। कुमाऊं भर से पुलिस फोर्स, पीएसी, आईआरबी के साथ ही सेना की मदद मांगी जा रही थी। दूसरी ओर बनभूलपुरा में घिरे पुलिस और मीडिया के जवान अपनी जान की दुहाई मांगने के साथ ही इस चक्रव्यूह से निकलने के लिए जतन में जुटे थे। हालात यहां भी नहीं रुके, आगजनी और पथराव के साथ ही अब गोलियों की तड़तड़ाहट भी बनभूलपुरा की फिजाओं में गूंजने लगी थी। रात करीब नौ बजे तक पूरा बनभूलपुरा क्षेत्र छावनी में तब्दील हो गया और जिलाधिकारी ने कर्फ्यू घोषित कर दिया।

अब बात करते हैं 'उन नजरों' की। घटनाक्रम चल रहा था मालिक के बगीचे में। वहां पर लोगों के विरोध का आभास प्रशासन को भी था। पर... पूरे बनभूलपुरा का आग का गोला बन जाना। थाने के बाहर खड़े दर्जनों वाहन फूंक देना, पेट्रोल बम फेंकना, पत्थरों की बारिश, जवानों और मीडियाकर्मियों को पीट पीटकर जान लेने तक आमदा होना। इससे तो यही लग रहा है कि अमन और शांति की मिसाल देने वाले इस शहर में कुछ ऐसी नजरें टिक चुकी हैं, जो लोगों की भावनाओं को गुमराह कर फिजा बिगड़ने का चक्रव्यूह रच चुकी हैं। जरूरत अब प्रशासन को 'अभिमन्यु' की है। जो 'इन नजरों' को न केवल सामने लाए, बल्कि ऐसा सबक सिखाए कि ये शहर ही नहीं पूरे राज्य और देश के लिए मिसाल बने। यही नहीं, प्रशासन को अब खुद पर भी मंथन करना होगा। खुफिया एजेंसियों को भी अपनी कार्यप्रणाली पर विचार करना होगा। इतना लाव लश्कर होने के बाद भी इतनी बड़ी नाकामयाबी। प्रशासनिक अफसर क्यों नहीं मामले की संवेदनशीलता को समझ पाए। अगर उसकी तरफ से सही तैयारी की गई थी तो क्या खुफिया एजेंसियां धार्मिक अतिक्रमण तोड़ने पर लोगों की प्रतिक्रिया का अंदाजा नहीं लगा पाई। क्या दफ्तरों में बैठकर ही अफसरों को फीडबैक दिया जाता रहा।

## सोशल फोरम

# हमारे जमाने की प्रेमिकाएं

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

हमारे दौर में वैलेंटाइन डे या सप्ताह एक अनजानी-सी चीज़ हुआ करती थी। हां, प्रेम की भावनाएं तब भी थीं, वे उबाल भी मारती थीं और यदाकदा प्रोपोज भी होती थीं। उन दिनों में प्रेम के अंदाज़ अलग और तेवर आज से बहुत जुदा हुआ करते थे। इश्क़ का मतलब चाहे पता न हो, लेकिन ज़ांबाजी इतनी थी कि इश्क के प्रस्ताव तब स्याही से नहीं, खून से लिखे जाते थे। स्कूली दिनों में मैंने खून से तो नहीं, उससे मिलती-जुलती लाल स्याही से ख़त लिखकर अपनी एक सहपाठी को प्रोपोज़ किया था। ख़त 'ये मेरा प्रेमपत्र पढ़कर तुम नाराज़ ना होना' से शुरू हुआ और उस दौर के सबसे धांसू शेर के साथ अंजाम तक पहुंचा था-लिखता हूं ख़त खून से स्याही न समझना / मरता हूं तेरे नाम पे जिंदा न समझना। जैसा कि तब आमतौर पर होता था, ख़त घूम-फिरकर क्लास टीचर के हाथों में पहुंच गया। उसके बाद प्रणय-निवेदन का जो अवदान मिला, वह था हथेली पर सौ- पचास छड़ी और क्लास रूम के बाहर स्कूल की आखिरी घंटी तक मुर्गा बनकर अपनी उस एकतरफा प्रेमिका और उसकी सहेलियों का भरपूर मनोरंजन।

प्रेमिका ज्यादा 'कोमल-हृदय' थी सो चिट्ठी वाली बात घर तक भी पहुंचा दी गईं। फिर हुआ घर में भी इश्क़ का भूत झाड़ने का सिलसिला शुरू। उफ़्फ़ कैसी तो जालिम होती थीं हमारे ज़माने की प्रेमिकाएं! ऐसी दुर्दशा करवाने के बाद हमदर्दी का मरहम लगाना तो दूर, मुस्कुराती हुई बगल से ऐसे निकल जाती थीं कि उस दौर का दूसरा सबसे लोकप्रिय शेर जुबान पर आ जाता था-आकर हमारी कब्र पे तुमने जो मुस्कुरा दिया/ बिजली चमक के गिर पड़ी सारा कफ़न जला दिया। उसके बाद स्कूल-कॉलेज में जिस पर भी प्यार आया, वह अव्यक्त ही रहा। प्रणय-निवेदन का वैसा खूंखार प्रतिदान पाकर दोबारा प्रोपोज करने का साहस कौन जुटा पाता है? अब हिम्मत आई भी है तो तब जब अपने दिन बीत चुके हैं-सब कुछ लुटा के होश में आए तो क्या किया!

-फेसबुक वॉल से

# विवाह संस्था को बचाना होगा

उच्चतम न्यायालय की जस्टिस बीवी नागरथना एवं आगस्टाइन जॉर्ज मसीह की पीठ ने हाल ही में एक मामले में टिप्पणी देते हुए कहा कि विवाह नामक संस्था को बचाना है। भले ही फिर आप हमे पुरातनपंथी ही क्यों ना कहे। निर्णय एक 44वर्षीय अविवाहित महिला की सेरोगेसी प्रेग्नेंसी का था। आजाद, कमाऊ, सामाजिक हैसियत रखने वाली एक महिला अकेलेपन से जूझने के लिए सिंगल मदर बनने को तैयार है पर विवाह कर के नहीं। ये सचमुच भारत जैसे देश में विचारणीय है कि सुप्रीम कोर्ट भी आज विवाह संस्था को बचाने के लिए नसीहत देने को मजबूर हुआ है।



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

भारतीय जीवन शैली में विवाह केवल दो व्यक्तियों की आवश्यकताओं के आदान प्रदान का साधन नहीं था। वरन ये एक उन्नत समाज के निर्माण की व्यवस्था थी। सप्तपदी के वचन जीवन की सुचारुता का आश्वासन देते थे। संतान को यशस्वी बनाने का दायित्व लेना ही पति पत्नी होना था। उत्तम विवाह एवम उत्तम दंपती उत्तम परिवार वा समाज की गारंटी थे। बड़ी पीढ़ी दूसरी पीढ़ी को नई पीढ़ी के निर्माण के लिए आशीर्वाद देकर आगे बढ़ाती थी। आज विवाह आशीर्वाद देकर नहीं आशंकाएं देकर किए जाने लगे। आश्वासन और आशा नहीं वरन अपेक्षाएं देकर बच्चों को समाज के मैदान में उतार दिया जाता है। संबंधों के प्रारंभ ही अहम और अविश्वास से होने लगे इस स्थिति ने विवाह संस्था को परिवार व्यवस्था को बड़ी चोट पहुंचाई है।

यदि इसके कारणों पर ध्यान दें तो पाएंगे कि स्त्री पुरुष समानता की व्याख्या बहुत भ्रामक रूप से समाज में प्रसारित हुई। समानता का तात्पर्य केवल धन और सामाजिक पद प्रतिष्ठा से जोड़ा जाने लगा। जिसकी प्राप्ति के लिए पारिवारिक दायित्व को बाधा स्वरूप प्रस्तुत कर स्त्री को धीरे-धीरे दूर किया गया। दूसरे जब स्त्री ने बाहर की दुनिया से तालमेल बिठाती स्त्री अपने अंतर के स्त्रीत्व को कमजोरी मानने लगी। तीसरा आपाधापी के इस युग में वैचारिक एवम भावात्मक दृष्टिकोण शून्य की ओर बढ़ने लगे। वैवाहिक जोड़ो में आपसी समझ का अभाव आने लगा। अब कोई प्रेम में झुकने को तैयार नहीं हैं।

चौथा समाज में विविध प्रकार की मॉडरनाइज्ड पद्धतियों ने विवाह की सांस्कृतिक रस्मों तथा परंपराओं को नकार दिया है। ये परंपराएं परिवार के महत्व की व्याख्या करती थी। तरह तरह के गीत और रस्मों के माध्यम से जीवन को सुलझाने की शिक्षा देती थी। जिन्हें व्यापारवाद ने फोटोशूट और डेस्टिनेशन वेडिंग पर लाकर पटक दिया है। पांचवा उपयोग के दौर में हर निर्णय उपयोगिता के सिद्धांत पर तय हो रहा है इसलिए भी विवाह अनुपयोगी माने जाने लगे। उच्चतम न्यायालय ने खासतौर से कहा कि हम पाश्चात्य देशों की भांति इन साधनों को भारतीय समाज में स्वीकार नहीं कर सकते। भारत की जनसंख्या यूं ही कीर्तिमान स्थापित कर रही है। कुछ पश्चिमी देशों में प्रजनन के लिए माता को सरकारी सहायता मिलती है और महिलाओं ने इसी को अपना व्यापार बना रखा है। भारत जैसे पारंपरिक देश में विवाह संस्था यहां के समाज का बुनियादी ढांचा है। यहां सिंगल मदर सिंगल फादर का चलन पचाना मुश्किल है। यहां माता पिता ही नहीं, बड़ी माता, छोटी माता, बुआ ,मौसी, बड़े पापा, छोटे पापा, बाबा,दादी, नाना, नानी मामा मामी और भी ढेरों रिश्ते। ये रिश्ते नाते और रिश्ते निभाने की पद्धतियां छोटे बच्चों को सामाजिक स्वीकृतियां देती थी। उन्हें आत्मविश्वास और सुरक्षा देती थी। बढ़ते तलाक, अलगाव और हिंसा के केस ये पुरजोर स्वरों में कह रहे हैं कि विवाह संस्था को भारतीय समाज में पुनः पुरातन प्रकृति से ही स्थापित करना होगा ।

# अध्यात्म में मौन महत्वपूर्ण

अध्यात्म जगत में मौन का सदा से ही महत्वपूर्ण स्थान रहा है, क्योंकि अध्यात्म के शिखर को छूने में इस मौन का प्रमुख योगदान होता है। इसलिए हमारी संस्कृति में मौन को किसी भी व्यक्ति के लिए आध्यात्मिक शिखर तक पहुंचने का एक सटीक एवं शाश्वत माध्यम माना गया है।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

यही कारण है कि हमारे तमाम ऋषि-मुनियों और साधू-संतों ने मौन को अपनी आध्यात्मिक साधना का एक महत्वपूर्ण अंग बनाया, इसे प्रतिष्ठित किया। मौनी अमावस्या के दिन भगवान श्रीहरि विष्णु एवं भगवान शिव की पूजा का विधान है।

माना जाता है कि अमावस्या की सभी तिथियों में से मौनी अमावस्या को बेहद उत्तम माना गया है। इस खास अवसर पर मौन रहना शुभ होता है। मौनी अमावस्या के दिन पवित्र नदी में स्नान करना फलदायी होता है। इस दिन श्रद्धा भाव से भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की जाती है। इसके अलावा दान भी किया जाता है। माना जाता है कि मौनी अमावस्या के दिन दान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

मौनी अमावस्या के दिन की शुरुआत भगवान विष्णु के ध्यान से करके पवित्र नदी में स्नान करके दान किया जाता है। मान्यता के अनुसार, इस दिन पवित्र नदी या गंगाजल और पानी से स्नान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## एक नजर

### 15-20 सालों से एक जगह डटे कर्मचारियों का किया जाए तबादला

**देहरादून।** राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी ने लंबे समय से एक स्थान पर काम कर रहे कर्मचारियों के स्थानांतरण की मांग की है। पार्टी ने शुक्रवार को इस संबंध में मुख्य निर्वाचन बीबीआरसी पुरुषोत्तम से मुलाकात की। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि जलागम, जल संस्थान व रेशम आदि विभागों में अधिकारी व कर्मचारी पिछले 15-20 सालों से देहरादून में ही डटे हुए हैं, जिनका स्थानांतरित किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले किसी भी ऐसे अधिकारी को गृह जिले में न रहने दिया जाए, जो चुनाव कार्यों से जुड़ा हो। जिन जिलों में अधिकारियों को तीन-चार साल से अधिक हो गए, उनका स्थानांतरणकियाजाए।

### कर्मचारियों ने समस्याओं के निस्तारण की उठाई मांग

**अल्मोड़ा।** मिनिस्टीरियल ऑफीसर्स एसोसिएशन ने कार्मिकों की लंबित मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। मंडलीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने अपर निदेशक प्रारंभिक शिक्षा से मुलाकात कर उनसे वार्ता की। लंबित समस्याओं की जानकारी देने के साथ ही मांगों का समाधान शीघ्र किए जाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि समस्याएं लंबे समय से उठाई जा रहीं हैं, इसके बाद भी कोई सुध नहीं लिए जाने से संबंधित कार्मिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### भीमताल में अतिरिक्त छात्रावास बनाने की मांग

**भीमताल।** भीमताल शिक्षा का हब बनता जा रहा है। यहां जहां कुमाऊं विश्वविद्यालय से संबद्ध दो परिसर हैं वहीं एक अतिरिक्त विश्व विद्यालय होने के कारण दूरदराज से छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। कई लोगों को तो छात्रावास उपलब्ध हो जाता है तो कई लोग पीजी, निजी हास्टल और कई लोग कमरा लेकर रहते हैं। ऐसे में कमरों की कमी के चलते इन विद्यार्थियों में अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। दूरदराज से पढ़ने आने वाले विद्यार्थियों ने बताया कि इन कमरों का किराया अधिक होने के कारण उनके परिवार पर भी असर दिखाई देता है।

# धौलादेवी में जल्द लगेगी चाय की फैक्ट्री

## क्षेत्र में टी-टूरिज्म को बढ़ावा और रोजगार के अवसर भी होंगे पैदा, कृषि मंत्री ने 129.99 लाख रुपये स्वीकृत किए

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** प्रदेश के कृषि एवं कृषक मंत्री गणेश जोशी द्वारा अल्मोड़ा जिले के धौलादेवी विकास खंड के राजकीय उद्यान गरुड़ाबांज में चाय फैक्ट्री को स्वीकृति प्रदान कर देने के बाद अब इस क्षेत्र की एक वर्षों पुरानी सौगात जल्द पूरी होने की उम्मीद जग गई है। चाय फैक्ट्री की स्थापना के बाद जहां सरकार की स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करने की मंशा पूरी हो सकेगी, वहीं चाय बागान वाले क्षेत्रों को टी-टूरिज्म से भी जोड़ा जा सकेगा।

धौलादेवी क्षेत्र में चाय कारखाना खोलने के लिए सरकार लंबे समय से कसरत कर रही है, जिसके लिए कई यहां चाय फैक्ट्री खोलने की संभावनाओं पर काम भी किया गया। वर्ष 2021 में सरकार के निर्देश पर उत्तराखंड चाय विकास बोर्ड के तत्कालीन उपाध्यक्ष गोविंद पिलख्वाल ने गरुड़ाबांज में स्थित चाय बागान का जायजा लिया था। इस दौरान चाय फैक्ट्री खोलने के लिए गरुड़ाबांज में राजकीय उद्यान विभाग के खाली पड़े भवनों भवनों का निरीक्षण भी किया था और नए भवनों का निर्माण होने तक उद्यान विभाग के इन्हीं खाली भवनों में फैक्ट्री खोलने का खाका भी खींचा गया था और उन्होंने इस मामले मे अपनी राय सरकार को दी थी। जिसके बाद अब गरुड़ाबांज में चाय फैक्ट्री शुरू करने के लिए सरकार की मंशा धरातल पर उतरती दिख रही है। प्रदेश के कृषि और कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी द्वारा बीते दिवस राजकीय उद्यान विभाग गरुड़ाबांज में चाय फैक्ट्री के लिए 129.99 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान करने के बाद अब यहां जल्द चाय फैक्टी स्थापित होने की उम्मीद जग गई है। चाय फैक्ट्री खुलने के बाद सरकार की मंशा के अनुरूप जहां स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सकेगा। वहीं चाय उत्पादक क्षेत्रों को टी-टूरिज्म से जोड़कर राजस्व को भी बढ़ावा मिल सकेगा। कृषि और कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी की इस घोषणा के बाद क्षेत्र के चाय उत्पादक काफी उत्साहित हैं।

गरुड़ाबांज क्षेत्र में बागान से चाय की पत्तियां चुनतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### उत्पादकों की आय में होगी वृद्धि

धौलादेवी के गरुड़ाबांज में चाय फैक्ट्री खुलने के बाद स्थानीय लोगों की आर्थिकी में भी सुधार होगा, जिससे उनकी जीवन शैली बदलेगी। फैक्ट्री निर्माण से आसपास के चाय उत्पादक अपने उत्पादन को फैक्ट्री तक पहुंचाकर उससे बेहतर आमदनी अर्जित कर सकेंगे। इससे क्षेत्र के अधिक से अधिक लोग चाय उत्पादन के लिए भी प्रेरित होंगे।

### फैक्ट्री के लिए नए भवन का भी होगा निर्माण

धौलादेवी ब्लॉक के गरुड़ाबांज में अत्याधुनिक चाय फैक्ट्री की स्थापना के लिए भविष्य में यहां नए भवन का निर्माण भी किया जाएगा। फिलहाल चाय फैक्ट्री को राजकीय उद्यान विभाग के भवनों में शुरू किया जाएगा, जिसके बाद धीरे धीरे नए भवन के लिए उपयुक्त भमि तलाश भी की जाएगी। पूर्व में नए भवन के निर्माण के लिए मुंशी हरि प्रसाद टम्टा शिल्पकला उन्नयन केंद्र के पास भी नया भवन बनाने की संभावनाएं तलाशी जा चुकी हैं, लेकिन आने समय में इसके लिए सरकार कोई अन्य निर्णय भी ले सकती है।

# दूरसंचार सलाहकार समिति में तीन भाजपाइयों को जगह

एडवोकेट गौरव पांडे

शंकर सिंह खाती

सौरभ गुप्ता

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** बीएसएनएल की टीएसी (दूरसंचार सलाहकार समिति) के लिए चम्पावत के तीन भाजपा नेताओं को नामित किया है।

संचार मंत्रालय ने भाजयुमो के जिलाध्यक्ष एडवोकेट गौरव पांडे और चम्पावत के वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर सिंह खाती के अलावा टनकपुर के सौरभ गुप्ता को दूरसंचार सलाहकार समिति के लिए नामित किया है। ये तीनों सदस्य दूरसंचार के अल्मोड़ा जिले की सलाहकार समिति में रहेंगे। इनके नामित होने से नेपाल सीमा से लगे चम्पावत जिले के संचार विहीन व मोबाइल सिंग्नल की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रों का निस्तारण होगा। टीएसी के सदस्य नामित किए जाने पर सांसद अजय टम्टा, वन निगम अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा, महामंत्री मुकेश कलखुड़िया, उपाध्यक्ष कैलाश अधिकारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट शंकर पांडे आदि ने उम्मीद जताई कि इनके नामित होने से क्षेत्र की संचार संबंधी मामलों को प्रभावी तरीके से उठाया जा सकेगा।

# ईडी ने करोड़ों रुपये विदेशी मुद्रा पकड़ी

संवाददाता, देहरादून

- कॉर्बेट नेशनल पार्क की पाखरो रेंज में हुए निर्माण घोटाले के मामले में हुई कार्रवाई
- कई बैंक लॉकर, डिजिटल उपकरण और दस्तावेज भी किए सीज

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नेताओं व वन अफसरों के घरों से एक करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी मिली है। इसके अलावा ईडी ने 80 लाख रुपये का 1.30 किलो सोना भी जब्त किया है। इसके साथ ही एक अफसर के घर से 10 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा भी सीज की गई है।

निदेशालय की टीमों ने 17 जगहों पर छापे के बाद बैंक लॉकर, डिजिटल उपकरण व दस्तावेज सीज किए हैं। सबसे ज्यादा नकदी आईएफएस अफसर सुशांत पटनायक के घर से बरामद हुई है। इस मामले में ईडी की जांच अब भी जारी है। कॉर्बेट नेशनल पार्क की पाखरो रेंज में हुए निर्माण घोटाले व अवैध पेड़ कटान से जुड़े मामले में ईडी ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की थी।

टीमों ने उत्तराखंड, दिल्ली व हरियाणा में कुल 17 जगहों पर छापे मारे थे, जिसमें देहरादून में पूर्व वनमंत्री हरक सिंह रावत व आईएफएस अफसर सुशांत पटनायक के घर में की गई छापेमारी भी शामिल है। टीम ने पूर्व वनमंत्री हरक सिंह रावत के घर से बड़ी मात्रा में दस्तावेज कब्जे में लिए हैं।

# लोकसभा चुनाव के लिए जुटें युवा

**रानीखेत, अमृत विचार :** यूथ कांग्रेस की बैठक में सांगठनिक मजबूती के साथ ही लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया।

यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद कुमार व यूथ प्रभारी दीपक नेगी ने रानीखेत यूथ कांग्रेस की बैठक को संबोधित कर कहा कि यूथ कांग्रेस की मजबूती और लोकसभा चुनाव मे कांग्रेस की जीत के लिए सभी युवाओं से जुटने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा की भाजपा सरकार में सबसे अधिक नुकसान युवा वर्ग का हुआ है। कहा की देश के युवाओं के सुनहरे भविष्य के लिए देश की जनता को सत्ता परिवर्तन करना ही होगा। बैठक की अध्यक्षता कोआर्डिनेटर कुलदीप कुमार और संचालन नितिन प्रकाश ने किया। बैठक में जिला महासचिव अंकित रावत, रुद्र माहरा, ब्लॉक अध्यक्ष राजू वर्मा, मनोज कोरंगा, दीपक सोटियाल, संजय बिष्ट, हर्षित रौतेला, अभय पवार, शुभम कुमार आदि कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# पुलिस कार्यालय में हंगामा

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** सुराज सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने रोशनाबाद एसएसपी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि पिरान कलियर में सीजीएसटी टीम पर जानलेवा हमला करने के आरोप में दल के कार्यकर्ता पर झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस कप्तान प्रमेंद्र सिंह डोबाल से मुलाकात के बाद कार्यकर्ता शांत हुए।

देहरादून से सीजीएसटी की टीम ने बुधवार को पिरान कलियर क्षेत्र में गांव पीरपुरा मंगलौर निवासी ग्राम प्रधान व सुराज सेवा दल के कार्यकर्ता इंतजार की दुकान पर छापा मारा। जहां कार्यकर्ताओं के पहुंचने पर हंगामा हो गया। देर शाम सीजीएसटी टीम में शामिल मंजीज कुमार ने इंतजार सहित कई लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने आदि धाराओं में मामला दर्ज करा दिया, जिसके बाद पुलिस ने इंतजार को गिरफ्तार किया था। बृहस्पतिवार सुबह दल के अध्यक्ष रमेश जोशी कार्यकर्ताओं के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचे। जोशी ने कहा कि उनके कार्यकर्ता पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। इसके बाद एसएसपी ने प्रतिनिधिमंडल को कार्यालय में बुलाया व निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए। इस दौरान अजय मौर्य, कावेरी जोशी, देवेंद्र बिष्ट, ललिता, हिमांशु, कादिर राणा, रईस, इरफान, हाजी राव आफात, उस्मान, सुनीता, नीतू, अर्जुन, आशीष सैनी, नावेद, वंदना, सलमान, नसीब आदि मौजूद रहे।

### छुट्टी के लिए करना होगा ऑनलाइन आवेदन

**देहरादून, अमृत विचार :** पुलिसकर्मियों की अब ऑफलाइन छुट्टी मंजूर नहीं की जाएगी। इसके लिए इंटीग्रेटेड फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम (आईएफएमएस) पोर्टल पर आवेदन करना होगा। प्रभारी अधिकारी इसे पोर्टल से ही स्वीकृत करेंगे, जिसके बाद ही छुट्टी मंजूर की जाएगी। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों व बटालियन प्रभारियों को इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आईजी कार्मिक अनंत शंकर ताकवाले ने ने कहा कि मुख्यालय में सभी अफसरों, कर्मियों की छुट्टी के लिए ऑनलाइन व्यवस्था शुरू कर दी गई है। आईएफएमएस पोर्टल पर छुट्टी मंजूर की जा रही हैं। ऐसे में सभी जिला पुलिस कप्तान भी अपने जिलों में इस व्यवस्था को लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि पोर्टल में ऑपरेटर स्तर से फीड करते हुए सुपरवाइजर व अधिकारी स्तर पर इसे मंजूर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अर्जित व मेडिकल अवकाश, पीएल, सीसीएल व मातृत्व आदि अवकाशों के लिए ऑनलाइन ही स्वीकृत किए जाएंगे व ऑफलाइन अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। व्यवस्था को उन्होंने तत्काल लागू कराने के निर्देशदिए।

# चौखुटिया के तीन बच्चों का ताइक्वांडो में शानदार प्रदर्शन

**बैरती।** छत्तीसगढ़ (रायपुर) में आयोजित 37वीं नेशनल सबजूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चौखुटिया के तीन बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर एक बार फिर से गेवाड़ घाटी का नाम रोशन किया। रायपुर में 2 से 4 फरवरी तक आयोजित अंडर 18 वर्ग में रिया कैड़ा पुत्री पूरन सिंह तथा महिमा कैड़ा पुत्री हेमंत कैड़ा (बोनाफाइड पब्लिक स्कूल) ने क्रमश : स्वर्ण तथा रजत पदक प्राप्त किये। इनके अलावा इसी वर्ग में दिया कैड़ा पुत्री मनोज कैड़ा ( रा.प्राथमिक विद्यालय चौखुटिया ) ने कांस्य पदक प्राप्त किया। बच्चों के शानदार प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त कर खंड शिक्षा अधिकारी चंदन सिंह बिष्ट, संबंधित विद्यालय परिवार, शिक्षक दीपक जोशी, लीला संगेला जोशी, राजेश जोशी, मीना नेगी, प्रदीप कैड़ा, गजेंद्र सिंह, दिनेश जोशी आदि ने बधाई दी।

## उत्तर प्रदेश

## सार-संक्षेप

### पेपर लीक होने से रद्द बीएएमएस की परीक्षा अब 17 को

**कार्यालय संवाददाता, बरेली।** गजरौला के केंद्र पर बीएएमएस का प्रश्नपत्र लीक होने के बाद रद्द की गई परीक्षा अब 17 फरवरी को होगी। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने 16 फरवरी को परीक्षा पूरी होने के बाद की तिथि निर्धारित की है। वहीं विश्वविद्यालय जल्द ही नर्सिंग और पैरामेडिकल की परीक्षा के समय में बदलाव कर सकता है। 20 जनवरी को गजरौला में बीएएमएस की परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र से मिलते-जुलते प्रश्नों की पर्ची लीक हुई थी। इसके बाद विश्वविद्यालय ने तुरंत परीक्षा निरस्त कर दी थी। विश्वविद्यालय ने गजरौला के केंद्र से प्रश्नपत्र लीक होने की संभावना के चलते केंद्र भी बदल दिया था। इस मामले की विश्वविद्यालय की तीन सदस्यी समिति जांच कर रही है। समिति की रिपोर्ट के बाद इस मामले में कोई कार्रवाई हो सकती है। अब विश्वविद्यालय ने निरस्त परीक्षा को 17 फरवरी को कराने का निर्णय लिया है।

### छेड़छाड़ के आरोप में मां-बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना अलापुर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने एसएसपी से शिकायत करके बताया कि वह अपने परिवार के साथ कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में किराए पर कमरा लेकर रहते हैं। उनके दो बेटे और चार बेटियां हैं। उनका आरोप है कि मोहल्ले में ही एक मकान में किराए पर रहने वाला निखिल उर्फ राधेश्याम शराब पीने का आदी है। निखिल और उसकी मां गीता आए दिन उनकी एक बेटी को परेशान करते हैं। वह मारपीट और गाली-गलौज कर चुके हैं। बेटी के साथ छेड़छाड़ भी की थी। शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। शिकायत के बाद एसएसपी के आदेश पर आरोपी निखिल और उसकी मां गीता के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### गन्ने में फर्जीवाड़े पर केंद्र प्रभारी पर एफआईआर

**पूरनपुर।** किसान सहकारी चीनी मिल की गन्ना खरीद प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा सामने आने पर मिल प्रबंधन ने गन्ना क्रय केंद्र प्रभारी गुरदास सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इतना ही नहीं गुरदास सिंह को नौकरी से भी निकाल दिया। घटनाक्रम पूरनपुर गन्ना समिति के टांडा छत्रपति कुंवरपुर तालुके गजरौला क्रय केंद्र का है। क्रय केंद्र प्रभारी गुरदास सिंह की निगरानी में गन्ने की तौल की जा रही थी। आरोप है कि शाबी नाम का कोई व्यक्ति फर्जी टोकन से गन्ने से भरा ट्राला चीनी मिल पहुंचा गया। गन्ना पर्यवेक्षक की जांच में मामला पकड़ में आया, तो खलबली मच गई। मिल प्रबंधन ने फौरन ही मामले की जांच की।

### हल्द्वानी में मचे बवाल के बीच अब उप्र में भी अलर्ट

**लखनऊ।** हल्द्वानी (उत्तराखंड) में मचे बवाल के मद्देनजर उप्र में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। सभी जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। एक संप्रदाय विशेष के इलाकों में सुरक्षा एजेंसियों को खास नजर रखने को कहा गया है। वहीं जुमे की नमाज के चलते शुक्रवार को मस्जिदों चाक-चौबंद सुरक्षा इंतजाम रहा। नमाज से पहले पुलिस और पीएसी तैनात रही। डीजीपी प्रशांत कुमार ने उत्तराखंड से सटे सभी जिलों को हाई अलर्ट पर रहने के आदेश दिए हैं। साथ ही उधर से आने वाले वाहनों और लोगों की चेकिंग करने के भी निर्देश दिए गए हैं। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी निर्देश में धर्मगुरूओं के साथ समन्वय बनाने तथा सोशल मीडिया पर नजर रखने कहा गया है। किसी भी तरह का अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। संवेदनशील इलाकों में तैनात पुलिसकर्मियों को बॉडीवार्न कैमरे और ड्रोन से निगरानी करने को कहा गया है।

### बरेली कॉलेज में परीक्षा कक्ष में भिड़े छात्र

**बरेली।** बरेली कॉलेज में एलएलबी की परीक्षा के दौरान कक्ष में दो छात्र आपस में भिड़ गए। एक छात्र ने दूसरे छात्र से कॉपी दिखाने के लिए कहा, जब छात्र ने मना किया तो उसकी कॉपी छीनने की कोशिश की। सचल दल ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत किया। इसके बाद छात्रों को अलग-अलग कक्ष में बैठाया गया। वहीं शिक्षक संघ का कहना है कि अभी भी कॉलेज में नकल पर रोक नहीं लग पा रही है। एलएलबी और बीएएलएलबी विषम सेमेस्टर की परीक्षा 1 फरवरी से शुरू हुई हैं। एलएलबी तृतीय और पंचम सेमेस्टर की परीक्षा समाप्त हो गईं और 10 फरवरी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा समाप्त हो जाएगी। 12 फरवरी को बीएएलएलबी की परीक्षा समाप्त हो जाएगी।

# मौलाना ने कहा- लाठी चलाओ या गोली, हर हाल में जाऊंगा इस्लामिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पुलिस से धक्कामुक्की और अफसरों से तीखी नोकझोंक
- नहीं बढ़ने दिया गया आगे तो वापस लौटे

**अमृत विचार :** करोलान मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद मौलाना तौकीर ने भीड़ से बगैर नारेबाजी किए गिरफ्तारी देने को कहा। इसके बाद रास्ते में लगा बैरियर तोड़कर इस्लामिया ग्राउंड की ओर बढ़े तो पुलिस से धक्कामुक्की शुरू हो गई। अफसरों से तीखी नोकझोंक के दौरान मौलाना ने कहा, चाहे उन पर लाठी चले या गोली मार दी जाए, वह हर हाल में इस्लामिया ग्राउंड जाएंगे। हालांकि अफसरों ने उन्हें समझाया और आगे नहीं बढ़ने दिया। मौलाना को इस पर वापस लौटना पड़ा।

नमाज के बाद मौलाना तौकीर गलियों से होते हुए वह बिहारीपुर पुलिस चौकी की बगल वाली गली में पहुंचे तो पार्टी नेता नदीम खान, डॉ. नफीस, मुनीर इदरीसी समेत तमाम समर्थकों ने इस्लामिया ग्राउंड तक जाने की मांग शुरू कर दी। इसके बाद मौलाना रास्ते में लगा बैरियर तोड़कर बढ़े लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। बता दें कि मौलाना ने नमाज के बाद इस्लामिया ग्राउंड पर इकट्ठे होने के बाद कलेक्ट्रेट तक मार्च कर सामूहिक गिरफ्तारी देने का एलान किया था। आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि सांकेतिक तौर पर गिरफ्तारी दी गई है। उन्होंने बताया कि सुबह से ही पार्टी के तमाम नेताओं के घरों पर पुलिस का पहरा रहा।

### भीड़ से की अपील- अब शांति से लौट जाएं

इस्लामिया ग्राउंड तक जाने में विफल रहे मौलाना तौकीर ने वापस लौटते हुए एक बार फिर भीड़ को संबोधित कियाष बोले, हमें जो विरोध जताना था वह जता दिया है। जो लोग प्रदर्शन में शामिल होने आए हैं, वे अब शांतिपूर्वक लौट जाएं। रास्ते में कोई कुछ कहे तो उसके आगे हाथ जोड़ लें लेकिन कोई ऐसा काम न करें जिससे किसी को परेशानी हो।

# पीलीभीत टाइगर रिजर्व के दो वन दरोगा बर्खास्त

**पीलीभीत।** पीलीभीत- पीलीभीत टाइगर रिजर्व के दो वन दरोगाओं को बर्खास्त कर दिया गया। दोनों वन दरोगा बिना सूचना पिछले दो साल से गैरहाजिर चले आ रहे थे।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के महोफ रेंज के वन दरोगा अखिलेश कुमार सिंह सिंतबर 2021 से बिना किसी सूचना के नदारद चल रहे हैं। जब अधिकारियों को इस बात की जानकारी हुई तो आठ माह पूर्व वन दरोगा को निलंबित कर दिया गया था। निलंबन के बाद वन दरोगा को वन एवं वन्यजीव प्रभाग से अटैच कर दिया था। इसके बाद भी वन दरोगा की कोई जानकारी नहीं लग सकी। इसके बाद गैरहाजिर चल रहे वन दरोगा को अंतिम नोटिस भेजा गया।

# टैंकर की टक्कर से दो बेटियों की जान गई, पिता घायल

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

- हादसे के बाद दोनों बहनों के सिर टैंकर के पहिए में फंसे

**अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर में रजऊ के पास नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दो बेटियों की मौके पर मौत हो गई और पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों बेटियों के सिर धड़ से अलग होकर टैंकर के पहिए में फंसकर 10 मीटर तक घिसटते रहे। पिता को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टैंकर चालक मौके से फरार हो गया।

शुक्रवार दोपहर बिधौलिया, सीबीगंज निवासी रियाज अहमद अपनी दो बेटियों हसीन बानो (18) और सोनी (14) को बाइक पर बैठाकर फरीदपुर के गांव भगवंतापुर जा रहे थे। जैसे ही वह हाईवे पर रजऊ परसपुर के पास पहुंचे तभी पीछे से तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और हसीन बानो और सोनी के सिर टैंकर के पिछले टायरों ने नीचे आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में पिता रियाज अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर सीओ हाईवे नवीन कुमार मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल में भिजवाया। इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया टैंकर को कब्जे में ले लिया गया है और चालक की तलाश की जा रही है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली। तहरीर मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# गन्ना विभाग ने रात में की छापेमारी ट्रैक्टर ट्राली छोड़ भागे लोग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कई नामजद, दर्जन भर अज्ञात के खिलाफ दी तहरीर, घरों में दी दबिश
- गन्ना लदी ट्रालियां पकड़ी, दूसरे जिलों की चीनी मिलों को बेच रहे थे गन्ना

**अमृत विचार :** दूसरे जिलों को गन्ना विक्रय करने वाले लोग सक्रिय हैं। गुरुवार की रात को गन्ना विभाग को इसकी जैसे ही भनक लगी तो पुलिस के साथ विभाग के अधिकारी थाना मूसाझाग क्षेत्र में पहुंच गए। पुलिस के साथ अधिकारियों के पहुंचने पर गन्ना माफिया ट्रैक्टर ट्राली छोड़ कर भाग गए। अधिकारियों ने करौलिया और गुलड़िया सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में दबिश दी मगर एक भी माफिया हाथ नहीं लगा है। अब दूसरे जिलों में गन्ना विक्रय करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के ग्राम करौलिया और गुलड़िया में कुछ लोग सक्रिय हैं, जो यहां का गन्ना खरीद कर दूसरे जिलों की चीनी मिलों को बेचते हैं। गुरुवार की रात को कई ट्रैक्टर ट्राली में गन्ना भर कर दूसरे जिलों की चीनी मिलों को ले जा रहे थे तभी गन्ना विभाग को किसी ने सूचना दे दी जिस पर गन्ना विकास समिति के सचिव राजीव कुमार सिंह अपने अन्य साथियों के साथ थाना मूसाझाग की पुलिस की मदद से करौलिया क्षेत्र में पहुंच गए। राजीव कुमार सिंह ने पुलिस की मदद से जैसे ही गन्ना लदे ट्रैक्टर ट्राली पकड़ने का प्रयास किया तो चालक ट्रैक्टर से कूद कर भाग गया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया। उसके बाद पुलिस की मदद से करोलिया के कई घरों में दबिश दी गयी।

गुलड़िया के कई घर खंगाले गए मगर माफिया हाथ नहीं लगे। सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि टिंकू, नीलेश और विनोद बड़े स्तर पर गन्ना बाहर बेचते हैं। इनके साथ कई अन्य लोग भी हैं। इनके खिलाफ तहरीर दी जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले का गन्ना दूसरे जनपदों में नही ले जाने दिया जाएगा।

# बिजली विभाग का कर्मचारी बताकर 51 हजार रुपये ठगे

**बरेली।** सर्किट हाउस के पास बिजली विभाग के कार्यालय में बिल कम कराने का बहाने करके एक व्यक्ति से 51 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बिथरी चैनपुर के गांव परसौना निवासी मुस्तकीम ने बताया कि उनका अक्टूबर तक का 74 हजार 285 रुपये बिजली बिल बकाया था। बिल जमा करने के लिए वह सर्किट हाउस स्थित बिजली विभाग के कार्यालय में गए। वह लाइन में लगे थे कि तभी अंशुमन मिश्रा उनके पास आया और कहा कि वह बिजली विभाग में संविदा कर्मी है। उसकी पहुंच अधिकारियों से है। वह 20 से 25 प्रतिशत तक बिल कम करा सकता है। उसके झांसे में आकर मुस्तकीम ने उसे एक हजार रुपये दे दिए।

# छात्रा को शोहदे की धमकी 18 की होने पर उठा ले जाऊंगा

**बरेली।** सुभाषनगर क्षेत्र में 12 वीं की छात्रा ने शोहदे के डर से स्कूल जाना छोड़ दिया। शिकायत पर उसने और उसके परिजनों ने छात्रा और उसकी मां को धमकी दी कि 18 की होने पर छात्रा को उठा ले जाएगा। शिकायत पर सुभाषनगर पुलिस ने पीड़िता और उसके परिजनों को डांट कर भगा दिया। अब एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

महिला ने बताया कि उनकी बेटी 12 की छात्रा है। होली चौराहा दामोदर पुरम निवासी अरुण बेटी से अक्सर छेड़खानी करता है और जबरन शादी करने का दबाव बनाता है। जवाब न देने पर मारपीट करता है और कहता कि 18 की उम्र पूरी होने पर उठा ले जाएगा। डर के कारण बेटी ने स्कूल जाना बंद कर दिया। बताया बेटी को कॉलेज छोड़ने के लिए वह और उनके बेटे गए। उसी दिन से आरोपी जान का दुश्मन बन गया। पांच फरवरी को शाम पांच बजे अरुण दोनों हाथों में चाकू लेकर घर आ धमका और बेटी को डराने धमकाने लगा। बेटों को भी जान से मारने की धमकी दी। अरुण के पिता भगवानदास से शिकायत की तो वह गाली गलौज करने लगा। भगवान दास अपने भाई सरवन, बेटे सूरज, विकास को साथ लेकर उनके घर में घुस आया और मारपीट करने लगा। सुभाषनगर पुलिस ने शिकायत नहीं सुनी। इसके बाद पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत की, तब पुलिस ने अरुण, भगवानदास, सरवन, सूरज और विकास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# वर्तमान शैक्षिक सत्र से 50 फीसदी शोधार्थी करेंगे विभिन्न उद्योगों में शोध

**बरेली।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में उद्योग-अकादमिक श्रृंखला के तहत शुक्रवार को पांचवीं बैठक ऑनलाइन और आफलाइन मोड में हुई। इसमें 37 उद्योग प्रतिनिधियों समेत 90 से अधिक लोगों भाग लिया। इस मौके पर निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने कहा कि मौजूदा अकादमिक सत्र से ही लगभग 50 प्रतिशत शोधार्थियों को विभिन्न उद्योगों में शोध के लिए भेजा जाएगा। उद्योगों और संस्थाओं के एक साथ कार्य करने से दोनों को लाभ होगा। संयुक्त निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. रूपसी तिवारी ने बताया कि उद्योगों ने संस्थान की ओर से विकसित प्रौद्योगिकियों में अपनी गहरी रुचि दिखाई है। कई कंपनियों ने गोट मिल्क रिपलेसर, सुअर पालन प्रशिक्षण, एआई, वर्मीकम्पोस्टिंग, चारा पूरक उत्पादन तकनीक को अपनाने पर विचार किया है। 17 उद्योगों कंपनियों ने यहां उत्पादों के मानकीकरण करने की इच्छा व्यक्त की। डॉ. प्रेमांशु दंडपत, डॉ. एसके सिंह, डॉ. केपी सिंह, डॉ. एसके मेंदीरत्ता, डॉ अरनब सेन, डॉ. पल्लव चौधरी, डॉ शुभाशीष बंधोपाध्याय, डॉ. मिराज खान आदि मौजूद रहे।

**U.P. RAJKIYA NIRMAN NIGAM LTD.**
**TENDER NOTICE**
On behalf of Managing Director, U.P.Rajkiya Nirman Nigam Ltd. General Manager (North Zone), invites online percentage rate bids in two bid system for-NIT No-30/NIT/ CCSU /Meerut/ RNN/2024 Dated 07-February 2024, Construction of Meeting hall and Dining Hall in C.C.S University Meerut (U.P) Last date of submission of upto 3:00 PM on Dated 28-02-2024 all other details on:- website: www.etender.up.nic.in and www.uprnn.upsdc.gov.in

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1850, राज श्री 1375, फ़ॉर्चून कि. 1695, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1555, जय जवान 1420, सचिन 1435, सूरज 1445, अवसर 1535, राग गोल्ड 1530, गृहणी 1420, क्लासिक (किलोg) 1610, मोर 1565, चक्र टिन 1665, ब्लू 1540, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1820, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो.) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10600, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छाँटी 7300, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 6900, लाल हिंदुस्तान 7000, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3090, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

# पेटीएम के शेयर में 15% से अधिक गिरावट

## 2 दिन में आरबीआई की सख्ती के बाद शेयर में 42 प्रतिशत से अधिक की आई कमी

नई दिल्ली, एजेंसी

पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर में लगातार दो दिन में 15 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। बीएसई पर कंपनी का शेयर 6.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 419.85 पर बंद हुए। दिन में शेयर 8.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ 408.30 रुपये पर पहुंच गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर कंपनी का शेयर 6.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 419.15 रुपय पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान ये 8.20 प्रतिशत गिरकर 410 रुपये आ गया था। कंपनी के शेयर में लगातार दो सत्र से 15.48 प्रतिशत गिरावट आई जिससे बीएसई पर इसका बाजार मूल्यांकन 4,870.96 करोड़ रुपये कम हो गया।

वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर में बृहस्पतिवार को 10 प्रतिशत की गिरावट आई थी। इससे पहले तीन सत्र की भारी गिरावट के बाद गत मंगलवार को शेयर में तेजी आई थी। आरबीआई की सख्ती के बाद तीन सत्रों (एक से पांच फरवरी के बीच) में इसके शेयर में 42 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इससे उसके बाजार मूल्यांकन में 20,471.25 करोड़ रुपये की बड़ी गिरावट देखी गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम की इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का 31 जनवरी को निर्देश दिया था। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पीपीबीएल में 49 प्रतिशत (प्रत्यक्ष और इसकी अनुषंगी कंपनी के माध्यम से) हिस्सेदारी है। कंपनी के संस्थापक विजय शेखर शर्मा की बैंक में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### पेटीएम ई-कॉमर्स का नाम बदलकर पाई प्लेटफॉर्म्स

पेटीएम ई-कॉमर्स ने अपना नाम बदलकर पाई प्लेटफॉर्म्स कर लिया है। साथ ही ऑनलाइन खुदरा कारोबार में हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए बिट्सिला का अधिग्रहण किया है। बिट्सिला ओएनडीसी पर एक विक्रेता मंच है। मामले से वाकिफ सूत्रों ने बताया कि कंपनी ने करीब तीन महीने पहले नाम बदलने के लिए आवेदन किया था। 8 फरवरी को उसे कंपनी रजिस्ट्रार से मंजूरी मिल गई। कंपनी रजिस्ट्रार की आठ फरवरी की अधिसूचना के अनुसार-इस प्रमाणपत्र की तारीख से कंपनी का नाम पेटीएम ई-कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड से बदलकर पाई प्लेटफॉर्म्स प्राइवेट लिमिटेड कर दिया गया है... एलिवेशन कैपिटल पेटीएम ई-कॉमर्स में सबसे बड़ा शेयरधारक है। इसे पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा, सॉफ्टबैंक और ईबे का भी समर्थन प्राप्त है। सूत्रों ने बताया कि कंपनी ने अब इनोबिट्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (बिट्सिला) का अधिग्रहण कर लिया है। इसे 2020 में पेश किया गया था। यह 'फुल-स्टैक ओमनीचैनल' और 'हाइपरलोकल कॉमर्स' क्षमता के साथ ओएनडीसी विक्रेता मंच के रूप में काम करता है।

## अमरूद की खेती ने हिमाचल के गांव की तस्वीर बदली

**हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)।** हिमाचल प्रदेश उपोष्णकटिबंधीय बागवानी, सिंचाई एवं मूल्यवर्धन (एचपीशिवा) परियोजना के तहत कभी बंजर रहे हमीरपुर जिले के बगेहरा गांव में बड़ा बदलाव आया है। यहां हजारों अमरूद के पौधे लगाए गए हैं और कई किसानों की बंजर भूमि अब विकसित बागों में तब्दील हो गई है। बागवानी विभाग के उप निदेशक राजेश्वर परमार ने बताया कि एचपी शिवा परियोजना के तहत हमीरपुर जिले में 834 हेक्टेयर भूमि पर फल के पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि समय के साथ जिले के अन्य क्षेत्रों के किसान भी बागवानी गतिविधियों को बड़े पैमाने पर अपनाएंगे। परमार ने कहा कि ग्रामीणों को शिव परियोजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पूरा खर्च बागवानी विभाग द्वारा वहन किया जा रहा है।

## एम्ब्रेयर ने सी-390 विमान बनाने के लिए महिंद्रा के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ भारत में विमान बनाएगी ब्राजील की कंपनी

ब्राजील की वैमानिकी कंपनी एम्ब्रेयर और महिंद्रा समूह ने भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम श्रेणी का परिवहन विमान बनाने के लिए साझेदारी करने की शुक्रवार को घोषणा की। वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान (एमटीए) की खरीद परियोजना के लिए दोनों कंपनियों के बीच साझेदारी संबंधी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर यहां ब्राजीलियाई दूतावास में हस्ताक्षर किए गए।

भारतीय वायुसेना अपने पुराने परिवहन विमानों एएन32 के बेड़े को बदलने के लिए 40 से लेकर 80 तक मध्यम श्रेणी के परिवहन विमानों की खरीद करने की तैयारी में है। इसके विकल्प के लिए एम्ब्रेयर डिफेंस एंड सिक्योरिटी का सी-390 मिलेनियम, एयरबस डिफेंस एंड स्पेस का ए-400एम विमान और लॉकहीड मार्टिन का सी-130जे विमान प्रबल दावेदार के रूप में उभरे हैं। एम्ब्रेयर और महिंद्रा ने एक संयुक्त बयान में एमओयू की जानकारी देते हुए कहा कि सी-390 मिलेनियम को लेकर सहयोग से भारत में वैमानिकी एवं सैन्य परिवहन विमान से संबंधित नवीनतम तकनीक लाने में मदद मिलेगी। एम्ब्रेयर डिफेंस के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बॉस्को डा कोस्टा जूनियर ने कहा-भारत में एक विविध और मजबूत रक्षा एवं वैमानिकी उद्योग है और हमने महिंद्रा को अपने भागीदार के रूप में चुना है। महिंद्रा के वैमानिकी एवं रक्षा क्षेत्र के अध्यक्ष विनोद सहाय ने कहा कि उन्हें एम्ब्रेयर के साथ साझेदारी शुरू करने पर गर्व है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,400 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,000-48,200 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,250 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 72,800 |
| चांदी तैयार | 72,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 64,050 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,050 |
| चांदी पक्की | 718(अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,250 |
| चांदी आभूषण | 72,700। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 84-86 मसूरी 68 1121 बासमती 99, **दाल दलहन**-काला चना 100-116 साबुत चना दाल 62 मूंग साबुत 96 राजमा 180-200 दाल उड़द 98-115 साबुत मसूर दाल 72 मसूर दाल 71-73 उड़द साबुत 100-116 काबुली चना 76-165 अरहर साबुत 104-112 अरहर दाल 128 लोबिया/करमानी 78-81 सोयाबीन 41-42 मूंगफली 74 मटर (सूखी) 48 मक्का 25 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना :75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 रुपये।

## कार्बन डाईऑक्साइड के लिए विकसित देश जिम्मेदार: सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ केंद्रीय बिजली मंत्री बोले भारत ने 45% उत्सर्जन कम करने का रखा लक्ष्य

केंद्रीय बिजली मंत्री आरके सिंह ने शुक्रवार को कहा कि विकासशील देशों को वृद्धि के लिए अधिक कार्बन गुंजाइश की जरूरत है। उन्होंने साथ ही कहा कि वातावरण में फैल चुके कार्बन डाईऑक्साइड में 77 प्रतिशत हिस्से के लिए सीधे विकसित देश जिम्मेदार हैं।

भारत ने 2030 तक अपनी कार्बन उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य तय किया है। सिंह ने यहां विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन 2024 में कहा-अब, हमारे ग्रह पर वर्तमान स्थिति क्या है? कुछ देश विकसित हैं और आईएमएफ के आंकड़ों के अनुसार उनकी औसत प्रति व्यक्ति आय लगभग 58,700 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है। केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने कहा कि ऐसे विकासशील देश हैं, जहां प्रति व्यक्ति औसत आय 6,770 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है।

## लाल सागर मार्ग में व्यवधान से माल ढुलाई लागत 30 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका

मुंबई, एजेंसी

▸▸ क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इंडरा ने अपनी रिपोर्ट में जताई उम्मीद

लाल सागर मार्ग में जारी व्यवधान से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में शामिल कंपनियों की माल ढुलाई और अन्य संबंधित लागत (एफएंडएफ) 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इंडरा ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में यह बात कही।

एजेंसी ने कहा कि इस व्यवधान के चलते कार्यशील पूंजी चक्र 15-20 दिनों तक बढ़ने का अनुमान है। इसका असर कृषि और कपड़ा जैसे क्षेत्रों पर अधिक हो सकता है। कार्यशील पूंजी चक्र का मतलब आपूर्तिकर्ताओं को किए गए भुगतान और बिक्री से मिलने वाले राजस्व के बीच की अवधि से है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नकदी प्रवाह पर दबाव हालांकि बड़ी कंपनियों के लिए मध्यम है, लेकिन फिर भी उधारी में और वृद्धि होगी। खासतौर से लोहा और इस्पात, ऑटो और ऑटो कलपुर्जा, रसायन तथा कपड़ा जैसे क्षेत्रों में ऐसा खासतौर से देखने को मिल सकता है। इंडरा के निदेशक सौम्यजीत नियोगी ने कहा कि कम मूल्यवर्धन वाली संस्थाओं के लिए यह चुनौतीपूर्ण वक्त है, क्योंकि उनका मार्जिन भी कम है। हालांकि, बड़ी कंपनियों के पास ऐसी वृद्धिशील लागत को समायोजित करने के लिए पर्याप्त गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि मध्यम आकार की कंपनियों के लिए लागत और आपूर्ति, दोनों रूप में दोहरी चुनौती है।

# राष्ट्रीय

### मोदी ने संसद की कैंटीन में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ किया लंच

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नए संसद भवन की कैंटीन में सांसदों के साथ दोपहर को भोजन किया। खास यह रहा कि दलगत राजनीति को पीछे छोड़ विभिन्न दलों के सांसद इसमें शामिल हुए। बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के एन के प्रेमचंद्रन, तेदपा के राम मोहन नायडू, बसपा के रितेश पांडे और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन तथा हीना गावित सहित कुछ भाजपा नेताओं ने मोदी के साथ भोजन किया।

## मोदी गुजरात के 1,31,454 आवासों का आज करेंगे लोकार्पण

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 फरवरी को वर्चुअल माध्यम से 1,31,454 आवासों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि डीसा शहर में शनिवार को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहेंगे। श्री मोदी इस अवसर पर आवास योजनाओं के लाभार्थियों के साथ वर्चुअल तरीके संवाद भी करेंगे। इस कार्यक्रम में लोकसभा सांसद सी.आर. पाटिल भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अतिथि विशेष के तौर पर लोकसभा सांसद परबतभाई पटेल और भरतसिंह डाभी तथा राज्यसभा सांसद बाबूभाई देसाई भी उपस्थित रहेंगे। आवास प्रदान करने के इस कार्यक्रम से गुजरात के 115 ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र और 67 शहरी निर्वाचन क्षेत्र जुड़ेंगे, यानी सभी 182 विधानसभा क्षेत्र इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### सीतारमण का लोकसभा में अर्थव्यवस्था पर श्वेतपत्र प्रस्तुत करते समय कांग्रेस पर कटाक्ष

# मेरी हिंदी भी एंटरटेनिंग है, थोड़ा सुनिए

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में अर्थव्यवस्था पर श्वेतपत्र को चर्चा के लिए प्रस्तुत करते समय कांग्रेस को आड़े हाथ लिया और हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों पर कटाक्ष करते हुए कहा-मेरी हिंदी भी एंटरटेनिंग है, थोड़ा सुन लीजिए।''

सीतारमण ने जब श्वेतपत्र का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए पूर्ववर्ती संप्रग सरकार की नीतियों की आलोचना की तो बीच-बीच में कांग्रेस के सदस्य हंगामा कर रहे थे। वित्त मंत्री ने कहा-अगर उनमें (कांग्रेस सदस्यों में) साहस है और यदि इन्होंने अच्छा काम किया है तो सुनना चाहिए और जवाब देना चाहिए। सुनने की क्षमता नहीं है। फिर भी मैं छोड़ूंगी नहीं, मैं अपनी बात करुंगी। उन्होंने कहा-वैश्विक आथिक संकट को तो नहीं संभाल सके, आज ज्ञान दे रहे है कि किस तरह संभालना है। उस समय क्या करना चाहिए था, कुछ नहीं किया। घोटाले के ऊपर घोटाले आते रहे। देश को ऐसी गंभीर अवस्था में छोड़कर चले गए भगवान जाने, अगर इनकी (कांग्रेस की) सरकार बनी रहती तो देश का क्या हाल होता। इस दौरान सदन में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी उपस्थित थीं।

### श्वेत पत्र नहीं, सफेद झूठ पत्र है: जयराम रमेश

कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि अर्थव्यवस्था पर मोदी सरकार का श्वेत पत्र एक सफेद झूठ पत्र है और इसके बजाय केंद्र सरकार को रोजगार, नोटबंदी, सीमा पर तनाव और मणिपुर जैसे मुद्दों पर ऐसा दस्तावेज लेकर आना चाहिए। सरकार के श्वेत पत्र के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा-यह श्वेत पत्र नहीं, बल्कि सफेद झूठ पत्र है। हमारे कांग्रेस अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) ने कल 10 साल अन्य काल नाम से एक ब्लैक पेपर जारी किया। उनका कहना था कि कांग्रेस का 'ब्लैक पेपर' सरकार के 'श्वेत पत्र' पर सर्जिकल स्ट्राइक है। कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि सरकार सफेद झूठ पत्र' लेकर आई है। रमेश ने कहा-श्वेत पत्र में नोटबंदी, बेरोजगारी, महंगाई और बढ़ती आर्थिक असमानता का कोई जिक्र नहीं है। जिन मुद्दों पर उन्हें श्वेत पत्र लाना चाहिए, उनमें चीन के साथ सीमा पर तनाव शामिल हैं।

सदन में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी समेत अन्य सदस्यों की टोका-टोकी के बीच सीतारमण ने कहा,-मैं हिंदी और अंग्रेजी दोनों में बोल रही हूं। मेरी हिंदी भी एंटरटेनिंग है। थोड़ा सुनिए। पूर्व अध्यक्ष बैठी हैं, उन्हें इम्प्रेस करना है कि मैडम हम बचाव कर रहे हैं। कहा कि कांग्रेस के सदस्य कई प्रश्न उठाते हैं तो हम तसल्ली से सुनते हैं, लेकिन जब सरकार जवाब देती है तो विपक्षी सदस्य वाकआउट करते हैं या शोर-शराबा करते हैं।

## एक नजर

### अमृतसर में हथियार तस्करी गिरोह के 7 सदस्य गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने ऑस्ट्रेलिया स्थित रितिक रैली और जेल कैदी कुणाल महाजन के निर्देशों पर संचालित एक अंतरराज्यीय हथियार तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ कर भारी मात्रा में हाथियार बरामद किए हैं। अमृतसर के पुलिस आयुक्त (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अमृतसर के गुरु की वडाली के रहने वाले जशनदीप सिंह और करणदीप सिंह, तरनतारन के गांव बेहला के शरणजीत सिंह, तरनतारन के चोहला साहिब का दीपक, अमृतसर का संदीप सिंह और तरनतारन के नरिंदर सिंह के रूप में हुई है।

### 1.25 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध शराब जब्त

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने बाड़मेर जिले में 1.25 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध शराब जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। बाड़मेर के जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने बताया कि खुफिया सूचना पर फलोदी की तरफ से आ रहा एक ट्रेलर से पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई है।

## मोदी, आडवाणी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए पत्रकार वागले के खिलाफ मामला दर्ज

पुणे। भाजपा के कद्दावर नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा के बाद उनके और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में वरिष्ठ पत्रकार निखिल वागले के खिलाफ पुणे में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वागले के खिलाफ भाजपा के एक स्थानीय नेता द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा-निखिल वागले पर विश्रामबाग थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 ए, 500 (मानहानि) और 505 (सार्वजनिक शरारत के लिए उकसाने वाले बयान) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## क्या तारीख में बदलाव किए बिना 'प्रस्तावना' में संशोधन संभव?

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ संविधान से सममाजवादी पंथनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सवाल किया कि क्या संविधान को अंगीकार किए जाने की तारीख 26 नवंबर 1949 को अक्षुण्ण रखते हुए इसकी प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने राज्यसभा के पूर्व सदस्य सुब्रमण्यन स्वामी और वकील विष्णु शंकर जैन से यह सवाल किया, जिन्होंने संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्दों को हटाने की अपील की है।

न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा, 'अकादमिक उद्देश्य के लिए क्या प्रस्तावना, जिसमें तारीख का उल्लेख है, उसे अंगीकार करने के दिनांक में बदलाव किए बिना उसे (प्रस्तावना को) बदला जा सकता है। अन्यथा हां, प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता है। उसमें कोई समस्या नहीं है। स्वामी ने जवाब दिया-इस विषय में बिल्कुल यही सवाल है।

## सुप्रीम आदेश की अनदेखी करने पर यूपी सरकार को फटकार

नई दिल्ली,एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को उन छात्रों की काउंसलिंग नहीं करने के लिए शुक्रवार को फटकार लगाई, जिन्हें उनकी स्कूली शिक्षिका ने गृहकार्य पूरा नहीं करने पर एक मुस्लिम छात्र को थप्पड़ मारने का कथित तौर पर निर्देश दिया था।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने इस बात पर गौर किया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उसके निर्देशों का पूरी तरह से उल्लंघन किया गया है। पीठ ने राज्य को उन बच्चों की काउंसलिंग करने और दो सप्ताह में अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा-हमने टीआईएसएस (टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज) की नवीनतम रिपोर्ट का अध्ययन किया है, जिसमें उस घटना के गवाह सभी छात्रों की काउंसलिंग की बात कही गई है। राज्य द्वारा इस दिशा में कोई कुछ भी नहीं किया गया है, अब बहुत देर हो चुकी है। पीठ ने कहा-हम राज्य को निर्देशों को तुरंत लागू करने का निर्देश देते हैं और अनुपालन हलफनामा दो सप्ताह में दाखिल किया जाए। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि एक मार्च तय की।

उत्तर प्रदेश की अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने कहा कि दो संगठनों ने छात्रों की काउंसलिंग के लिए स्वेच्छा से काम किया है और अधिक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा है। अदालत ने पहले भी राज्य सरकार को उस मुस्लिम लड़के और उसके सहपाठियों की काउंसलिंग के लिए एक एजेंसी नियुक्त करने के अपने आदेश का पालन नहीं करने के लिए फटकार लगाई थी, जिन्हें उनकी शिक्षिका ने होमवर्क न करने पर उसे थप्पड़ मारने का कथित तौर पर निर्देश दिया था। मुजफ्फरनगर जिले के स्कूल की शिक्षिका पर भी पीड़ित लड़के पर सांप्रदायिक टिप्पणियां करने का भी आरोप लगाया गया है।

### मुजफ्फरनगर स्कूल थप्पड़ मामला

▸▸ अब 1 मार्च को कोर्ट में होगी अगली सुनवाई

# अब अयोध्या की तर्ज पर बनेगा चित्रकूट रेलवे स्टेशन

नई दिल्ली, ज्ञानेन्द्र सिंह

▸▸ धार्मिक स्थलों के कई रेलवे स्टेशनों का होगा जीर्णोद्धार

**अमृत विचार:** भगवान राम की जन्म-स्थली, अयोध्या धाम को रेलवे मानचित्र में चमकाने के बाद अब उनकी वन-स्थली, चित्रकूट धाम की बारी है। करीब 50 करोड़ की लागत से चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन को फाइव स्टार बनाने की योजना है।

मंदाकिनी नदी के तट पर बसा चित्रकूट, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के 38 वर्ग किलोमीटर संयुक्त क्षेत्र का एक प्राचीन तीर्थ स्थल है। जहां भगवान राम ने अपने वनवास के 11 वर्ष सीता और लक्ष्मण के साथ व्यतीत किए थे। रेलवे सूत्रों के मुताबिक चित्रकूट में देश-विदेश के पर्यटकों का काफी आना-जाना होता है। लेकिन रेलवे को पर्याप्त राजस्व नहीं मिलता है। ज्यादातर पर्यटक सड़क मार्ग से ही वहां पर आते हैं। लेकिन रेलवे ने चित्रकूट धाम को पर्यटकों की दृष्टि से विकसित करने के लिए जो योजना बनाई है उसके तहत न सिर्फ सड़क बल्कि वायु मार्ग से भी रेल मार्ग को लिंकप किया जाएगा। एक योजना कर्वी से चित्रकूट तक रेलवे लाइन बिछाने की भी है लेकिन अभी उस पर कोई ठोस कार्य शुरू नहीं हुआ है।

चित्रकूट रेलवे स्टेशन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिसके तहत कटरा जम्मू रेलवे स्टेशन की तर्ज पर चित्रकूट में यात्रियों के लिए आधुनिक व्यवस्था की जाएगी।

अभी चित्रकूट रेलवे स्टेशन अयोध्या, काशी, प्रयागराज, दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद, रायपुर, जबलपुर एवं लखनऊ से जुड़ा हुआ है। जब रेलवे स्टेशन का विस्तार एवं विकास हो जाएगा तब इसे महोबा एवं खजुराहो से भी लिंकप किया जाएगा और देश के सभी प्रमुख स्टेशनों से चित्रकूट के लिए रेल यातायात उपलब्ध कराया जाएगा। चित्रकूट के साथ ही बांदा महोबा एवं मानिकपुर रेलवे स्टेशन को भी नए सिरे से विकसित किया जाएगा।

रेलवे सूत्रों के मुताबिक चित्रकूट के साथ ही बनारस में काशी, वाराणसी सिटी, वाराणसी कैंट एवं व्यास नगर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। इसी तरह कानपुर में प्राचीन हनुमान मंदिर, पनकी रेलवे स्टेशन एवं गंगा पार स्थित शुक्लागंज में भी बड़ा स्टेशन बनाया जाएगा। मथुरा जंक्शन के अलावा कृष्ण जन्मभूमि के निकट भूतेश्वर रेलवे स्टेशन, गाजियाबाद के निकट गंगा तट पर गढ़मुक्तेश्वर रेलवे स्टेशन को भी धार्मिक दृष्टि से विकसित करने की योजना बनाई गई है। उत्तराखंड में हरिद्वार, रामनगर व काठगोदाम रेलवे स्टेशनों सर्वे पूरा हो चुका है। उक्त सभी रेलवे स्टेशनों का कार्य इसी वर्ष अप्रैल से शुरू होने की संभावना है।

## 13 करोड़ की हेरोइन व मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त

**आइजोल।** असम राइफल्स और मिजोरम पुलिस ने पिछले दो दिनों में संयुक्त अभियान के दौरान पूर्वी मिजोरम के चम्फाई जिले से 13.3 करोड़ रुपये की हेरोइन और मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त की हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बुधवार को जोखावथर के एक निवासी के कब्जे से मुआलकावी में 4.23 करोड़ रुपये मूल्य की कुल 605 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई में मिजोरम-म्यांमा सीमा पर जोखावथर में नौ करोड़ रुपये की मेथामफेटामाइन की 30,300 गोलियां और 17.49 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी बरामद की गई।

ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिपः कुश्ती का चयन ट्रायल 10-11 मार्च को

## चयनित होने को पहलवान पटियाला और सोनीपत में आजमाएंगे जोर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आगामी ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम चुनने के लिए चयन ट्रायल का आयोजन 10 और 11 मार्च को क्रमशः पटियाला और सोनीपत में होगा। यह जानकारी इस खेल का प्रबंधन कर रही तदर्थ समिति ने शुक्रवार को दी।

इस ट्रायल की योजना शुरुआत में 27 से 29 फरवरी के लिए बनाई गई थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी में देरी के बाद इसे स्थगित कर दिया। महिला पहलवानों के लिए ट्रायल 'एनएसएनआईएस' पटियाला में होंगे जबकि ग्रीको रोमन और फ्रीस्टाइल पहलवानों के लिए ट्रायल भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत में होंगे। भूपेन्द्र सिंह बाजवा की अध्यक्षता वाली तदर्थ समिति ने कहा कि आगामी ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम के चयन के लिए तदर्थ समिति 10 और 11 मार्च को चयन ट्रायल का आयोजन करेगी। ओलंपिक भार वर्ग में ट्रायल के विजेता को आगामी ओलंपिक क्वालीफायर (19 से 21 अप्रैल तक एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर और 9 से 12 मई तक विश्व ओलंपिक क्वालीफायर) में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। अंतिम (53 किग्रा) को 2024 सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में खेलने को सीधे प्रवेश दिया जाएगा।

**ट्रायल की योजना 27 से 29 फरवरी के लिए थी जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई थी**

## बल्लेबाज आक्रामक-पारंपरिक शैली में संतुलन बनाएंः वॉन

### इंग्लैंड एक ऐसी टीम बन सकती है, जिसे बहुत अच्छा करने के बावजूद भी ज्यादा सफलता ना मिले

**लंदन, एजेंसी**

पूर्व कप्तान माइकल वॉन को चिंता है कि इंग्लैंड एक ऐसी टीम बन जाएगी जो कड़ी मेहनत करने के बावजूद ज्यादा जीत हासिल करने में नाकाम रहेगी। उन्होंने भारत में टीम की बल्लेबाजी इकाई को सफल होने के लिए आक्रामक और पारंपरिक क्रिकेट की शैली के बीच संतुलन बनाने की सलाह दी।

इंग्लैंड को 'बैजबॉल' तरीका अपनाने के बाद से टेस्ट क्रिकेट में अच्छी सफलता मिली है। टीम को हालांकि इस रवैए से कुछ अहम मुकाबलों में हार का सामना भी करना पड़ा है, जिसमें एशेज श्रृंखला के मैच भी शामिल है। इंग्लैंड ने घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली एशेज श्रृंखला को 2-2 से डॉ खेला था। इंग्लैंड के लिए जैक क्राउली को छोड़कर उनके सभी बल्लेबाज बड़े स्कोर बनाने में असमर्थ रहे। वॉन ने कहा कि इंग्लैंड की टीम अगर विशाखापत्तनम जैसी बल्लेबाजी जारी रखगी तो श्रृंखला नहीं जीत पाएगा। मैं वास्तव में सोचता हूं कि बल्लेबाजों को हमारे गेंदबाजों से कुछ सीखने की जरूरत है। हमारे गेंदबाजों ने पारंपरिक और आक्रामक शैली का अच्छा मिश्रण किया है। वॉन ने टीम बल्लेबाजों से आक्रामक रूख अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जेम्स एंडरसन ने कमाल किया है। टीम को एंडरसन का साथ देने के लिए तेज गेंदबाज शायद ऑली रॉबिन्सन को मैदान पर उतारना होगा।

**इंग्लैंड ऐसी टीम जिसकी बहुत आलोचना नहीं की जा सकती**

वॉन ने 'द टेलीग्राफ में लिखा कि इंग्लैंड ऐसी टीम बन गई है जिसकी बहुत आलोचना नहीं की जा सकती है क्योंकि उन्हें खेलते हुए देखना अच्छा है। हम मौजूदा टीम के खेल से बहुत प्रभावित होते हैं और बेन स्टोक्स के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने बड़े पैमाने पर सुधार किया है। मुझे चिंता है कि कहीं वे ऐसी टीम न बन जाए जो इतना शानदार करने के बाद भी अधिक मैच जीतने में सफल ना रहे। जब उन्हें एशेज श्रृंखला जीतनी चाहिए थी तब वे नहीं जीत सके और अब उन्होंने भारत को श्रृंखला में वापसी का मौका दे दिया है। यह तब हुआ जब विराट कोहली समेत कई बड़े नाम मौजूद नहीं थे। इंग्लैंड ने भारत में पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली थी, लेकिन बेन स्टोक्स की टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने शानदार वापसी कर जीत दर्ज की।

## खेल डायरी

### विश्व कप उपविजेता फ्रांस नेशन्स लीग फुटबॉल में इटली, बेल्जियम और इजरायल के साथ एक ग्रुप में

**पेरिस, एजेंसी।** विश्व कप उपविजेता फ्रांस, यूरोपीय चैंपियन (2020) इटली, बेल्जियम और इजराइल को सितंबर में शुरू होने वाले पुरुषों की यूएफा नेशन्स लीग के शीर्ष स्तर के मुश्किल ग्रुप 'ए 2' में एक साथ जगह दी गई है। नेशंस लीग चैंपियन स्पेन को डेनमार्क के अलावा स्विट्जरलैंड और सर्बिया के साथ ग्रुप 'ए 4' में रखा गया था, यूरो 2024 मेजबान जर्मनी, नीदरलैंड, हंगरी और बोस्निया-हर्जेगोविना को ग्रुप 'ए 3' में जगह मिली है जबकि क्रोएशिया, पुर्तगाल, पोलैंड और स्कॉटलैंड को 'ग्रुप ए-1' में शामिल किया गया है। फीफा रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड 2022 में नेशन्स लीग के दूसरे टियर में खिसक गया था। टीम को ग्रुप 'बी-2' में फिनलैंड, यूनान और आयरलैंड के साथ रखा गया है। यह 1991 के बाद इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच पहला प्रतिस्पर्धी मैच होगा।

### जुलाई में भारतीय फुटबॉल सत्र डूरंड कप से होगा शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरुआत 26 जुलाई से डूरंड कप और इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 11के सत्र का आगाज सितंबर महीने में होगा। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) के अनुसार 2024-25 भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरुआत 26 जुलाई से डूरंड कप से होगी तथा सितंबतर में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का आयोजन किया जाएगा। एआईएफएफ ने बताया कि इस बीच, आई-ली भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) और कलिंगा सुपर कप अक्टूबर में शुरू होंगे। आगामी सत्र में आईडब्ल्यूएल विंडो को 4 से बढ़ाकर 6 महीने किया गया है। पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी नवंबर-दिसंबर में होगी। भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम मार्च और जून महीने में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर खेलेगी।

### रग्बी प्रीमियर लीग लांच करने को तैयार इंडिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ (आईआरएफयू) देश में खेल की लोकप्रियता बढ़ाने के उद्देश्य पर काम करते हुए फ्रेंचाइजी आधारित रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) लांच करने के लिए तैयार है। लीग में भारत और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की भी कुछ सर्वश्रेष्ठ रग्बी प्रतिभाए हिस्सा लेंगी। यह लीग इस साल सितंबर में खेल के 'सेवंस' प्रारूप में खेली जाएगी, जिसके शुरूआती चरण में छह टीमें हिस्सा लेंगी। आईआरएफयू के अध्यक्ष ने कहा कि यह भारत के लिए और भारतीय रग्बी के लिए ऐतिहासिक पल है। रग्बी दुनिया भर के बड़े खेलों में से एक है और भारत पिछले कुछ वर्षों से इस खेल में लगातार प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि आरपीएल भारतीय रग्बी के लिए 'गेम चेंजर' साबित होगी और हमारे खिलाड़ियों को दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने और अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करेगी।

### स्नेहा ने डब्ल्यूपीजीटी के चौथे चरण का खिताब जीता

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** स्नेहा सिंह आखिरी तीन होल में दो बोगी करने के बाद बावजूद हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के चौथे चरण को जीतने में सफल रहीं। मौजूदा सत्र में तीन चरण में भाग लेने वाली स्नेहा की यह दूसरी जीत है। उन्होंने इस चरण के चौथे दौर में ईवन पार 72 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर पांच अंडर 211 होगा। हिताशी ने चौथे दौर में बोगी रहित 69 का कार्ड खेला लेकिन यह स्नेहा के पांच शॉट की बढ़त को पाटने के लिए काफी नहीं था। मौजूदा सत्र में तीसरे चरण की विजेता हिताशी पहले, दूसरे और इस चरण में उपविजेता रही है।

### फ्रांसेस टियाफो डलास ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**डलास, एजेंसी।** अमेरिका के शीर्ष वरीय फ्रांसेस टियाफो ने गुरुवार रात 19 साल के हमवतन एलेक्स मिचेलसन पर 6-4, 6-3 से जीत दर्ज कर डलास ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। जापान के योशिहितो निशियोका ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया, जिससे फ्रांस के एड्रियन मानारिनो एक भी मुकाबला खेले बिना क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। राउंड 16 के अन्य मुकाबलों में सातवें वरीय जोर्डन थाम्पसन ने अमेरिका के डेनिस कुडला पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की जबकि जर्मनी के आठवीं वरीयता प्राप्त डोमिनिक कोफर ने आस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाता को 6-4, 7-6 से मात दी।

## कोहली के बारे में गलत जानकारी साझा कर की गलती : डिविलियर्स

### भारत के दिग्गज खिलाड़ी ने निजी कारणों से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया है ब्रेक

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने कहा कि उन्होंने भारत के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली के बारे में गलत सूचना साझा करके बहुत बड़ी गलती कर दी। कोहली ने निजी कारणों से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से ब्रेक लिया है और डिविलियर्स ने कहा कि उन्हें कोई अंदाजा नहीं है कि वहां क्या हो रहा है। डिविलियर्स ने कुछ दिन पहले अपने यूट्यूब चैनल पर दावा किया था कि कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ अपने दूसरे बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं।

दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व दिग्गज ने एसए20 लीग के इतर बातचीत में कहा कि परिवार सबसे पहले आता है, जैसा कि मैने अपने यूट्यूब चैनल पर भी कहा था। मैने भी उस समय गलत जानकारी साझा कर के बड़ी गलती कर दी। मेरी वो बातें बिल्कुल भी सच नहीं थी। एसए20 के ब्रांड दूत डिविलियर्स ने कहा कि मैं बस यही सोचता हूं कि जो कुछ भी विराट और उनके परिवार के लिए सबसे अच्छा है उसे प्राथमिकमा मिलनी चाहिए। कोई नहीं जानता कि वहां क्या हो रहा है। मैं बस उनके लिए सब कुछ अच्छा होने की कामना कर सकता हूं।

**एबी ने दावा किया था कि कोहली दूसरे बच्चे के जन्म का कर रहे इंतजार**

### टेस्ट क्रिकेट खेलना कठिन चुनौती

डिविलियर्स ने कहा कि मैं युवाओं से कहना चाहता हूं कि टेस्ट क्रिकेट खेलने से बढ़कर कुछ नहीं। यह सबसे बड़ी और सबसे कठिन चुनौती होती है। यह मेरा ही नहीं कई पूर्व खिलाड़ियों का भी मानना है। सबसे तेज वनडे अर्धशतक (16 गेंद), सबसे तेज वनडे शतक (31 गेंद) और सबसे तेज 150 वनडे रन (62 गेंद) का रिकॉर्ड बना चुके डिविलियर्स ने 114 टेस्ट में 8765 रन, 228 वनडे में 9577 और 78 टी-20 में 1672 रन बनाए हैं। उन्होंने कहा कि व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद खिलाड़ी हर प्रारूप खेल सकते हैं। खेल के बेसिक्स तो समान ही होते हैं।

### आगामी टी-20 में सूर्यकुमार से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

क्रिकेट के असली 'मिस्टर 360 डिग्री' को इसके साथ ही जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में सूर्यकुमार यादव से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। टी-20 क्रिकेट में जबर्दस्त प्रदर्शन के दम पर सूर्यकुमार को भी 'मिस्टर 360 डिग्री' की उपमा मिली जो पहले डिविलियर्स को कहा जाता था। टी-20 क्रिकेट के साथ 360 डिग्री तकनीक का ईजाद हुआ, जिसमें बल्लेबाज मैदान के चारों तरफ शॉट्स खेल सकते हैं। डिविलियर्स ने कहा कि टी-20 विश्व कप में यूं तो कई खिलाड़ियों पर नजरें होंगी लेकिन मैं स्काय (सूर्यकुमार यादव) की बल्लेबाजी देखना चाहता हूं। मैं उसका बड़ा प्रशंसक हूं और उम्मीद है कि वह अच्छा खेलेगा। उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि भारत सबसे प्रबल दावेदारों में से होगा।

### विश्वकप और आईपीएल दोनों के प्रारूप एक समान

दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में गिने जाने वाले डिविलियर्स ने कहा कि विश्व कप से ठीक पहले आईपीएल होने से खिलाड़ियों की थकान का मसला नहीं होगा क्योंकि प्रारूप समान है। उन्होंने कहा कि आईपीएल विश्व कप से ठीक पहले है लेकिन दोनों है तो टी20 प्रारूप ही। गेंदबाज को टेस्ट की तरह 15 या 20 ओवर प्रतिदिन नहीं बल्कि चार ही ओवर डालने हैं। मुझे लगता है कि वे कार्यभार प्रबंधन कर लेंगे। आईपीएल में आरसीबी के लिए 184 मैचों में 5162 रन बना चुके डिविलियर्स ने कहा कि आईपीएल के बाद छोटा ब्रेक भी है। दो ही टीमें फाइनल खेलेंगी और बाकी तो तरोताजा ही रहेंगी। खिलाड़ियों को मैचों के बीच भी आराम मिलता है। क्रिकेट प्रेमियों को लगातार काफी क्रिकेट देखने का मौका मिलेगा जो अच्छी बात है।

## 'ग्रोइन' और कमर में खिंचाव से अय्यर का खेलना मुश्किल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

श्रेयस अय्यर के कमर और 'ग्रोइन' में खिंचाव की शिकायत के बाद उनके इंग्लैंड के खिलाफ बची हुई टेस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की संभावना नहीं है। अय्यर को पीठ में लगातार परेशानी हो रही है, जिसके लिए उन्होंने पिछले साल सर्जरी भी करायी थी।

अय्यर (29 वर्ष) ने हैदराबाद और विशाखापत्तनम में पहले दो टेस्ट में 35, 13, 27 और 29 रन की पारी खेली थी। वह अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने बताया कि अय्यर ने खिंचाव और कमर में दर्द होने की शिकायत की है तथा उनके श्रृंखला के बचे हुए तीन टेस्ट मैचों में खेलने की संभावना नहीं है। भारत पहले ही अपने खिलाड़ियों को लगे चोटों की समस्या से जूझ रहा है क्योंकि उसके मुख्य खिलाड़ी केएल राहुल और रविंद्र जडेजा चोटिल हैं और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे और उनके राजकोट और रांची में होने वाले टेस्ट मुकाबलों के लिए भी उपलब्ध होने की संभावना कम ही है। भारतीय चयनकर्ताओं को अभी अंतिम तीन टेस्ट के लिए टीम की घोषणा करनी है और वह जडेजा की फिटनेस पर स्पष्टता के बाद ही ऐसा करेंगे। आल राउंडर जडेजा को इसके लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में फिटनेस जांच में पास होना होगा। वह हैमस्ट्रिंग चोट की वजह से विशाखापत्तनम टेस्ट में नहीं खेल पाए थे जबकि राहुल ने दर्द की शिकायत की थी। अगर जडेजा और राहुल दोनों अंतिम एकादश में वापसी करते हैं तो अय्यर की चोट से रजत पाटीदार को एक और मौका मिल सकता है। पाटीदार विशाखापत्तनम में टेस्ट पदार्पण के दौरान प्रभावित नहीं कर सके थे। पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला अभी 1-1 की बराबरी पर है। भारतीय खिलाड़ी 11 फरवरी को राजकोट पहुंचेंगे और इंग्लैंड के एक दिन बाद वहां पहुंचने की उम्मीद है।

**चयनकर्ताओं के सामने संकट, केएल राहुल और रविंद्र जडेजा पहले से चोटिल**

## पिच को गेंदबाजी के समीकरण से बुमराह ने बाहर कर दिया : स्टेन

**केपटाउन, एजेंसी**

महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन का कहना है कि भारतीय स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने अपरंपरागत गेंदबाजी एक्शन, दमदार यॉर्कर और तेज रफ्तार से पिच को गेंदबाजी के समीकरण से बाहर कर दिया है।

बुमराह ने विशाखापत्तनम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत को शानदार जीत दिलाई, जिससे मेजबान टीम 5 मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर करने में सफल रही। स्टेन ने भारतीय पिचों पर भी लगातार विकेट लेने वाली यॉर्कर गेंद फेंकने की काबिलियत के लिए बुमराह की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह महानता का दर्जा हासिल करने की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस समय कोई टेस्ट गेंदबाज है जो विकेट लेने वाले यॉर्कर डालने में सक्षम हो। सनराइजर्स ईस्टर्न केप टीम के गेंदबाजी कोच स्टेन ने केपटाउन में एसए20 खिताबी भिड़ंत की पूर्व संध्या पर कहा कि टेस्ट मैच में विकेट लेने के लिए शायद कुछेक गेंदबाज हैं जो ऐसा कर सकते हैं। ट्रेंट बोल्ट उनमें से एक थे और शायद मिचेल स्टार्क। और निश्चित रूप से बुमराह।

## मेस्सी की मैच में अनुपस्थिति से बढ़ी नाराजगी

**हांगकांग, एजेंसी**

हांगकांग में फुटबॉल मैच के दौरान लियोनल मेस्सी के मैदान पर नहीं उतरने के बाद सरकार और खेल प्रेमियों के गुस्से का सामना करने वाले आयोजक ने शुक्रवार को कहा कि वे विश्व कप विजेता फुटबॉलर की अनुपस्थिति के लिए टिकट की 50 प्रतिशत राशि लौटने की पेशकश करेंगे।

इस हफ्ते के शुरू में स्थानीय टीम के खिलाफ हुए इस मैच में मेस्सी को भी मैदान पर खेलने उतरना था लेकिन वह 'ग्रोइन' चोट से पूरे 90 मिनट तक बेंच पर बैठे रहे। लेकिन अर्जेंटीना का यह स्टार खिलाड़ी बुधवार को इंटर मियामी के ताजा प्रदर्शनी मैच में तोक्यो में 30 मिनट तक मैदान पर उतरा थ, जिससे दो दिन से चीन में सोशल मीडिया पर लोग मेस्सी के हांगकांग में मैच नहीं खेलने पर निराशा व्यक्त कर रहे हैं। शुक्रवार को आयोजक टैटलर एशिया ने 'इंस्टाग्राम' पोस्ट पर उन लोगों से माफी मांगी जो मैच से निराश थे। उसने कहा कि मेस्सी के नहीं खेलने के बारे में जब पता चला तो उसने इंटर मियामी के प्रबंधन से अनुरोध किया था कि वह इस फुटबॉलर से दर्शकों को समझाने का आग्रह करे।




## कागज 2 का पोस्टर अनुपम ने किया साझा

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता अनुपम खेर ने फिल्म कागज 2 का पहला पोस्टर सोशल मीडया पर शेयर किया है। दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म 'कागज' वर्ष 2021 में ओटीटी प्लेटफॉर्म जी-5 पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी अहम किरदार में थे। अनुपम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 'कागज 2' का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही अनुपम ने अपने दोस्त दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक के लिए भावुक पोस्ट भी लिखा। अनुपम ने कैप्शन में लिखा, सबसे प्रिय सतीश कौशिक। आपके जुनूनी प्रोजेक्ट का ट्रेलर और दुर्भाग्य से आखिरी प्रोजेक्ट 'कागज 2' कल रिलीज हो रहा है। मैं जानता हूं कि इसको बनाने के लिए आपने कितनी मेहनत की है, लेकिन अब हम सब यह सुनिश्चित करेंगे कि इस फिल्म की चमक दुनिया तक पहुंचे। आपको हमेशा प्यार।

### 11 अक्टूबर को रिलीज होगी शाहिद कपूर की फिल्म देवा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की फिल्म देवा 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। शाहिद कपूर ने अपने इंस्टाग्राम लाइव सत्र में अपनी आने वाली एक्शन थ्रिलर 'देवा' के बारे में बताया।उन्होंने कहा, मेरी अगली एक्शन थ्रिलर देवा में कई एक्शन सीक्वेंस हैं। देवा विशाल फिल्म है, और मैं इसमें एक बहुत कठिन किरदार निभा रहा हूं। देवा 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। फिल्म देवा में शाहिद कपूर के साथ पूजा हेगड़े की अहम भूमिका है। देवा ,ज़ी स्टूडियो और सिद्धार्थ रॉय कपूर द्वारा निर्मित और रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित है। इस फिल्म में शाहिद पुलिस ऑफिसर की भूमिका में हैं।

## मां ने मुझे थिएटर जाने को किया प्रोत्साहित

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी ने बताया है कि उनकी मां ने उन्हें थिएटर जाने और सिनेमा देखने के लिए प्रोत्साहित किया है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, ब्रिटिश संसद और भारतीय उच्चायोग जैसे प्रतिष्ठित स्थानों पर बोमन ईरानी की उपस्थिति और प्रभावशाली शब्दों ने न केवल भारत को गौरवान्वित किया है, बल्कि कई लोगों के लिए प्रेरणा का काम भी किया है। ऑक्सफोर्ड की अपनी यात्रा के दौरान, बोमन ईरानी ने एक यादगार भाषण दिया और सिनेमा से परे उनके प्रभाव के लिए डॉ अदिति लाहिरी से प्रशंसा प्राप्त की। अपनी जीवन यात्रा पर विचार करते हुए, बोमन ईरानी ने उल्लेखनीय क्षणों को साझा किया, जिसमें बचपन के अनुभवों से लेकर अपनी मां द्वारा थिएटर के लिए प्रोत्साहन के तहत एक फोटोग्राफर के रूप में काम करने सहित अपनी विविध भूमिकाएं शामिल हैं। बोमन ईरानी ने कहा, मैं डिस्लेक्सिक था और मैं बहुत तुतलाता था और जब भी मैं बोलता था तो हर कोई हंसता था। मुझे डर रहेगा कि लोग मेरा मज़ाक उड़ाएँगे। मुझे यह समझने में कई साल लग गए कि आप डरने का जोखिम नहीं उठा सकते।एक दिन स्कूल में एक कॉन्सर्ट था और मेरी मां ने मुझे मुस्कुराते और गाते हुए देखा। तभी उन्हें एहसास हुआ कि मुझे दर्शकों के सामने मंच पर रहना पसंद है और उन्होंने मुझे प्रोत्साहित किया, भले ही मेरे अंक बहुत अच्छे नहीं थे। उन्होंने मुझे थिएटर जाने, स्पीच थेरेपिस्ट के पास जाने और हर दिन सिनेमा देखने जाने के लिए प्रोत्साहित किया क्योंकि मेरी शिक्षा सिनेमा के माध्यम से हुई थी। उसने मेरी आँखों में देखा कि मैं उस दुनिया से प्यार करता हूं।

## खुशबू और माही का भोजपुरी गीत 'कीन दी क्रीम राजा जी' रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका खुशबू तिवारी केटी और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी गीत 'कीन दी क्रीम राजा जी' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर भोजपुरी लोकगीत रिलीज हुआ है। वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव गांव से शहर अपने पति के साथ आती हैं और बड़े घर में उसे काम मिल जाता है। धूप में भी उसे काम करना पड़ता है, जिससे उसकी स्किन सांवली हो गई है। वह अपने पति से गोरा होने की क्रीम लाने की डिमांड करती है। वह कहती है कि... 'काम करे में लागल बा धूप सइयाँ, हो गईल बा सांवर गोर रूप सइयाँ, भईल चेहरा के लाईट बा डीम राजा जी, डीम राजा जी, एगो कीन दीं बढ़िया क्रीम राजा जी, गोर होखे वाला कीन दीं क्रीम राजा जी...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। गीतकार यादव राज हैं और संगीतकार अभिराम पांडेय हैं। वीडियो डायरेक्टर आर्यन देव, कोरियोग्राफर अशोक सम्राट, एडिटर मीत जी हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है।

### डायमेंशन म्यूजिक के लिए सलमान अली और अल्तमश ने गाया गाना

**मुंबई, एजेंसी।** जानेमाने गायक सलमान अली और अल्तमश फरीदी ने डायमेंशन म्यूजिक के लिए गाना गाया है। फ़िल्म निर्माता लियाकत गोला की डायमेंशन म्यूजिक ने एक साथ तीन गानों को रिलीज़ किया है। इनमें खुदा हाफ़िज़, माही मेरा और मोहब्बत है। गाना मोहब्बत को सलमान अली ने गाया है, जिसके बोल अमीना इसरार से लिखे हैं और संगीत आमिर अली ने बनाया है। वीडियो निर्देशक फ़ैज़ हैं, वहीं डीओपी एवं एडिटर दित्य जांगिड़ हैं। वीडियो फीट में अरबाज़ पटेल और ईशु हैं। गाना ख़ुदा हाफ़िज़ को अल्तमश ने गाया है,जिसे मशेउद्दीन कुरैशी ने लिखा, और संगीत आमिर अली ने दिया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# भारत की महान विभूतियों ने देश के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में लगा दिया पूरा जीवन

## भ्रष्टाचार विरोधी और सर्वमान्य नेता थे चौधरी चरण सिंह

**नई दिल्ली।** दिवंगत चौधरी चरण सिंह किसान और जाट समाज के सर्वमान्य नेता के रूप में अगुवा रहे। चौधरी चरण सिंह भारत के पांचवें प्रधानमंत्री रहें हैं। जाट समाज के तमाम सम्मेलनों में चौ. चरण सिंह को भारत रत्न देने की वर्षों से मांग चलती रही है। उनके निधन के बाद से ही राष्ट्रीय लोक दल की ओर से मांग की जा रही थी।



हालांकि, अब केंद्र सरकार ने उनकी मांग को पूरा किया है। किसान भाई- बहनों की समस्यों के साथ खड़े रहने वाले नेता थे चौधरी चरण सिंह जी। बता दें, चौधरी चरण सिंह 1937 में छपरौली से उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए चुने गए और 1946, 1952, 1962 एवं 1967 में विधानसभा में अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। बाद में उन्होंने सुचेता कृपलानी के मंत्रालय में वे कृषि एवं वन मंत्री (1962-63) रहे। उन्होंने 1965 में कृषि विभाग छोड़ दिया एवं 1966 में स्थानीय स्वशासन विभाग का प्रभार संभाल लिया। भ्रष्टाचार के सख्त विरोधी कांग्रेस विभाजन के बाद फरवरी 1970 में दूसरी बार वे कांग्रेस पार्टी के समर्थन से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। आपातकाल में सरकार के साथ खड़े रहे।

चरण सिंह दो बार मुख्यमंत्री और एक बार देश के प्रधानमंत्री रहे। मुख्यमंत्री बने हुए उन्हें कुछ ही दिन हुए थे कि उन्हें एक निजी समारोह में भाग लेने जाना पड़ा। वहां से लौटकर आए तो ड्राइवर से कहा कि इसे अलग नोट कर लेना। ड्राइवर उन्हें गौर से देखने लगा तो बोले, 'सरकारी दौरे छोड़कर निजी कार्यक्रमों में जाने पर वाहन का पेट्रोल पर होने वाला खर्च मेरे निजी खाते से चुकता किया जाएगा।'लंबा राजनीतिक जीवन व्यतीत करने के बाद दिग्गज नेता के निधन के समय उनके खाते में मात्र 470 रुपये थे।

## 18 भाषाओं के जानकार थे पूर्व पीएम नरसिम्हा राव

**नई दिल्ली।** दिवंगत पूर्व कांग्रेसी नेता 18 भाषाओं के जानकार नरसिम्हा राव 1991 से 1996 तक देश के पीएम रहे। हालांकि, उनके पीएम बनने का फैसला भी अचानक हुआ था, जिसके चलते उन्हें एक्सिडेंटल पीएम भी कहा जाता है। नरसिम्हा राव के गांधी परिवार से भी अच्छे रिश्ते नहीं थे।

सन 1992 में बाबरी विध्वंश के दौरान नरसिम्हा राव के गांधी परिवार से सबसे ज्यादा रिश्ते खराब हुए थे। बाबरी कांड के बाद कांग्रेस के कई बड़े नेता राव से नाराज थे। उन्होंन मनमोहन सिंह के साथ देश में बड़ा आर्थिक सुधार किया था और वैश्विक बाजारों के लिए देश के दरवाजे खोले थे। राव के इन्हीं सुधारों का क्रेडिट लेने और राजीव गांधी के हत्यारों पर तेज कार्रवाई न करने के चलते गांधी परिवार के रिश्ते उनसे ज्यादा खराब हो गए थे। प्रधानमंत्री बनने से पहले राव ने भारत सरकार और कांग्रेस पार्टी में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। उन्होंने 1971 से 1973 तक आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर जमीनों की चकबंदी और शिक्षा में महत्वपूर्ण सुधार लागू किए। केंद्र सरकार में उन्होंने विदेश मामलों, रक्षा और गृह मामलों के मंत्री पद संभाले, जो शासन में उनकी बहुमुखी प्रतिभा और विशेषज्ञता को उजागर करता है। प्रधानमंत्री के रूप में राव का कार्यकाल उनके द्वारा शुरू किए गए आर्थिक सुधारों के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है। 1991 में भारत को काफी गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। उस वक्त देश के सामने उच्च महंगाई, कम विदेशी मुद्रा भंडार और बाहरी कर्ज चुकाने में विफलता के जोखिम जैसी कठिन चुनौतियां थीं

## हरित क्रांति के जनक माने जाते हैं डॉ.एम एस स्वामीनाथन

**नई दिल्ली।** दिवंगत कृषि वैज्ञानिक डॉ. मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण समेत कई पुरस्कारों से भी सम्मानित किए गए हैं। स्वामीनाथन भारत में 'हरित क्रांति' के जनक माने जाते हैं।

उन्होंने गेहूं और चावल की अधिक उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे भारत के कम आय वाले किसानों को अधिक उपज करने में मदद मिली। इतना ही नहीं उन्होंने देश के लिए खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित की। उन्हें एक ऐसे व्यक्ति के रूप में भी जाना जाता है जिसने भारत को 'भूख के ट्रैप' से बाहर निकाला। इसके अलावा उन्होंने भारत में कृषि की प्रोडेक्टिविटी बढ़ाने के लिए के एक रिपोर्ट पेश की थी, जिसे स्वामीनाथन रिपोर्ट कहा जाता है, जो आज तक लागू नहीं की गई। प्रोफेसर एम एस स्वामीनाथन की अध्यक्षता में 2004 में राष्ट्रीय किसान आयोग (एनसीएफ) का गठन किया गया था।

**1965** में स्वामीनाथन को चेकोस्लोवाक एकेडमी ऑफ साइंसेज से मेंडल मेमोरियल मेडल मिला।

**1967** में पद्म श्री, 1972 में पद्म भूषण और 1989 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

**1971** में रेमन मैग्सेसे और 1986 में अल्बर्ट आइंस्टीन वर्ल्ड साइंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

**1987** में वर्ल्ड फूड सेफ्टी अवॉर्ड और 1991 में पर्यावरणीय उपलब्धि के लिए टायलर अवॉर्ड मिला।

### पाकिस्तान : आम चुनाव की मतगणना जारी, 49 सीट पर इमरान के उम्मीदवारों की दावेदारी

# इमरान-नवाज की सियासी टक्कर

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को पाकिस्तान के चुनाव नतीजों में शुक्रवार को बढ़त मिली। इमरान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार आश्चर्यजनक रूप से अच्छा प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल में हैं और उनके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध है।

चुनाव आयोग ने अब तक नेशनल असेंबली की 122 सीट के नतीजों की घोषणा की है, जिसमें स 49 सीट पर निर्दलीय उम्मीदवारों (ज्यादातर पीटीआई समर्थित) को जीत मिली है। पीएमएल-एन को 39 सीट पर जीत मिली है, जबकि पीपीपी के खाते में 30 सीट गई है। अन्य सीट पर छोटे दलों को जीत मिली है।

खान (71) की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रत्याशी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं क्योंकि देश के उच्चतम न्यायालय ने उनकी पार्टी को उसके चुनाव चिह्न क्रिकेट का 'बल्ला' से वंचित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले को बरकरार रखा है।

**122** सीटों का ही परिणाम हुआ है घोषित

मीडिया के अनुसार, कुल 266 सीटों में से 163 सीटों के लिए बुलाए गए अनौपचारिक परिणामों के अनुसार, पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार 73 सीटों पर आगे चल रहे हैं, इसके बाद पीएमएल-एन 48 और पीपीपी 35 सीटों पर आगे चल रहे हैं। हालांकि, डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) द्वारा केवल 72 सीटों के लिए अनंतिम परिणाम जारी किए गए हैं। ईसीपी के अनुसार, पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार 28 सीटों पर आगे चल रहे हैं, इसके बाद पीएमएल-एन (19 सीटें) और पीपीपी (18 सीटें) के बीच कड़ा मुकाबला है।

### नेशनल असेंबली का समीकरण

नेशनल असेंबली की 336 सीट में से 266 पर ही मतदान कराया जाता है, लेकिन बाजौर में, हमले में एक उम्मीदवार की मौत हो जाने के बाद वहां मतदान स्थगित कर दिया गया था। अन्य 60 सीट महिलाओं के लिए और 10 सीट अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित हैं, और ये जीतने वाले दलों को आनुपातिक प्रतिनिधित्व के आधार पर आवंटित की जाती हैं। नई सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को 265 सीट में से 133 सीट जीतनी होंगी।

### निराश नवाज शरीफ परिवार ने अपने गढ़ लाहौर से जीत हासिल की

**लाहौर।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल) पार्टी से शरीफ परिवार के चार सदस्य आम चुनावों में अपने गढ़ पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर से नेशनल असेंबली की सीटें जीतने में कामयाब रहे। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) को मतदान के बाद अपने निर्वाचन क्षेत्रों के नतीजे घोषित करने में 20 घंटे से अधिक का समय लगा। गुरुवार रात को प्रतिकूल नतीजों को देखकर निराश दिखाई दे रहे शरीफ परिवार को तब खुशी महसूस हुई जब ईसीपी ने लाहौर के चार निर्वाचन क्षेत्रों में उनकी जीत की घोषणा की। इन सीटों पर जेल में बंद प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित उम्मीदवार बड़े अंतर से आगे थे। पीएमएल-एन के सुप्रीमो और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ (74) ने एनए-130 सीट पर 172,000 से अधिक वोट हासिल कर जीत हासिल की, जबकि पीटीआई उम्मीदवार डॉ. यास्मीन राशिद को 113,000 से अधिक वोट मिले। नवाज की बेटी मरियम नवाज (50) ने एनए-119 सीट से 83,000 से अधिक वोट हासिल कर जीत हासिल की।

## आगामी लोस चुनाव में 97 करोड़ मतदाता करेंगे मतदानः ईसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बताया कि इस साल लोकसभा चुनाव में 97 करोड़ भारतीय मतदान करने के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि 18 से 29 साल की उम्र वाले दो करोड़ से ज्यादा युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किया गया है।

2019 से पंजीकृत मतदाताओं में छह फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। दुनिया के सबसे बड़े मतदाता वर्ग 96.88 करोड़ आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने के लिए तैयार हैं। पोल पैनल ने बताया कि लिंक अनुपात 2023 में 940 से बढ़कर 2024 में 948 हो गया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पुणे में एक संवाददाता सम्मेलन में राजनीतिक दलों की भागीदारी के साथ-साथ मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए विभिन्न कामों के बारे में जानकारी दी थी। महिला मतदाताओं की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। घर-घर जाकर जांच करने के बाद 1,65,76,654 मृतकों, स्थानांतरित और फर्जी मतदाताओं के नाम को सूची से हटा दिया गया है।

## प्रशांत क्षेत्र, प. एशिया समेत कई मुद्दों पर चर्चा : जयशंकर

**हिंद महासागर सम्मेलन**

**पर्थ, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी, भारत-प्रशांत क्षेत्र, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक विषयों पर चर्चा की। जयशंकर शुक्रवार से हिंद महासागर पर शुरू होने वाले दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलियाई शहर पर्थ में हैं।

जयशंकर श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री वोंग और अपने सिंगापुर के समकक्ष विवियन बालाकृष्णन के साथ सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। जयशंकर ने बैठक की कुछ तस्वीरों के साथ एक्स पर पोस्ट किया, आज पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री से मिलकर खुशी हुई। हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी और हिंद महासागर से

संबंधित मामलों पर अभिसरण पर अच्छा आदान-प्रदान हुआ। साथ ही इंडो-पैसिफिक, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक विषयों पर भी चर्चा की।

हिंद महासागर सम्मेलन' इस क्षेत्र के देशों के लिए एक प्रमुख परामर्शदात्री मंच है, जो विदेश मंत्रालय (एमईए) द्वारा इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सम्मेलन का सातवां संस्करण ऑस्ट्रेलियाई सरकार के विदेश मामलों और व्यापार विभाग के साथ-साथ सिंगापुर के एस राजरत्नम स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज और पर्थ-यूएस एशिया सेंटर के सहयोग से 9 और 10 फरवरी को पर्थ में आयोजित किया जा रहा है।

## अमेरिका बोला हिंद-प्रशांत में प्रमुख भागीदार है मालदीव

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने मालदीव को स्वतंत्र, खुला, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भागीदार बताया। साथ ही कहा कि वह द्वीपसमूह राष्ट्र के साथ सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

चीन समर्थक नेता माने जाने वाले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने के कुछ महीनों बाद, दक्षिण और मध्य एशिया के लिए अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने हाल ही में मालदीव का दौरा किया। माले में लू ने रक्षा सहयोग, आर्थिक विकास और लोकतांत्रिक शासन सहित साझा प्राथमिकताओं पर चर्चा करने के लिए मोहम्मद मुइज्जू और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की।

उन्होंने मालदीव में अमेरिकी दूतावास की स्थापना पर प्रगति पर भी चर्चा की। लू ने मालदीव में लोकतांत्रिक शासन और पारदर्शिता पर चर्चा के लिए सिविल सोसायटी के सदस्यों और उच्च शिक्षा अधिकारियों से भी मुलाकात की।

## एक नजर

### 14 फरवरी को अमेरिका की निजी कंपनी भेजेगी मून मिशन

**वाशिंगटन।** नासा और स्पेश एक्स की मदद से एक अमेरिकी कंपनी मिशन मून की तैयारी कर रही है। अमेरिकी कंपनी इंट्यूएटिव मशीन्स का लक्ष्य 14 फरवरी को स्पेसएक्स के फाल्कन 9 राकेट की मदद से लैंडर लांच करना है। यह नासा समर्थित कंपनी एस्ट्रोबायोटिक टेक्नोलाजी के चंद्र लैंडर के बाद सामने आई है। कंपनी पिछले महीने फ्यूल संबंधी समस्या की वजह से चंद्रमा तक अपने मिशन को पहुंचाने में कामयाब नहीं रही थी। ह्यूस्टन स्थित इंट्यूएटिव आइएम-1 चंद्र लैंडर फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से फाल्कन-9 राकेट से 14 फरवरी को 12 :57 बजे उड़ान भरेगा, जो इंट्यूएटिव मशीन्स के रोबोटिक नोवा-सी लैंडर ओडीसियस को भेजेगा। यदि सब कुछ ठीक रहा तो ओडीसियस 22 फरवरी को चंद्रमा की सतह पर उतरने वाला पहला निजी अंतरिक्ष यान बनकर इतिहास रच सकता है।

### यूएनः गुटेरेस ने शांति के लिए एकजुट होने का किया आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शांति के लिए एकजुट होने के प्रयासों का आह्वान किया है। गुटेरेस ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अपनी 2024 प्राथमिकताओं पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा यह आवश्यक है कि हम न्यायसंगत और शांति के लिए काम करें, लेकिन संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप शांति के लिए काम करें। उन्होंने कहा, कल, मैंने इस वर्ष और उससे आगे की प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए महासभा को संबोधित किया। यह एक लंबा और विस्तृत एजेंडा है, लेकिन विभिन्न चुनौतियां एक समान धागे से जुड़ी हुई हैं। इसके सभी आयामों में शांति की आवश्यकता है क्योंकि शांति वह बंधन है जो बांधता है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जोर देकर कहा कि यह राष्ट्रों के बीच गंभीर बातचीत, पुरानी संस्थाओं में सुधार और बहुपक्षीय शासन के प्रभावी, नवीनीकृत और समावेशी तंत्र के साथ बहुध्रुवीयता को अपनाने का आह्वान है।

### अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों पर फिर किए हवाई हमले

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने यमन के हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर फिर से हवाई हमले किए हैं। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने बताया कि अमेरिकी सैन्य बलों ने गुरुवार को विस्फोटकों से लदी उन चार ड्रोन नौकाओं और सात पोत रोधी क्रूज मिसाइल लॉन्चर को नष्ट कर दिया, जिनके द्वारा लाल सागर में पोतों को निशाना बनाए जाने की आशंका थी। सेंट्रल कमांड ने कहा, वे क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के पोतों और वाणिज्यिक पोतों के लिए खतरा थे। ये कदम नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करेंगे और अमेरिकी नौसेना एवं वाणिज्यिक पोतों के लिए अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्र को अधिक सुरक्षित बनाने में मदद करेंगे।

## असम-मिजोरम अंतरराज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने में हुए सहमत

**गुवाहटी, एजेंसी**

▸▸ मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और लालडुहोमा के बीच बैठक, 2021 में हुआ था भारी विवाद

मिजोरम और असम ने शुक्रवार को लंबे समय से चल रहे अंतर्राज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सहमति जताई है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मिजोरम के सीएम लालडुहोमा को आमंत्रित किया। बता दें कि लालडुहोमा फिलहाल गुवाहटी में ही मौजूद हैं।

बैठक में सीएम सरमा और लालडुहोमा ने दोनों पूर्वोत्तर राज्यों के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सामूहिक प्रयास पर सहमति जताई है। दोनों नेताओं ने सीमा पर शांति बरतने पर भी जोर दिया। मिजोरम के तीन जिले आइजोल, कोलासिब और ममित असम के कछार, कर्मगंज और हैलनकांडी जिलों के साथ 164.6 किमी सीमा साझा करते हैं। दोनों राज्यों के बीच लंबे समय से ही सीमा विवाद चल रहा है। मिजोरम का दावा है कि बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) 1873 के तहत 1875 में अधिसूचित इनर लाइन आरक्षित वन का 509 वर्ग मील क्षेत्र उनका है। वहीं दूसरी

तरफ असम 1933 को सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा तैयार किए गए मानचित्र में दिखाई गई सीमा को अपना क्षेत्र बता रहा है। इनर लाइन आरक्षित वन का एक बड़ा हिस्सा असम के अंतर्गत आता है। 1933 के सीमांकन के अनुसार क्षेत्र का एक निश्चित हिस्सा मिजोरम में पड़ता है। साल 2021 में असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद ने विशाल मोड़ ले लिया था, जब दोनों राज्यों के पुलिसबल ने सीमाओं पर गोलीबारी की थी। इस घटना में छह पुलिसकर्मी और एक असम के नागरिक की मौत हो गई थी।

**तापमान में वृद्धि...**

**शिमला :** हिमाचल के पहाड़ी हिस्सों में ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 14 फरवरी तक मौसम के साफ रहेगा। ऐसे में तापमान में अब वृद्धि होगी। 15 फरवरी के बाद हल्का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा हालांकि उसका भी ज्यादा असर नहीं है। शुक्रवार को तेज धूप के खिले रहने से अधिकतम तापमान में तीन से नौ डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान में सबसे अधिक वृद्धि कुल्लू के सेओबाग में 8.8, शिमला में 6.6, मनाली में 6.1, मंडी, हमीरपुर व बिलासपुर में चार से पांच डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। ● एजेंसी

## यूबीटी गुट के नेता की हत्या का एक आरोपी गिरफ्तार, जांच जारी

**मुंबई, एजेंसी**

▸▸ गुरुवार को पूर्व सभासद अभिषेक की फेसबुक लाइव में गोली मारकर की थी हत्या

मुंबई के उपनगर दहिसर में शिवसेना (यूबीटी) के पूर्व सभासद अभिषेक घोषालकर की गोली मारकर हत्या करने के मामले में मृतक हमलावर के साथी आरोपी को हिरासत में लिया गया है। मुंबई पुलिस ने बताया कि हमलावर से पूछताछ चल रही है और मामले की गहन जांच भी जारी है।

मुंबई पुलिस ने बताया मेहुल नाम के शख्स को हिरासत में लिया गया है, जिससे पूछताछ चल रही है। करीब 7 घंटे तक घटनास्थल की जांच के बाद पुलिस ने एक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और सीसीटीवी फुटेज बरामद किया गया है। मालूम हो कि इस मामले की जांच की जिम्मेदारी भी मुंबई क्राइम ब्रांच को दी गई है। घटना का एक वायरल वीडियो, जो गुरुवार शाम बोरीवली (पश्चिम) के उत्तरी उपनगर में आईसी कॉलोनी में हमलावर मौरिस नोरोन्हा के कार्यालय में हुआ। वहां घोसालकर को पेट और कंधे में गोली मारते देखा गया है। क्राइम ब्रांच की जांच कई पहलुओं पर केंद्रित होगी, जिसमें नोरोन्हा को हथियार कैसे मिला और उसे किसने मुहैया कराया, क्या वह नशे में था और घोसालकर पर गोलीबारी के समय मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ भी शामिल है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि देर रात मामला आगे की जांच के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच को स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता और जांच के दायरे को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। अधिकारी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की एक टीम ने भी स्थानीय पुलिस के साथ घटनास्थल का दौरा किया।

## गाजाः हमलों में 13 लोगों की मौत, अमेरिका बोला- इजराइल की कार्रवाई अविश्वसनीय

**वाशिंगटन, एजेंसी।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा हमास की संघर्ष शर्तों को अस्वीकार करने और दक्षिणी गाजा शहर में हमलों को बढ़ाने का संकल्प करने के बाद गाजा पट्टी के राफा में इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गाजा में इजराइल की कार्रवाई को अविश्वसनीय बताया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका संघर्ष विराम के लिए इजराइल और हमास पर लगातार दबाव डाल रहा है। बाइडन ने गुरुवार को कहा, 'जैसा कि आप जानते हैं, मेरा मानना है कि गाजा पट्टी में हो रही कार्रवाई चरम पर है। मिस्र से लगने वाली शहर राफा में गाजा की आधी आबादी आ गई है। मिस्र ने यहां कोई भी जवाबी कार्रवाई नहीं करने की चेतावनी दी है। कुवैती अस्पतालों के अनुसार, हमलों में दो महिलाओं और पांच बच्चों समेत कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है। इजराइल के चार महीनों से जारी हवाई और जमीनी हमलों में फिलिस्तीन के 27 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इजराइल के हमलों ने अधिकांश लोगों को उनके घरों को छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया।

**विज्ञान** सही मौके पर अंतरिक्ष में भेजा गया है आदित्य एल-1, सौर चक्र के अत्यधिक सौर सक्रियता सुलझने की संभावना

## गामा-किरण विकिरण की गुत्थी सुलझाएगा आदित्य एल-1

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों में उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण उत्सर्जन की गुत्थी अभी तक नही सुलझ पाई है। इस सौर चक्र के अत्यधिक सौर सक्रियता में इस पहेली के सुलझने की संभावना सौर वैज्ञानिक जता रहे हैं।

संभव है कि भारतीय सौर मिशन आदित्य एल-1 इस रहस्य से पर्दा उठा सके। दरअसल अंतिम सौर अधिकतम के दौरान सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों ने उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण सामान्य से कई गुना अधिक उत्सर्जित होने लगती है। नासा ने इस रहस्य का पता पिछले सौर चक्र के अधिकतम दौर के दौरान किया था। यह जानकरी फर्मी अंतरिक्ष दूरबीन से 2014 में पता चली थी।



सूर्य के साथ आदित्य एल 1 की तस्वीर।

ज्ञातव्य हो सूर्य की गामा किरणों सहित विद्युत चुम्बकीय विकिरण की सभी तरंग दैर्ध्य में चमकने के लिए जाना जाता है, लेकिन यह सौर सतह पर समान रूप से वितरित होना चाहिए।

मगर ऐसा नही होने से ध्रुवीय क्षेत्रों के उच्च गतिविधि का पता लगाने वाले वैज्ञानिक इस असंतुलन की व्याख्या नहीं कर सकते हैं।

इस रहस्य को समझने के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स एंड स्पेस साइंसेज के शोधकर्ता ब्रूनो अर्सिओली का कहना है कि चालू अधिकतम सौर चक्र में यह गुत्थी सुलझ सकती है। जान लीजिए नया सौर चक्र दिसंबर 2019 में शुरू हुआ था। जिसका अधिकतम सौर सक्रियता 20 25 तक रहेगी।

### वैज्ञानिक बोले- महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा भारतीय मिशन

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डॉ. वहाब उद्दीन का कहना है कि असामान्य उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण की गुत्थी को सुलझाने में इसरो का भारतीय मिशन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इन दिनों आदित्य एल-1 को ऐसे मौके पर लॉन्च किया गया है, जब वह सूर्य अपने अधिकतम सक्रियता के दौर से गुजरता है। इस दौरान सूर्य पर होने वाले विस्फोटों को देखा जा सकता है और धरती की ओर आने वाले चुम्बकीय तूफानों का आदित्य एल 1 बखूबी देख सकता है। कोरोना जैसी गुत्थी को सुलझा सकता है।

## आइलैंड में जीता चुनाव, राष्ट्रपति पद के करीब पहुंचे ट्रंप

**लास वेगास।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी में उम्मीदवारी की दौड़ में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को नेवादा और वर्जिन आइलैंड में भी जीत हासिल कर ली। नेवादा में उनकी प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली ने काकस के बजाय प्राइमरी चुनाव का विकल्प चुना था, इसलिए ट्रंप यहां इकलौते प्रमुख उम्मीदवार थे।

निक्की हेली रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप के सामने डटी हुई हैं। नेवादा में ट्रंप की जीत से उन्हें राज्य के सभी 26 डेलीगेट मिल गए। इस प्रकार वर्जिन आइलैंड से भी चार डेलीगेट हासिल कर लिए है। ट्रंप को 74 प्रतिशत तो निक्की को 26 प्रतिशत वोट मिले। औपचारिक रूप से पार्टी का नामांकन हासिल करने के लिए उन्हें 1,215 प्रतिनिधियों की आवश्यकता है और वह मार्च में इस संख्या तक पहुंच सकते हैं।